


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 26 मई, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-144

### गुलजार हाउस अग्निकांड सरकारी नाकामी का भद्दा उदाहरण

### घटना की जांच के लिए गठित समिति पर उठे गंभीर सवाल

# जो घटना के दोषी उन्हें ही कोतवाल बना दिया!

**यह पूरी तरह साबित हो चुका है** कि हैदराबाद का गुलजार हाउस अग्निकांड प्रदेश सरकार की नाकामी का नतीजा है। गुलजार हाउस अग्निकांड महज एक हादसा नहीं, बल्कि कम्प्लीट सिस्टम फेल्योर का बदनुमा उदाहरण है। नागरिकों की सुरक्षा के उपाय करने के बजाय तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार को झूठ परोसने और सुंदरियां बटोरने से फुर्सत नहीं है। अग्निकांड में आठ बच्चों समेत 17 लोगों की नृशंस मौत के जिम्मेदार स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्स एंड फायर सर्विस और अन्य संबद्ध विभाग हैं। लेकिन यही खुद मुख्तार बने बैठे हैं।

अग्निकांड की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने जो उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की उसने घटना के जिम्मेदार अधिकारियों और विभागों से अब तक कोई सवाल नहीं पूछे हैं। जांच समिति में ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएम) के आयुक्त आरवी कर्णन, हैदराबाद के कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी, हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद, अग्निशमन सेवा के महानिदेशक नागी रेड्डी, हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (एचवाईडीआरएए) के आयुक्त एवी रंगनाथ और तेलंगाना दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजएसपीडीसीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुशर्रफ अली फारूकी शामिल हैं। जांच समिति देख कर आपको चोर बने कोतवाल... वाली पुरानी कहावत याद आएगी। तेलंगाना स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्स एंड फायर सर्विसेज के महानिदेशक नागी रेड्डी भी जांच समिति के सदस्य हैं। नागी रेड्डी का विभाग 17 मासूम लोगों की आग में झुलसने से हुई मौत के लिए जिम्मेदार है। लेकिन सरकार ने न केवल रेड्डी को जांच समिति का सदस्य बनाया, बल्कि नागी रेड्डी सरकार के प्रवक्ता बने यत्र-तत्र-सर्वत्र मीडिया को संबोधित करते फिर रहे हैं। तेलंगाना स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्स एंड फायर सर्विस विभाग ने ही गुलजार हाउस को एनओसी प्रदान की थी और आज उस बिल्डिंग के संकरा होने के तमाम बहाने बना रहे हैं। गुलजार हाउस अग्निकांड के लिए फायर सर्विस विभाग के अलावा ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएम), हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (एचवाईडीआरएए)

और तेलंगाना दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजीएसपीडीसीएल) जिम्मेदार हैं। लेकिन विडंबना यह है कि रेवंत रेड्डी सरकार ने इन्हीं दोषी विभागों के शीर्ष अधिकारियों को जांच समिति का सदस्य बना दिया है। आप आसानी से समझ सकते हैं कि यह समिति अग्निकांड की जांच के लिए गठित की गई या लीपापोती के लिए।

गुलजार हाउस अग्निकांड जैसी जघन्य घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच होती तो उक्त सभी विभागों के अधिकारी कठघरे में होते। निष्पक्ष जांच होती तो नागी रेड्डी से पूछा जाता कि इतनी भयानक आग बुझाने के लिए महज 11 फायर टेंडर ही क्यों भेजे गए थे? पानी खर्च होने पर कितने फायर

**शुभ-लाभ संवेदना**



### आधिकारिक आंकड़े ही खोलते हैं सरकारी नाकारेपन की पोल

टेंडर मौके से हटे और कितने नए फायर टेंडर पानी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे? गुलजार हाउस में पहुंच के रास्ते अत्यंत संकरे थे और अग्निशमन सेवा में बाधा पहुंचा रहे थे, तो इतनी खतरनाक स्थितियों के बावजूद गुलजार हाउस को एनओसी कैसे दे दी गई थी? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आग बुझाने में लगे अधिकांश फायरमैन के पास मास्क क्यों नहीं था? अग्निशमन वाहनों में पानी क्यों नहीं था? ऐसी ही गंभीर सवाल ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएम), हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (एचवाईडीआरएए) एवं तेलंगाना दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजीएसपीडीसीएल) अधिकारियों से पूछा जाना चाहिए।

क्या जांच समिति ने फायर सर्विसेज के शीर्ष अधिकारी (जो खुद ही जांच समिति में शामिल हैं) से पूछने की हिमाकत की है कि गुलजार हाउस जैसे भीषण अग्निकांड का मुकाबला करने के लिए फायर फाइटर रोबोट मौके पर क्यों नहीं भेजे गए थे? फायर फाइटर रोबोट क्या सजावट के लिए नागरिकों के टैक्स के पैसे से खरीदे गए थे? क्या रोबोट के अचार नागी रेड्डी की थाली में परोसे जाते हैं? जांच समिति की तो बात छोड़िए, प्रदेश सरकार को नागी रेड्डी से यह पूछना चाहिए या खुद ही जनता के सामने आकर इसका जवाब देना चाहिए कि फायर सर्विसेज जैसे संवेदनशील महकमे में फायरमैन के 551 महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां क्यों नहीं की गईं? विभाग के पास केवल पांच ही वाटर लॉरी यानि बैकअप वाटर कैरियर क्यों हैं? 30 फायर स्टेशन अफसरों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही? 90 ड्राइवर ऑपरेटर भर्ती क्यों नहीं किए गए? 24 जूनियर फायर असिस्टेंट की नियुक्ति क्यों नहीं की गई? विभाग में ऐसे कई महत्वपूर्ण कामों के लिए भर्तियां नहीं की जा रही हैं, लेकिन उस विभाग का शीर्ष अधिकारी भाषण देता रहता है। फायर सर्विस विभाग का खोखलापन साबित करने वाला यह आधिकारिक आंकड़ा पूरे तेलंगाना प्रदेश का है। आप समझ सकते हैं कि इसमें अकेले हैदराबाद के लोग किस संकुचित सुरक्षा व्यवस्था में जीने के लिए अभिशप्त हैं। जैसा आपको कल भी बताया कि हैदराबाद में आग लगने की घटनाएं चिंताजनक रूप से आम हो गई हैं, हर दिन औसतन आधा दर्जन घटनाएं दर्ज होती हैं। पिछले चार साल में हैदराबाद शहर में आग लगने की घटनाओं में तकरीबन सौ लोगों की जान जा चुकी है। गुलजार हाउस अग्निकांड तो इस कालखंड की सबसे घातक और मर्मांतक घटना है। हैदराबाद में जो भी अग्निकांड हुए उनमें ज्यादातर घातक आग ऐसी इमारतों में लगी, जहां व्यावसायिक प्रतिष्ठान और आवासीय परिसर एक साथ मौजूद थे। इससे गंभीर सुरक्षा खामियां उजागर होती रही हैं। लेकिन फायर ब्रिगेड, जीएचएमसी, ईवीडीएम, हाइड्रा और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए, सोए रहे या अपनी प्राथमिकता वाले कामों में लगे रहे।

हाल के वर्षों में आग लगने की जो घटनाएं घटीं, उससे नागरिक सुरक्षा के लिए बने महकमों को सचेत हो जाना चाहिए था। क्यों नहीं हुए? अधिकारी क्या आम नागरिकों को मौत का ही सामान मानते हैं? एक मार्च 2025 को पुप्पलागुडा के एक अपार्टमेंट में लगी आग में तीन लोगों की मौत हो गई। कई निवासी तीसरी मंजिल से कूदकर बचे। 13 नवंबर 2023 को नामपल्ली के बाजारघाट में आग लगने से नौ लोग मारे गए। तहखाने में लगी आग संग्रहीत रासायनिक डिब्बों के कारण और भी भड़क गई। क्या प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं गया और क्या इसका एहतियाती बंदोबस्त नहीं किया जा सकता था, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न घटे? 17 अप्रैल 2023 को मेडचल जिले के कुशाईगुडा साईनगर में आग लगने से एक दंपति और पांच साल के बच्चे की मौत हो गई थी।

▶10 पर

### मन की बात में देश की बात बोले प्रधानमंत्री मोदी

# आतंकवाद खत्म करना हमारा संकल्प

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में आज देश की बात की। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद खत्म करना हमारा दृढ़ संकल्प है। पाकिस्तान के खिलाफ किया गया ऑपरेशन सिंदूर इसी संकल्प का परिणाम है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक को भी संबोधित किया और बिहार चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा, आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और




उसमें शामिल थी भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई।

### एनडीए की बैठक में भी शामिल हुए पीएम मोदी

हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे। सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है।

दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में सभी साथी दलों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव भी पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए का सीएम कॉन्क्लेव हुआ। इस कॉन्क्लेव में दो प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जातिगत जनगणना पर भी चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई।

▶10 पर

### सुरक्षा परिषद में भारत ने पाक की नापाक हरकतें गिनाईं

# चार दशक में मारे गए 20 हजार भारतीय

**न्यूयॉर्क, 25 मई (एजेंसियां)।**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वथानेनी हरीश ने सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में पाकिस्तान के दुस्साहसों को उजागर किया। उन्होंने उकसावे वाली कार्रवाइयों को लेकर पाकिस्तान की पोल पूरी दुनिया के सामने खोली और आम नागरिकों को निशाना बनाने की कायराना हरकत के लिए पड़ोसी को जमकर फटकार लगाई। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले बाद भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता खारिज कर दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। वह संयुक्त राष्ट्र में सिंधु जल समझौते को लेकर झूठ फैला रहा था, लेकिन भारत ने वहां भी उसे बेनकाब कर दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने दो टूक कह दिया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार से आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करेगा, संधि स्थगित रहेगी।

सिंधु जल संधि के खत्म होने से अकाल झेल रहे पाकिस्तान में पानी की जबरदस्त किल्लत है। वह लगातार वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को भुनाने की कोशिशें भी कर रहा है। अपनी इसी कोशिश में उसने संयुक्त राष्ट्र में मानवता की बीन बजाते हुए कहा कि जल जीवन है, युद्ध का हथियार नहीं। पाकिस्तान के इस बयान पर भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश ने पाकिस्तान के पाप गिनाए।



### पाकिस्तान की आतंकी करतूतें जारी रहीं तो जल संधि भूल जाए

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके इस संधि की भावना को बार-बार तोड़ा है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि नदी के ऊपरी तट पर स्थित देश होने के बाद भी हमने सदा जिम्मेदाराना तरीके से ही व्यवहार किया है। यूएनएससी की बैठक को संबोधित करते हुए हरीश ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार को चार प्वाइंट्स में काउंटर किया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में किए गए आतंकी हमले के बाद हमने इस संधि को निलंबित किया।

▶10 पर

## खतरनाक रसायन से लदा कार्गो जहाज समुद्र में डूबा

### भारतीय तटरक्षकों और नौसेना ने 24 लोगों को बचाया

**कोच्ची, 25 मई (एजेंसियां)।**



केरल तट पर लाइबेरियाई ध्वज वाला मालवाहक जहाज (एमएससी एल्सा-3) समुद्र में डूब गया। मालवाहक जहाज विझिंगम बंदरगाह से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था, लेकिन कुछ ही घंटों में यह बीच समुद्र में 26 डिग्री तक झुक गया और इसके 640 कंटेनर समुद्र में गिरने लगे। इनमें से 13 कंटेनरों में खतरनाक रसायन थे। इनमें 12 कंटेनरों में कैल्शियम कार्बाइड था।

भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने मिलकर बचाव अभियान चलाया और जहाज पर सवार सभी 24 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। चालक दल में फिलीपींस, रूस, यूक्रेन और जॉर्जिया के नागरिक शामिल हैं। चालक दल के तीन सदस्यों को आईएनएस सुजाता ने बचाया। जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल भी था, लेकिन फिलहाल किसी तेल रिसाव की पुष्टि नहीं हुई है। तटरक्षक बल ने संभावित प्रदूषण से निपटने की तैयारी कर ली है और तेल रिसाव मैपिंग तकनीक की मदद से स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

## इजराइल से मिला यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर का ऑर्डर

### भारत की रक्षा कंपनी नाइब लिमिटेड से 150 करोड़ का सौदा

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।**




रक्षा क्षेत्र में भारत की कंपनियों का डंका बज रहा है। खासतौर पर जब से ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है, उसके बाद से स्वदेशी कंपनियों की चर्चा काफी हो रही है। इसी क्रम में हाल ही में इजराइल और भारत की रक्षा कंपनी नाइब लिमिटेड के बीच 150 करोड़ रुपए की डील हुई है। इसके तहत अब भारतीय कंपनी इजराइली कंपनी को यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चरों की सप्लाई करेगी। यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर दरअसल अत्याधुनिक तकनीक है, जिसके इस्तेमाल से 300 किलोमीटर की दूरी तक वार किया जा सकता है। यूनिवर्सल रॉकेट मौजूदा रॉकेट लॉन्चरों से बेहतर और अपनी श्रेणी में सर्वोत्कृष्ट माने जाते हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है इस तकनीक को विदेश के लिए बनाया जा रहा है। अपने करार को लेकर कंपनी ने एक बयान में कहा है कि इजराइली कंपनी के साथ हुए करार से आत्मनिर्भर भारत के सपने और

▶10 पर

## भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

### भारत जापान से आगे निकला, तीसरे नंबर का लक्ष्य

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।**



नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी इसकी पुष्टि की है। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने देश की अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा, हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। यह आईएमएफ का आंकड़ा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सुब्रमण्यम ने कहा, भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है।

▶10 पर



# गाजा में इजराइली हमलों में एक डॉक्टर के 9 बच्चों की मौत, 24 घंटे में 79 लोगों के शव अस्पताल पहुंचे

**काहिरा, 25 मई (एजेंसियां) ।**

**गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इजराइल के हालिया हवाई हमलों में पिछले 24 घंटों के भीतर कम से कम 79 लोगों के शव अस्पतालों में लाए गए हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह आंकड़ा उत्तरी गाजा के उन अस्पतालों को शामिल नहीं करता, जो अब पूरी तरह पहुंच से बाहर हो चुके हैं।**

इन मृतकों में सबसे दर्दनाक घटना दक्षिणी शहर खान यूनुस में सामने आई, जहां नासिर अस्पताल में कार्यरत बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलाअ नज्जार के 10 में से 9 बच्चों की मौत हो गई।

अस्पताल के बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर अहमद अल-फर्रा ने बताया कि हमले के वक्त डॉक्टर नज्जार अस्पताल में ड्यूटी पर थीं और सूचना मिलते ही घर दौड़ीं, जहां उन्होंने अपने घर को आग की लपटों में घिरा पाया।

डॉक्टर नज्जार के पति गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि उनका इकलौता जीवित बच्चा (11 वर्षीय बेटा) गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। मृत बच्चों की उम्र सात महीने से लेकर 12 वर्ष के बीच बताई गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता खलील अल-दुक्रान ने बताया कि दो बच्चों के शव अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

इजराइली सेना ने इस हमले के संबंध में बयान जारी कर कहा कि उन्होंने अपने सैनिकों के पास स्थित एक इमारत से सक्रिय संदिग्धों को निशाना बनाया। सेना ने खान यूनुस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र करार देते हुए दावा किया कि उन्होंने नागरिकों को पहले ही वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों के हताहत होने के दावे की समीक्षा की जा रही है।

शनिवार को जारी एक अन्य बयान में इजराइली वायुसेना ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों में गाजा में 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 07 अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के बाद शुरू हुए इस युद्ध में अब तक 53,901 लोग मारे जा चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत से मात खाए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रविवार से चार देशों की यात्रा पर



**इस्लामाबाद।** आपरेशन सिंदूर में बुरी तरह से मात खाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ , रविवार से चार देशों की यात्रा पर जाएंगे । वह उन देशों के सामने भारत द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत किए गए हमलों का ब्यौरा देंगे, साथ ही पाकिस्तान का भी पक्ष रखेंगे। आपरेशन सिंदूर में भारी तबाही झेलने के बाद पाकिस्तान काफी बैचेन है। उधर भारत ने तमाम देशों में अपने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेज कर पाकिस्तान की करतूतों का खुलासा कर रहा है। इसके जवाब में पहले तो पाकिस्तान ने भी अपने प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का फैसला लिया था। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी चार देशों की यात्रा पर जा रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया को शहबाज शरीफ रविवार को चार देशों की यात्रा पर रवाना होंगे। वह तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। शहबाज शरीफ वहां पर भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए हमले समेत तमाम मुद्दों पर अपना पक्ष रखेंगे। इसके साथ ही वह 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

### आपरेशन सिंदूर से भयभीत पाकिस्तान बढ़ाएगा अपना रक्षा बजट



**इस्लामाबाद।** आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमलों से भयभीत पाकिस्तान अब अपने रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी करेगा। पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसन इकबाल ने कहा कि पाकिस्तान की रक्षा के लिए रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी जरूरी है। योजना मंत्री इकबाल ने कहा है कि यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट में रक्षा बजट में भारी बढ़ोत्तरी की जाए। इससे सेना जरूरी साजो-सामान खरीद सके, जिनकी उन्हें जरूरत है। भारत का बिना नाम लिए उन्होंने शनिवार को इस्लामाबाद में कहा कि हमारा पड़ौसी काफी खतरनाक है, जिसने रात के अंधेरे में पाकिस्तान पर हमला किया। हमें तैयार रहना होगा कि यदि दोबारा हमला हुआ तो उसका माकूल जवाब दिया जा सके । पाकिस्तान का बजट दस जून को पेश किया जा सकता है ।गौरतलब है कि बीते दिनों आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर हवाई हमले करके उसके तमाम आतंकी लांच पैड तबाह कर दिए, वहीं 11 एयरबेस को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया था।

### राजतंत्र की समाप्ति के 19 साल बाद ज्ञानेन्द्र शाह ने किया राजदरबार में प्रवेश

**काठमांडू।** नेपाल में राजतंत्र के खात्मे के बाद शनिवार को पहली बार पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने राजदरबार में प्रवेश किया। पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह अपने परिवार के साथ 19 साल बाद राजदरबार पहुंचे। उन्होंने महल में परिवार के साथ पूर्जा अर्चना भी की।



जिस राजमहल में रहकर पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने वर्षों तक देश पर शासन किया, उस नारायणहिटी राजदरबार में 19 सालों के बाद अपनी पत्नी कोमल शाह, अपने पोते हृदयेन्द्र शाह और अन्य सदस्यों के साथ प्रवेश किया। उन्होंने अपने परिवार के साथ राजदरबार के भीतर बने चतुर्व्युह नारायण मंदिर में जाकर विधिवत पूजा की। इस अवसर पर राजपुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक पूजा कराई। इस दौरान पूर्व राज परिवार के सदस्य राजदरबार के मुख्य भवन तक नहीं गए, जहां रह कर वह अपना शासन चलाया करते थे। हालांकि राजदरबार परिसर में रह रहीं अपनी मां रत्न राज्य लक्ष्मी देवी शाह से ज्ञानेन्द्र शाह ने मुलाकात की। इस मौके पर मौजूद डा. जगमान गुरूंग ने बताया कि 29 मई से शुरू हो रहे राजसंस्था समर्थकों के आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ही पूर्व राजा को राजदरबार के स्थापित करना है। उससे पहले पूर्व राजपरिवार के सदस्यों का राजदरबार में जाना एक शुभ संकेत है।

## ट्रम्प ने न्यूक्लियर एनर्जी का प्रोडक्शन बढ़ाने का दिया आदेश

# अगले 25 साल में 300 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य , बंद प्लांट्स फिर शुरू किए जाएंगे

**वॉशिंगटन, 25 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देश में न्यूक्लियर एनर्जी (परमाणु ऊर्जा) का प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए आदेश दिए हैं। उन्होंने इसे अगले 25 साल में 300 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में इससे जुड़े आदेश पर साइन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब वक्त न्यूक्लियर एनर्जी का है और हम इसका प्रोडक्शन बड़े पैमाने पर करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कुल चार आदेशों पर साइन किए। इनमें परमाणु रिएक्टरों की मंजूरी की प्रक्रिया को तेज करना, न्यूक्लियर रेगुलेटरी कमीशन में सुधार करना, 4 जुलाई 2026 तक तीन रिएक्टर चालू करना और इस तकनीक के औद्योगिक आधार में निवेश को बढ़ाना शामिल है।

**बंद पड़े प्लांट्स दोबारा शुरू किए जाएंगे** - ट्रम्प ने अपने आदेश में ऊर्जा और रक्षा विभाग को बंद पड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को दोबारा शुरू करने के लिए कहा है। साथ ही संघीय सरकार की जमीन पर नए रिएक्टर बनाने की संभावनाएं तलाशने के लिए कहा है। इनमें अमेरिका के सैन्य ठिकाने भी शामिल होंगे। अमेरिकी बिजली की खपत के मामले में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। 2023 में अमेरिका में कुल 4200 टेरावॉट-ऑवर बिजली की खपत की। वर्तमान में अमेरिका की कुल बिजली का 19 प्रतिशत हिस्सा परमाणु ऊर्जा से आता है। यह 2023 में 775 टेरावॉट-ऑवर था। अगर ट्रम्प का प्लान सफल होता है तो देश की एक तिहाई बिजली परमाणु ऊर्जा से पैदा होगी। अमेरिका में कुल सक्रिय न्यूक्लियर पावर प्लांट हैं, जिनमें 94 रिएक्टर काम कर रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा रिएक्टर इलिनॉय राज्य में हैं। इनकी संख्या 11 है। पिछले कुछ सालों में प्राकृतिक गैस और रिन्युएबल एनर्जी जैसे सस्ते विकल्प के चलते कुछ रिएक्टर को बंद किया गया है।

**परमाणु नियामक आयोग को कमजोर का आरोप** - ट्रम्प पर परमाणु नियामक आयोग की कमजोर करने का आरोप लग रहा है। अपने आदेश में ट्रम्प ने परमाणु नियामक आयोग की भूमिका को सीमित करते हुए ऊर्जा सचिव को नई परियोजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार दिया है। बराक ओबामा के समय परमाणु नियामक आयोग प्रमुख ग्रेगोरी जैजको ने कहा कि यह ऐसा लगता है जैसे किसी ने एआई से पूछा हो कि अमेरिका की परमाणु नीति को कैसे बर्बाद करें। परमाणु नियामक आयोग की सख्त निगरानी को कमजोर करने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।



### परमाणु विकिरण के कारण पाकिस्तानी मंत्री फवाद चौधरी बीमार



**कराची।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पूर्व पाकिस्तानी मंत्री फवाद चौधरी का वीडियो खूब शेयर किया जा रहा था, जिसमें दावा किया गया था कि परमाणु विकिरण के कारण चौधरी बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दावे की जांच की और पाया कि यह दावा झूठा था लेकिन ये खबरे काफी ज्यादा फैल गई थी कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार भारत द्वारा किए गये हमले में नष्ट हो गए हैं। अब पाकिस्तान ने भी इस पर अपनी सफाई दी है। पाकिस्तान ने कहा कि उसकी कमान और नियंत्रण संरचना मजबूत है। विदेश कार्यालय ने कहा कि देश अपनी ''परमाणु संरचना की सुरक्षा'' को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में विदेश कार्यालय ने कहा, ''पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों की सुरक्षा और अपने कमान तथा नियंत्रण ढांचे की मजबूती को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। विदेश कार्यालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के परमाणु शस्त्रागार के बारे में अधिक चिंतित होना चाहिए और आरोप लगाया कि ''भारत के राजनीतिक परिदृश्य, मीडिया और उसके समाज के कुछ हिस्सों में बढ़ती कट्टरता, वैध परमाणु सुरक्षा चिंताओं को जन्म देती है।

# वकील की भूमिका निभा चैटजीपीटी ने दिलाया 2.1 लाख रुपए का रिफंड




**न्यूयॉर्क,25 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के कोलंबिया राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चैटजीपीटी ने एक व्यक्ति के लिए वकील की भूमिका निभाते हुए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की और उसे 2,500 डॉलर (करीब 2.1 लाख रुपए) का रिफंड दिलवाया। मेडेलिन नामक व्यक्ति ने बिना कैंसिलेशन इंश्योरेंस के ट्रैवल वेबसाइट एक्सपीडिया से होटल और फ्लाइट बुक की थी। लेकिन जनरलाइज्ड एंग्जायटी डिसऑर्डर (जीएडी) नामक मानसिक स्वास्थ्य समस्या के चलते उसे यात्रा रद्द करनी पड़ी। डॉक्टर का प्रमाण पत्र होने के बावजूद होटल और एयरलाइन ने रिफंड से इनकार कर दिया। ऐसे में मेडेलिन ने चैटजीपीटी की मदद ली। एआई ने एक्सपीडिया की नीतियों का विश्लेषण कर एक कानूनी भाषा में पत्र तैयार किया, जिसमें चिकित्सा कारणों को अपवाद मानते हुए रिफंड की मांग की गई। चैटजीपीटी द्वारा तैयार किए गए इस पत्र के प्रभाव से होटल ने अपना निर्णय बदला और पूरे रिफंड पर सहमति दे दी।

**एयरलाइन भी झुकी चैटजीपीटी के तर्कों के आगे** - हालांकि एयरलाइन शुरुआत में अड़ी रही। उसकी नीति के अनुसार केवल गंभीर बीमारी या मृत्यु की स्थिति में रिफंड का प्रावधान था, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नहीं। इस पर चैटजीपीटी ने एक दूसरा तर्कपूर्ण पत्र तैयार किया, जिसमें कहा गया कि मानसिक बीमारी को रिफंड न देने का आधार बनाना भेदभावपूर्ण है। पत्र में बताया गया कि ऐसी स्थिति में हवाई यात्रा करना यात्री की सेहत के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। इन तर्कों के आगे एयरलाइन भी झुक गई और केवल एक घंटे में रिफंड देने की सहमति दे दी। मेडेलिन ने बताया कि अगर चैटजीपीटी की मदद न ली होती, तो उसे किसी पैरा-लीगल की सेवाएं लेनी पड़तीं, जिसका खर्च कहीं अधिक होता। चैटजीपीटी ने पेश की जिम्मेदार एआई की मिसाल इस मामले में चैटजीपीटी ने बिना किसी झूठ या बहाने के, तथ्य और शोध आधारित तर्क देकर सहायता की।

### बगीचे में अचानक घुसा 135 मीटर लंबा कंटेनर जहाज



नॉर्वे का एक व्यक्ति उस समय बाल-बाल बच गया जब अचानक एक कंटेनर जहाज दीवार तोड़ता हुआ उसके बगीचे में आ गया जबकि वह कुछ ही मीटर की दूरी पर अपने बेडरूम में सो रहा था। यह घटना ट्रॉनहेम शहर के पास बायनेसेट में उस समय घटी जब जोहान हेलबर्ग सो रहे थे। उनके बगीचे में अचानक 135 मीटर लंबा, साइप्रस के झंडे वाला मालवाहक जहाज 'एनसीएल साल्टेन' घुस गया। रिपोर्ट के मुताबिक, कंटेनर जहाज पर 16 लोग सवार थे और यह ट्रॉनहेम फजॉर्ड से होते हुए दक्षिण-पश्चिम में ओरकांगर की ओर जा रहा था, तभी यह रास्ता भटक गया। नार्वे पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हेलबर्ग के पड़ोसी जोस्टीन जोर्गेनसन ने कहा कि वह जहाज की आवाज से जग गए थे, क्योंकि यह पूरी गति से हेलबर्ग के घर और जमीन की ओर बढ़ रहा था।

# जापान में भारत ने आतंकवाद पर रखी अपनी बात

**टोक्यो, 25 मई (एजेंसियां) ।**

**जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय दूतावास (इंडिया हाउस) में जापान के राजनीतिक, सरकारी और शैक्षणिक क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य सहिष्णुता) नीति की जानकारी दी और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व को उजागर किया। यह दौरा भारत के वैश्विक कूटनीतिक अभियान का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामने लाया जा रहा है।**



इस प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी और बृज लाल, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) के राज्यसभा सांसद जॉन बरिटास और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल थे। ये सभी सांसद ऑपरेशन सिंदूर को भारत की 'नई सामान्य' नीति का प्रतीक बता रहे हैं, जिसमें भारत किसी भी आतंकवादी हमले का दृढ़ और तीव्र जवाब देने की नीति पर चल रहा है।

टोक्यो में प्रेस वार्ता के दौरान सांसदों ने जापानी मीडिया को बताया कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करता और सभी दल राष्ट्रीय हित के मामलों में एकजुट हैं। इंडिया हाउस में आयोजित रात्रिभोज के दौरान भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जापान के राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा हुई, जिसमें भारत के एकीकृत और स्पष्ट रुख को सामने रखा गया।

भारतीय सांसदों ने जापान-भारत संसदीय मैत्री लीग के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इस बैठक में लीग के अध्यक्ष यासुतोशी निशिमुरा ने भारत के संकल्प को समर्थन दिया और आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के साझा नजरिए को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल ने जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से भी भेंट की, जिन्होंने भारत के साथ एकजुटता जताई। इस दौरे के जरिए भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह सीमापार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगा और वैश्विक समुदाय से भी इसी तरह की एकजुटता की अपेक्षा करता है।

# ट्रंप की एप्पल सहित कई टेक कंपनियों को धमकी, उत्पादन अमेरिका में करे वरना

**वॉशिंगटन, 25 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर ट्रेड वॉर की अटकलों को हवा दी है। उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से सभी आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ और अमेरिका में ना बनने वाले सभी स्मार्टफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। जिसमें एप्पल का आईफोन भी शामिल है। उनके बयान ने वैश्विक बाजारों में हड़कंप मचा दिया है। अपने बयान में ट्रंप ने ईयू पर निशाना साधा और कहा, व्यापार वार्ताएं ठप हो गई हैं। उनके साथ हमारी चर्चाएं किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही हैं।



ट्रंप ने एप्पल को चेतावनी भी दी कि आईफोन का उत्पादन घरेलू स्तर पर ही करना होगा। वरना एप्पल को नए टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने एप्पल के सीईओ टिम कुक को बहुत पहले बता दिया था कि उत्पादन अमेरिका में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे भारत में प्लांट बनाने के लिए जा रहे हैं। मैंने कहा कि भारत जाना ठीक है, लेकिन आप टैरिफ के बिना फोन नहीं बेच सकते है। अगर वे आईफोन को अमेरिका बेचने जा रहे हैं, तब मैं चाहता हूं कि इसे अमेरिका में ही बनाया जाए।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में आईफोन बनाने से कीमतों में सैकड़ों से हजारों डॉलर की बढ़ोतरी होगी। बाद में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि स्मार्टफोन टैरिफ मोटे तौर पर एप्पल, सैमसंग और किसी भी विदेशी फोन पर लगाए जाएंगे जो जून के अंत तक लगाए जा सकते हैं। पिछले साल यूरोपीय संघ ने अमेरिका को 500 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया, इसमें जर्मनी, आयरलैंड और इटली सबसे आगे रहे।

### जर्मनी में हैम्बर्ग शहर में चाकू से किया गया हमला, कई लोग घायल




**हैम्बर्ग।** जर्मनी में हैम्बर्ग शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर चाकू से किए गए हमले में कई लोग घायल हुए, जिसमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। कुछ वीडियो में हमले के सिलसिले में पुलिस द्वारा एक महिला को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने कथित तौर पर प्लेटफार्म पर ट्रैक 13 और 14 के बीच लोगों को चाकू से निशाना बनाया। इस हमले में तीन पीड़ितों की हालत गंभीर है, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, और छह को मामूली चोटें आई हैं। अधिकारियों ने बताया कि हमले का अभी तक मकसद का पता नहीं लगाया है। हैम्बर्ग पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति ने मुख्य ट्रेन स्टेशन पर चाकू से कई लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि 39 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है और माना जा रहा है कि उसने घटना को अंजाम दिया है। हालांकि, हमले के पीछे के मकसद की तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। जर्मनी में हाल के महीनों में कई हिंसक घटनाएं हुई हैं, जिसमें चाकू घोंपने की घटनाएं भी शामिल हैं। बिलेफेल्ड के एक बार में चाकू घोंपने की घटना में चार लोग घायल हो गए।

# भविष्य में पाकिस्तान का कोई भी दुस्साहस उसके विनाश का कारण बनेगा: सिन्हा




**जम्मू, 25 मई (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को सशस्त्र बलों की वीरता का उल्लेख करते हुए प्रदेश को आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त करने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

श्री सिन्हा ने यहां अखिल जम्मू-कश्मीर जाट सभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है। अगर वह भविष्य में किसी तरह का दुस्साहस करता है , तो हमारे सशस्त्र बल इस आतंकवादी देश को नष्ट करना सुनिश्चित करेंगे। मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि सशस्त्र आतंकवादियों और उनके समर्थकों और सहानुभूति रखने वालों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। उनके कार्यों का समान दंड दिया जाएगा।

उन्होंने बहादुर जाट समुदाय और समाज के सभी वर्गों से अपने संकल्प को मजबूत करने और हमारी शांति और सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाने वाली विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की अपील की।

उन्होंने कहा, इस चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की आपकी जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।जाट समुदाय के पास वीरता, साहस और बलिदान की समृद्ध विरासत है। जाट समुदाय की एक महत्वपूर्ण आबादी हमारी सीमाओं के पास रहती है, जो उन्हें देश की पहली रक्षा पंक्ति बनाती है। मुझे गर्व है कि मातृभूमि के प्रति आपकी भक्ति ने समाज में राष्ट्रवाद की भावना को गहरा किया है।

उपराज्यपाल ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और पाकिस्तान द्वारा अकारण गोलाबारी के कारण मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्रभावित परिवारों के उचित पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने समाज को विभाजित करने की कोशिश कर रहे विभाजनकारी तत्वों से खतरे को पहचानने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें अपनी विविधता का जश्न मनाना चाहिए और विरोधी के नापाक इरादों को हराने के लिए एकता को बढ़ावा देना चाहिए। हमारे बहादुर सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ वीरता की एक नयी गाथा लिखी है।

श्री सिन्हा ने कहा, अब हमारा पवित्र कार्य है कि हम एकीकृत और विकसित भारत के सपने को हकीकत में बदलें और एक शक्तिशाली राष्ट्र का सपना संजोए हमारे वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

उन्होंने प्रदेश में समानता के युग की शुरुआत करने और हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने जाट समुदाय के कल्याण और समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

## शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में आतंकवाद से लड़ने के भारतीय संकल्प को दोहराया

**न्यूयॉर्क, 25 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख थिंक टैंक, अकादमिक नेताओं और मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी। इस बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने दृढ़ता के साथ भारत के आतंकवाद से लड़ने के संकल्प को रेखांकित किया।

इसकी पुष्टि न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर की।

वाणिज्य दूतावास के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शशि थरूर के नेतृत्व में राजनयिक आउटरीच यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।



भारतीय प्रतिनिधियों ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता और एकीकृत राष्ट्रीय संकल्प का दृढ़ संदेश दिया और आतंकवाद का मुकाबला करने, इसके नेटवर्क को समाप्त करने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय तंत्र की वकालत की। इसके साथ ही भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 9/11 के आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिनिधिमंडल के बयान में कहा गया है कि, एकजुटता के प्रतीक रूप में 'राष्ट्रीय सितंबर 11 स्मारक और संग्रहालय' का दौरा किया गया और 9/11 हमलों में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से पीड़ितों के साथ एकजुट है।

यह यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की व्यापक कूटनीतिक वैश्विक पहुंच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आतंकवाद से उत्पन्न जटिल और उभरते खतरों से निपटने के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय देशों के बीच आम सहमति बनाना है।

शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शांभवी चौधरी (लोक जनशक्ति पार्टी), सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जीएम हरीश बलयागी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भाजपा), तेजस्वी सूर्या (भाजपा), भुवनेश्वर के लता (भाजपा), मिलिंद देवरा (शिव-सेना) और अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू शामिल हैं।

## कांग्रेस ने मप्र, हरियाणा में जिला अध्यक्षों के चयन के लिए पर्यवेक्षक बनाए

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों को महत्वपूर्ण बनाने के अहमदाबाद अधिवेशन के प्रस्ताव पर काम करते हुए मध्य प्रदेश तथा हरियाणा में पार्टी के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए 71 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी देने के साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। प्रत्येक जिले में एक केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त होगा और उनके साथ प्रदेश कांग्रेस का एक पर्यवेक्षक सहयोग के लिए लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत मध्य प्रदेश के लिए 50 तथा हरियाणा के लिए 21 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी गई है। मध्य प्रदेश के लिए सप्तगिरि उलाका, गुरदीप सिंह सप्पल, अखिलेश प्रताप सिंह, डॉ. अजय कुमार, विवेक बंसल, रिपुन बोरा, कृष्णा तीरथ सहित 50 नेताओं को रखा गया है, जबकि हरियाणा के लिए सांसद मणिक्कम टैगोर, वर्षा गायकवाड़, डॉ अमर सिंह, गिरीश चडोनकर, काज़ी निजामुद्दीन, विजय इंदर सिंह, लालजी देसाई, श्रीनिवास बीवी सहित 21 नेताओं को शामिल किया गया है।

## राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुयी बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गयी और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे।

बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा,बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

श्री नड्डा ने कहा,जातीय जनगणना पर भी बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी। साथ ही, श्री मोदी के इस फैसले की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी । हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि वंचित, उत्पीड़ित और शोषित लोगों को मुख्यधारा में लाना चाहते हैं, जिन्हें छोड़ दिया गया है। यही समाज की जरूरत है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी प्रस्ताव राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया गया और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका अनुमोदन किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जातीय जनगणना प्रस्ताव रखा और इसका अनुमोदन आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने किया।

श्री नड्डा ने कहा, बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई और उस चर्चा में, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस बारे में बात की कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि हम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का पुनर्वास कैसे कर रहे हैं और हम उन्हें मुख्यधारा में कैसे ला रहे हैं। नक्सलवाद के संबंध में जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की, और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को सूचित किया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का उपयोग कैसे किया है।

उन्होंने कहा, पच्चीस और 26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। राजग जनता के बीच जाकर इसे उजागर करेगा और जनता को उन लोगों की असलियत बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी।

बैठक का समन्वय भाजपा के सुशासन विभाग ने किया। इस सम्मेलन में राजग की विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी चर्चा की गई।

# जनरल चौहान ने सेना की उत्तरी और पश्चिमी कमान का दौरा कर रणनीतिक समीक्षा की

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने रविवार को सेना की उत्तरी एवं पश्चिमी कमान मुख्यालय का दौरा किया और ऑपरेशन सिंदूर के बाद रणनीतिक समीक्षा के साथ साथ संचालन तैयारियों का आकलन किया।

जनरल चौहान ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सेना की उत्तरी कमान और हरियाणा के चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में पश्चिमी कमान का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर की योजना बनाने तथा उसे अमल में लाने वाले सेना कमांडरों, लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा , लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत की। उन्होंने उत्तरी और पश्चिमी थिएटरों में रणनीतिक समीक्षा और संचालन तैयारियों का आकलन किया।



उधमपुर में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी नेटवर्क, आतंकवाद को समर्थन देने वाले दुश्मन के ठिकानों को नष्ट किये जाने और अपनी सैन्य संपत्तियों तथा नागरिक आबादी की रक्षा के लिए उठाए गए जवाबी कदमों में उत्तरी सेना की सफलता के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के पुनर्वास में उत्तरी सेना द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बताया गया, जिन्हें दुश्मन ने निशाना बनाया था। उत्तरी कमान के कमांडर ने सेना की निरंतर परिचालन और रसद तैयारियों पर एक अपडेट दिया और उन्हें सीमाओं की रक्षा करने की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। यह भी बताया गया कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए व्यापक प्रयास शुरू किया गया है। चंडीमंदिर में पश्चिमी सेना के कमांडर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गतिज और गैर-गतिज दंडात्मक प्रतिक्रिया पर व्यापक जानकारी दी गई। पश्चिमी सीमाओं पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति को रेखांकित करते हुए परिचालन वातावरण, रक्षा तैयारियों और ऑपरेशन के प्रमुख परिणामों का विस्तृत अवलोकन प्रदान किया गया।

इसके अलावा उच्च परिचालन दक्षता, वास्तविक समय की स्थिति के बारे में जागरूकता, पश्चिमी सेना की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में योगदान देने वाले तकनीकी संचार और बढ़ी हुई रसद क्षमता पर भी प्रकाश डाला गया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को दी जाने वाली वेटरन्स केयर और मेडिकेयर सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जो राष्ट्रीय हित में काम करने वाले लोगों के कल्याण के लिए भारतीय सेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को याद किया और सभी रैंकों की वीरता, संकल्प, सटीकता और अनुशासन की सराहना की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं के लिए जिम्मेदार फील्ड फॉर्मेशन की परिचालन उत्कृष्टता की सराहना की। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परिचालन कार्यों के समग्र तालमेल और समय पर पूरा होने की सराहना की। उन्होंने उभरते खतरों से निपटने के लिए सेवाओं में निरंतर सतर्कता, संयुक्तता और तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने दुश्मन की कार्रवाई से प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास में मदद करने का आह्वान किया।उन्होंने सैन्य अभियानों के अनुकरणीय आचरण और सफल निष्पादन के लिए गहरी प्रशंसा व्यक्त की और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने में प्राप्त समग्र सफलता का श्रेय भारतीय सेना के उच्च मनोबल, अनुशासन और अटूट प्रतिबद्धता को दिया।

# प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है: ओम बिरला

**जमशेदपुर /रांची, 25 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृढ़ संकल्प और आतंकवाद के विरुद्ध कड़े रुख पर जोर देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत के सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता और वीरता की सराहना की।

उन्होंने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों - उनके शौर्य, साहस और दृढ़ संकल्प पर गर्व है । उन्होंने सशक्त रूप से आगाह किया कि यदि कोई देश या आतंकवादी संगठन भारत में आतंक फैलाता है, तो इसके परिणाम ऑपरेशन सिंदूर से भी अधिक गंभीर होंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल अपने आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया है, बल्कि इस संबंध में दुनिया को एक स्पष्ट और दृढ़ संदेश भी दिया है। उन्होंने यह आग्रह भी किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में हम सामूहिक हित की भावना से आगे बढ़ें ।




श्री बिरला ने आज सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में उपस्थित विशिष्ट लोगों को संबोधित करते हुए ये बात कही। लोक सभा अध्यक्ष के तौर पर झारखंड की अपनी पहली यात्रा पर आए श्री बिरला ने रांची के बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और बिरसा मुंडा संग्रहालय भी गए ।

श्री बिरला ने झारखंड की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां से देश को भगवान बिरसा मुंडा और जमशेदजी टाटा जैसे महानुभाव मिले । उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी सम्मान और स्वाभिमान के लिए बहादुरी से लड़ने की प्रेरणा दी । श्री बिरला ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जमशेदजी टाटा ने अपने विजन से स्वतंत्रता से बहुत पहले भारत के औद्योगिक विकास की नींव रखी।

रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि एक ऐसा देश जो कभी आयात पर बहुत अधिक निर्भर रहता था, अब रक्षा उपकरणों के निर्माण और यहां तक कि उनके निर्यात में एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नवाचार और सुदृढ़ नीतियों के चलते यह महत्वपूर्ण बदलाव आया है जिससे भारत के एमएसएमई क्षेत्र और उद्योगों को देश की सुरक्षा को मजबूत करने में प्रत्यक्ष और सार्थक भूमिका निभाने के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के स्पष्ट और महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। श्री बिरला ने आगे कहा कि देश की बढ़ती सैन्य शक्ति हमारे देश के औद्योगिक क्षेत्र की प्रतिबद्धता और क्षमताओं की मजबूत नींव पर टिकी है।

श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा विजन है और विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए तथा प्रौद्योगिकी, प्रतिस्पर्धा और कौशल विकास का उपयोग करना चाहिए जो इस मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं । श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसके कुशल युवा हैं । यह टिप्पणी करते हुए कि तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में जहां प्रतिस्पर्धा वस्तुओं और सेवाओं से आगे बढ़कर प्रतिभा और नवाचार तक फैली हुई है, श्री बिरला ने कहा कि भारतीय युवा वैश्विक नेता के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख भी किया कि कई भारतीय अब विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय निगमों का नेतृत्व कर रहे हैं, जिससे भारत की बौद्धिक क्षमता और उद्यमशीलता का पता चलता है।

इस बात पर जोर देते हुए कि वर्तमान समय में भारत के शैक्षिक क्षेत्र में भी विकास हो रहा है, श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि नई शिक्षा नीति की शुरूआत के साथ, आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों को वैश्विक अनुसंधान और नवाचार केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इन संस्थानों को उद्योगों के साथ सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि हमारे देश में भी विकसित अर्थव्यवस्थाओं जैसा इकोसिस्टम तैयार किया जा सके । श्री बिरला ने सभी हितधारकों को सूचना प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि न केवल बड़ी औद्योगिक संस्थाओं का समर्थन किया जाए, बल्कि अग्रणी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने युवाओं के कौशल संवर्धन, नवाचार और वैश्विक सहयोग में निवेश करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि भारत सतत और समावेशी विकास का प्रतीक बने।

सिंहभूम चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के लंबे और गौरवशाली इतिहास की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि चैंबर के संस्थापकों ने एक ऐसे मंच की परिकल्पना की थी, जहाँ व्यापार जगत से जुड़े प्रमुख व्यक्ति, उद्यमी और उद्योगपति मिलकर विचारों का आदान-प्रदान कर सकें और आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि चैंबर ने दशकों से क्षेत्र और राष्ट्र के आर्थिक और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने चैंबर से न केवल एक प्रतिनिधि निकाय के रूप में, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद के ऐसे मंच के रूप में कार्य करने का आग्रह किया जहाँ निजी क्षेत्र, सरकार और सिविल सोसाइटी मिलकर भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास की योजना बना सकें।

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्य मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद बिद्युत बरन महतो समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## 'फर्जी डिग्री' पर नौकरी कर रहे झारखंड में 4,000 से ज्यादा सहायक शिक्षक होंगे बर्खास्त!

**रांची, 25 मई (एजेंसियां)।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में लगभग चार हजार सहायक शिक्षकों (पारा टीचर) को नौकरी से बर्खास्त करने की तैयारी चल रही है। इन शिक्षकों पर फर्जी और गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की ओर से निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने का आरोप है।

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से अप्रैल महीने में जारी एक निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी 24 जिलों में सहायक शिक्षकों (पारा टीचर) के प्रमाण पत्रों और डिग्रियों की जांच चल रही हुई है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विभिन्न जिलों में अब तक हुई जांच में 1,136 ऐसे शिक्षकों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने गैर मान्यता प्राप्त संस्थाओं के शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा किए हैं। दुमका जिले में ऐसे 153, गिरिडीह में 269 और देवघर में 98 सहायक शिक्षकों का वेतन अप्रैल 2025 से रोक दिया गया है। अनुमान है कि पूरे राज्य में ऐसे सहायक शिक्षकों की कुल संख्या चार हजार के आसपास है। झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि सभी जिलों के शिक्षा अधीक्षकों से फर्जी प्रमाण पत्र जमा करने वाले पारा शिक्षकों की जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद विभाग के स्तर से नीतिगत तौर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि पूरे राज्य में 62 हजार से अधिक सहायक शिक्षक (पारा टीचर) कार्यरत हैं। सर्व शिक्षा अभियान के तहत ग्रामीण स्कूलों में इनकी नियुक्तियां वर्ष 2001 से 2003 के बीच ग्राम शिक्षा समितियों की अनुशंसा पर की गई थीं। उस वक्त इनके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक तय की गई थी और इन्हें प्रतिमाह मात्र एक हजार रुपए का मानदेय दिया जाता था। बाद में वर्ष 2005 में विभाग ने एक सर्कुलर जारी किया, जिसमें ऐसे शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित की गई।बताया जाता है कि इसी सर्कुलर के बाद, हजारों शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के कई ऐसे संस्थानों से इंटर पास होने का प्रमाण पत्र जमा किया, जो गैर मान्यता प्राप्त हैं। इन्हीं प्रमाण पत्रों के आधार पर वे दो दशक से भी अधिक समय से कार्यरत हैं। जांच में जिन गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी प्रमाण पत्रों को फर्जी करार दिया गया है, उनमें अधिकतर उत्तर प्रदेश के हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर भूल चूक माफ की बढ़िया शुरुआत




राजकुमार राव लंबे समय से फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में आई और इसी के साथ सुनील शेट्टी की फिल्म केसरी वीर भी दर्शकों के बीच आई।लोगों को इंतजार इस बात का था कि कौन-सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारेगी।अब आखिरकार इन दोनों ही फिल्मों के पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं और भूल चूक माफ ने कमाल कर दिया है।सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के भारत में 7 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला है।भूल चूक माफ ने रिलीज के पहले दिन इस साल आईं द डिप्लोमैट (4 करोड़), देवा (5.5 करोड़) क्रेजी (80 लाख), सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव (50 लाख), मेरे हसबैंड की बीवी (1.50 करोड़), बैडएस रवि कुमार (3.52 करोड़), आजाद (1.5 करोड़), लवयापा (1.15 करोड़), इमरजेंसी (2.50 करोड़), फतेह (2.40 करोड़) जैसी 10 फिल्मों के ओपनिंग डे कलेक्शन को मात दी है।राजकुमार की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ सिनेमाघरों में आने से पहले काफी विवादों में रही।पहले इसे 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव की वजह से निर्माताओं ने इसे ओटीटी पर लाने की सोची। बाद में फिल्म कानूनी अड़चनों में उलझ गई और आखिर में इसे 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है।उधर फिल्म केसरी वीर की ओपनिंग काफी निराशाजनक रही है। ये फिल्म सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए अपनी जान देने वाले योद्धाओं की कहानी है।हालांकि, इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। फिल्म में सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय ने अहम भूमिका निभाई है।केसरी वीर ने पहले दिन भारत में महज 25 लाख रुपये का कारोबार किया है। यही हाल रहा तो ये इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म साबित होगी।अब बात करते हैं तुषार कपूर और श्रेयस तलपडे की हॉरर कॉमेडी फिल्म कंपकंपी की। ये भी 23 मई को सिनेमाघरों में आई।इस हॉरर कॉमेडी फिल्म को कुछ खास रिव्यू नहीं मिले। ये भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई है, लेकिन इसने केसरी वीर से बेहतर कारोबार किया है, जबकि फिल्म का प्रचार भी काफी कम हुआ। इसे लेकर शून्य बराबर चर्चा थी।इस फिल्म ने भी पहले दिन 26 लाख रुपये की कमाई की है।

## रश्मिका को अच्छी लगती है बारिश की भीनी- खुशबू, लेकिन ये पसंद नहीं...



बारिश की पहली बूंदों की भीनी-भीनी सी खुशबू हर किसी को बहुत भाती है। मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को भी पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है। लेकिन उन्होंने बारिश से होने वाली असुविधा को निराशाजनक बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है, लेकिन उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ धीमा हो जाता है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर बारिश का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो पर एक लाइन लिखी है, जब बारिश होती है तो मिट्टी की खुशबू आती है।इस वीडियो को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, तो बारिश आ गई है... मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ थोड़ा धीमा हो जाता है, लेकिन कसम से! पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है और वह एहसास भी कमाल का होता है। यह सबसे प्यारा लगता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की झोली में कई फिल्में हैं, जिसमें आदित्य सरपोतदार की थामा, जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, साथ ही कुबेरा, पुष्पा 3, द गर्लफ्रेंड और रेनबो भी शामिल हैं। 20 मई को, रश्मिका ने जी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर वॉक किया था। लुक की बात करें तो इस दौरान वह ब्लैक कलर की खूबसूरत मॉडर्न साड़ी में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाला डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ था। इसके अलावा, गोल्डन हार्ट शेप की बालियां फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। शानदार लुक पाने के लिए उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। अपने इस लुक की तस्वीरें रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, काफी समय बाद मैं फिर से रेड कार्पेट पर गई... आप सबका इतना प्यार मिल रहा है, जिससे मेरा दिल बहुत खुश है। बस आपको दिखाना चाहती थी कि उस दिन मैंने क्या पहना था...




# फिल्म मेट्रो इन दिनों का जमाना लगे टीजर रिलीज

## सारा से लेकर नीना तक फिल्म में दिखेंगे ये कलाकार

अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के गाने जमाना लगे का टीजर रिलीज किया गया है। इस गाने के टीजर में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट की झलक देखने को मिल रही है। आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, पंकज त्रिपाठी जैसे मंझे हुए कलाकारों से सजी ये फिल्म 4 जुलाई 2025 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है।दो साल बाद आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं और इस मूवी में वो पहली बार सैफ अली खान की बेटी सारा के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। इससे पहले फिल्म को साल 2024 में रिलीज किया जाना था लेकिन कुछ कारणों के चलते फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। फिल्म मेट्रो इन दिनों 4 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म की घोषणा काफी पहले की जा चुकी थी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और कुछ समय पहले सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर के साथ उनकी तस्वीरें भी सामने आई थीं।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 का ऑफिशियल ऐलान

कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पिछले दो सीजन ने दर्शकों को खूब हंसाया था। अब कपिल शर्मा का यह शो अपने तीसरे सीजन के साथ फिर से हंसी-ठिठोली का डोज लेकर आ रहा है। इस सीजन में कई सरप्राइज कर देने वाले चेहरों का दीदार होने वाला है। कॉमेडियन और एक्टर कपिल ने वीडियो के जरिए शानदार अंदाज में सभी कलाकारों को आमंत्रण दिया है। देखें कब और किन कलाकारों के साथ आ रहे कपिल। कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो के तीसरे सीजन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में कपिल शर्मा शो के सभी कलाकारों को फोन करके उसके नए सीजन की जानकारी दे रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि क्या नया किया जा सकता है। यह नया सीजन नेटफ्लिक्स पर 21 जून से स्ट्रीम होगा। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है, हंसी आउट ऑफ कंट्रोल होगी क्योंकि कपिल और उनकी टीम एक बार फिर वापस आ गई है। अब हर फनीवार, बढ़ेगा हमारा परिवार द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन के साथ। 21 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर।शेयर किए गए वीडियो पोस्ट में कपिल शर्मा ने सबसे पहले अर्चना पूरन सिंह को फोन किया और उन्हें शो के नए सीजन के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में अर्चना से कहा कि उन्हें अब बैंक से लोने लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शो का तीसरा सीजन आ रहा है। इसके बाद उन्होंने अभिनेता कीकू शारदा को फोन करके कहा कि इस बार कुछ अलग करना है। इसके अलावा उन्होंने सुनील ग्रोवर और कृष्णा को फोन कर नए सीजन की जानकारी दी।द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीजन ने सभी दर्शकों को खूब हंसाया था। इसमें सुनील ग्रोवर के गुत्थी किरदार को सभी ने बेहद पंसद किया था। अब इस नए सीजन में कपिल शर्मा के अलावा सुनील ग्रोवर, कृष्णा, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह जैसे नाम शामिल हैं। दर्शक इस नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे हैं और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।





# फिल्म हाउसफुल 5 का नया गीत कयामत का टीजर रिलीज




कॉमेडी ड्रामा फिल्म हाउसफुल 5 का नया गाना कयामत का टीजर कुछ ही मिनटों पहले रिलीज किया गया है, जिसमें अक्षय कुमार, जैकलीन के आलावा फिल्म की पूरी स्टार कास्ट क्रूज पर धमादेकार डांस करती नजर आई। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर हाउसफुल 5 का टीजर शेयर किया और लिखा, बेहतरीन पूल पार्टी आपकी ओर आ रही है। यह क्रूज शांत नहीं है, यह कयामत है। कयामत गाना आज रिलीज होगा। हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म हाउसफुल 5 का आज नया गाना कयामत रिलीज हुआ है, जिसमें फिल्म की पूरी स्टार कास्ट शिप के डेक पर धांसू डांस करती नजर आईं। फिल्म के हीरो ने व्हाइट ड्रेस कोड पहन रखा है, तो वहीं अभिनेत्रियों ने शाइनिंग सिल्वर और ग्रे रंग की रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है। हाउसफुल 5 एक आगामी कॉमेडी थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। फिल्म को तरुण मनसुखानी द्वारा सह-लिखित और निर्देशित है। इसे नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत साजिद नाडियाडवाला, वर्दा नाडियाडवाला और फिरोजी खान ने निर्मित किया है। यह हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त है।इस फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा, चंकी पांडे और जॉनी लीवर जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# मैं अंधेरे से डरती नहीं, काले रंग को अपना कवच मानती हूं: सुष्मिता सेन

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने सोशल मीडिया पर बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह काले रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। इस साड़ी में वह काफी सुंदर और आकर्षक लग रही हैं। सुष्मिता सेन ने अपने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने स्टाइलिश काले रंग की साड़ी पहनी हुई है। यह साड़ी हल्की और फ्लोई फ़ैब्रिक से बनी हुई है। इसके बॉर्डर पर रफल डिजाइन है, जो लुक को स्टाइलिश और सुंदर बना रहा है। सुष्मिता हमेशा की तरह आत्मविश्वास से लबरेज नजर आ रही हैं।

अपनी इन तस्वीरों को शेयर करते हुए सुष्मिता ने कैप्शन में लिखा, मैं अंधेरे से डरती नहीं, मुझे हमेशा से ब्लैक कलर पसंद है। मैं इस कलर को एक कवच की तरह मानती हूं। मैं आप सबको बहुत प्यार करती हूं! मेरी प्यारी टीम को भी धन्यवाद!

21 मई को सुष्मिता सेन ने अपनी मिस यूनिवर्स जीत को 31 साल पूरे होने का जश्न मनाया था। इस मौके पर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। ये तस्वीरें उस समय की हैं, जब उन्होंने 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहना था। उस समय एक्ट्रेस सिर्फ 18 साल की थीं, लेकिन उन्होंने अपने आत्मविश्वास और खूबसूरती से पूरी दुनिया को प्रभावित किया था।

इंस्टाग्राम पर सुष्मिता सेन ने लिखा- 31 साल पहले, जब मैं 18 साल की थी, मैंने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। यह भारत की पहली जीत थी। इस जीत ने मेरी जिंदगी बदल दी। इससे मेरे लिए दुनिया के दरवाजे खुल गए और मुझे बहुत कुछ सीखने, देखने और समझने को मिला। इस जीत ने मुझे यह सिखाया कि आशा में ताकत होती है, सबको साथ लेकर चलने से चमत्कार होते हैं, और प्यार सबसे बड़ी चीज़ है। मुझे दुनिया घूमने और बहुत ही प्रेरणादायक लोगों से मिलने का मौका मिला। यह मेरे जीवन का सबसे अहम मोड़ था। मैं भगवान, अपनी मां और बाबा का दिल से धन्यवाद करती हूं। मैं इस बात को हमेशा गर्व से याद रखूंगी कि मुझे अपने देश भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला।

बता दें कि 21 मई 1994 को, सुष्मिता सेन ने फिलीपींस में आयोजित 42वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। खास बात यह है कि इसमें 77 देशों से सुंदरियां शामिल हुई थीं। यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं।

## पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं आज रखेंगी

# वट सावित्री व्रत

इस बार वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का खास संयोग बन रहा है। वट सावित्री व्रत 26 मई को है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले सारे व्रतों में वट सावित्री व्रत को बहुत प्रभावी माना जाता है। जिसमें सौभाग्यवती महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सभी प्रकार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि इस बार वट सावित्री व्रत 26 मई को पड़ रहा है। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत में और ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में वट सावित्री व्रत दक्षिण भारत में मनाया जाता है। वट सावित्री व्रत को उत्तर भारत के उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और हरियाणा समेत कई जगहों पर मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जितनी उम्र बरगद के पेड़ की होती है, सुहागिनें भी बरगद के पेड़ की उम्र के बराबर अपने पति की उम्र मांगती हैं। हिंदू धर्म में बरगद का वृक्ष पूजनीय माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इस वृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा इस दिन जल से वटवृक्ष को सींचकर उसके तने के चारों ओर कच्चा धागा लपेटकर तीन बार परिक्रमा करें।

इस दिन महिलाएं व्रत रखकर वट वृक्ष के पास जाकर धूप, दीप नैवेद्य आदि से पूजा करती हैं। साथ ही रोली और अक्षत चढ़ाकर वट वृक्ष पर कलावा बांधती हैं और हाथ जोड़कर वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं। जिससे उनके पति के जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और लंबी उम्र की प्राप्ति होती है। वहीं सोमवती अमावस्या पर स्नान, दान, पितरों की पूजा और धन प्राप्ति के खास उपाय भी किए जाते हैं। अमावस्या तिथि के दिन महिलाएं बांस की टोकरी में सप्त धान्य के ऊपर ब्रह्मा और वट सावित्री और दूसरी टोकरी में सत्यवान एवं सावित्री की प्रतिमा स्थापित करके वट के समीप जाकर पूजन करती हैं। साथ ही इस दिन यम का भी पूजन करती हैं और वट की परिक्रमा करते समय 108 बार वट वृक्ष में कलावा लपेटा जाता है। मंत्र का जाप करते हुए सावित्री को अर्घ्य दिया जाता है। वहीं सौभाग्य पिटारी और पूजा सामग्री किसी योग्य साधक को दी जाती है। इस व्रत में सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण किया जाता है।

### वट सावित्री व्रत

पंचांग के मुताबिक वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर रखा जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 26 मई 2025 को दिन में 12:11 मिनट पर हो रही है। इसका समापन अगने दिन यानी 27 मई 2025 को सुबह 8:31 मिनट पर होगा। ऐसे में 26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत का व्रत रखा जाएगा।

### शुभ योग

आज यानी 26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत के दिन भरणी नक्षत्र बन रहा है, जो सुबह 8:23 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा इस तिथि पर शोभन व अतिगण्ड योग का संयोग रहेगा। वट सावित्री के दिन अभिजित मुहूर्त सुबह 11:54 से दोपहर 12:42 तक रहेगा।

### सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग

ज्योतिषाचार्या ने बताया कि 27 मई को सूर्योदय कालीन अमावस्या होने से इस दिन अमावस्या का स्नान दान किया जा सकेगा। इस दिन भौमवती अमावस्या रहेगी। लेकिन अबकी बार 26 मई को सोमवार होने से ज्येष्ठ अमावस्या पर सौभाग्यदायक सोमवती अमावस्या का भी संयोग बनेगा। ऐसे में सुहाग की लंबी उम्र की कामना से जो सुहागन महिलाएं वट



**नीतिका शर्मा**
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

सावित्री का व्रत रखेंगी उनको यमराज के साथ शिवजी की कृपा का भी लाभ मिलेगा। इस पर उत्तम संयोग यह भी है कि इस दिन चंद्रमा अपनी राशि वृषभ में संचार करेंगे। वट सावित्री पर बना यह संयोग भी व्रतियों के लिए उत्तम फलदायी है।

### पूजन सामग्री

वट सावित्री व्रत की पूजन सामग्री में सावित्री-सत्यवान की मूर्तियां, धूप, दीप, घी, बांस का पंखा, लाल कलावा, सुहाग का समान, कच्चा सूत, चना (भिगोया हुआ), बरगद का फल, जल से भरा कलश आदि शामिल करना चाहिए।

### पूजा विधि

इस दिन प्रातःकाल घर की सफाई कर नित्य कर्म से निवृत्त होकर स्नान करें। इसके बाद पवित्र जल का पूरे घर में छिड़काव करें। बांस की टोकरी में सप्त धान्य भरकर ब्रह्मा की मूर्ति की स्थापना करें। ब्रह्मा के वाम पार्श्व में सावित्री की मूर्ति स्थापित करें। इसी प्रकार दूसरी टोकरी में सत्यवान तथा सावित्री की मूर्तियों की स्थापना करें। इन टोकरियों को वट वृक्ष के नीचे ले जाकर रखें। इसके बाद ब्रह्मा तथा सावित्री का पूजन करें। अब सावित्री और सत्यवान की पूजा करते हुए बड़ की जड़ में पानी दें।

पूजा में जल, मौली, रोली, कच्चा सूत, भिगोया हुआ चना, फूल तथा धूप का प्रयोग करें। जल से वटवृक्ष को सींचकर उसके तने के चारों ओर कच्चा धागा लपेटकर तीन बार परिक्रमा करें। बड़ के पत्तों के गहने पहनकर वट सावित्री की कथा सुनें।

भीगे हुए चनों का बायना निकालकर, नकद रुपए रखकर अपनी सास के पैर छूकर उनका आशीष प्राप्त करें। यदि सास वहां न हो तो बायना बनाकर उन तक पहुंचाएं। पूजा समाप्ति पर ब्राह्मणों को वस्त्र तथा फल आदि वस्तुएं बांस के पात्र में रखकर दान करें। इस व्रत में सावित्री-सत्यवान की पुण्य कथा का श्रवण करना न भूलें। यह कथा पूजा करते समय दूसरों को भी सुनाएं।

### महत्व

शास्त्रों के अनुसार, वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था। दूसरी कथा के अनुसार मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट वृक्ष के पत्ते में पैर का अंगूठा चूसते हुए बाल मुकुंद के दर्शन हुए थे, तभी से वट वृक्ष की पूजा की जाती है। वट वृक्ष की पूजा से घर में सुख-शांति, धनलक्ष्मी का भी वास होता है।

### सावित्री की कथा

राजर्षि अश्वपति की एकमात्र संतान थीं सावित्री। सावित्री ने वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान को पति रूप में चुना। लेकिन जब नारद जी ने उन्हें बताया कि सत्यवान अल्पायु हैं, तो भी सावित्री अपने निर्णय से डिगी नहीं। वह समस्त राजवैभव त्याग कर सत्यवान के साथ उनके परिवार की सेवा करते हुए वन में रहने लगीं।

जिस दिन सत्यवान के महाप्रयाण का दिन था, उस दिन वह लकड़ियां काटने जंगल गए। वहां मूच्छिछत होकर गिर पड़े। उसी समय यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। तीन दिन से उपवास में रह रही सावित्री उस घड़ी को जानती थीं, अतः बिना विकल हुए उन्होंने यमराज से सत्यवान के प्राण न लेने की प्रार्थना की। लेकिन यमराज नहीं माने।

तब सावित्री उनके पीछे-पीछे ही जाने लगीं। कई बार मना करने पर भी वह नहीं मानीं, तो सावित्री के साहस और त्याग से यमराज प्रसन्न हुए और कोई तीन वरदान मांगने को कहा। सावित्री ने सत्यवान के दृष्टिहीन माता-पिता के नेत्रों की ज्योति मांगी, उनका छिना हुआ राज्य मांगा और अपने लिए 100 पुत्रों का वरदान मांगा। तथास्तु कहने के बाद यमराज समझ गए कि सावित्री के पति को साथ ले जाना अब संभव नहीं। इसलिए उन्होंने सावित्री को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़कर वहां से अंतर्धान हो गए।

## नवविवाहितों के लिए खास है वट सावित्री व्रत



अगर आप शादीशुदा हैं और पहली बार वट सावित्री व्रत रखने जा रही हैं, तो ये जानकारी आपके लिए बेहद काम की है। यह व्रत हिंदू धर्म में विवाहित महिलाओं के लिए बेहद खास माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए व्रत रखती हैं। इस व्रत की सबसे खास बात यह है कि इसे पूरी श्रद्धा, संयम और नियमों के साथ किया जाता है। वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ महीने की अमावस्या को रखा जाता है।

वट सावित्री व्रत की पौराणिक कहानी महाभारत से जुड़ी हुई है। इसमें बताया गया है कि सावित्री नाम की एक पत्नी ने यमराज से अपने पति सत्यवान का जीवन वापस पाया था, वो भी अपनी तपस्या और दृढ़ संकल्प के बल पर। इसीलिए इस दिन को पति-पत्नी के प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दिन वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व होता है, क्योंकि माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों वटवृक्ष में वास करते हैं।

### पूजा सामग्री क्या चाहिए?

अगर आप पहली बार यह व्रत रख रही हैं, तो पूजा के लिए ये चीजें जरूर रखें: मौली या कलावा, कच्चा सूत (धागा), वटवृक्ष का फल, बांस से बनी पंखी, कुमकुम, सिंदूर, रोली, चंदन, अक्षत (चावल), दीपक, अगरबत्ती, इत्र, 1।25 मीटर लाल या पीली चुनरी, बताशा, सुपारी, पान के पत्ते, वट सावित्री व्रत कथा की किताब, जल से भरा कलश, नारियल, मिठाइयां, मखाना, भीगा चना, मूंगफली, पूरी और गुड़

### व्रत के नियम

इस दिन निर्जल व्रत (बिना पानी पिए उपवास) किया जाता है, इसलिए अपनी सेहत का खास ध्यान रखें।

लाल या पीले कपड़े पहनें और सोलह श्रृंगार करें। मन को शांत रखें और किसी से विवाद या बहस न करें।

घर के बड़ों से आशीर्वाद ज़रूर लें। तामसिक भोजन (लहसुन, प्याज, मांस) से परहेज करें। बरगद के पेड़ की 7 बार परिक्रमा करें और कच्चा सूत लपेटें।

### व्रत का समापन कैसे करें?

व्रत का समापन अगले दिन सुबह सूर्योदय के बाद होता है। इस समय पति को प्रणाम करें, उनका आशीर्वाद लें और उन्हें व्रत का प्रसाद दें। माना जाता है कि इससे वैवाहिक जीवन में प्रेम और सुख-शांति बनी रहती है। अगर यह आपका पहला व्रत है, तो खुद पर ज्यादा दबाव न डालें। जितना बन सके उतना करें, लेकिन श्रद्धा और भक्ति में कोई कमी न रखें। व्रत से जुड़ी कथा जरूर पढ़ें या सुनें और इस दिन को अपने लिए एक पवित्र अनुभव की तरह लें। वट सावित्री व्रत ना केवल एक धार्मिक परंपरा है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जिसमें आप अपने रिश्ते में आस्था, विश्वास और प्रेम की नई ऊर्जा भर सकती हैं।

## वट सावित्री व्रत पर नहीं मिल रहा है बरगद का पेड़ तो कैसे करें पूजा?

वट सावित्री का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं और बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। ऐसी मान्यता है कि बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है और इसकी पूजा करने से त्रिदेवों का आशीर्वाद मिलता है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है। सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस पाए थे, इसलिए इस दिन इस वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है।

**बरगद की डाली या टहनी** – अगर आपके आसपास कहीं बरगद का पेड़ है, लेकिन वहां जाना संभव नहीं है, तो आप पहले से ही किसी से बरगद की एक छोटी डाली या टहनी मंगवा लें। इस टहनी को साफ कपड़े में लपेटकर अपने पूजा स्थान पर स्थापित करें और इसे ही बरगद का प्रतीक मानकर पूजा करें। आप इस डाली पर कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा भी कर सकते हैं।



**तुलसी का पौधा** – हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को भी बहुत पवित्र और पूजनीय माना जाता है। अगर आपको बरगद की डाली भी न मिल पाए, तो आप तुलसी के पौधे के पास वट सावित्री व्रत की पूजा कर सकते हैं। तुलसी को वट वृक्ष का प्रतीक मानकर आप सभी रीतियों का पालन करें और माता सावित्री से अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करें।

**बरगद के पेड़ की तस्वीर** – इसके अलावा आप बाजार से बरगद के पेड़ की तस्वीर ला सकते हैं या इंटरनेट से डाउनलोड करके उसका प्रिंटआउट निकालकर उस तस्वीर की पूजा कर सकते हैं।

**मन में ध्यान करें** – अगर ये भी संभव न हो, तो आप अपने पूजा स्थान पर ही मन में बरगद के पेड़ का ध्यान करते हुए प्रतीकात्मक रूप से पूजा कर सकते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आपका भाव शुद्ध हो और सच्चा होना चाहिए, क्योंकि भगवान सिर्फ भाव के भूखे हैं।

**अन्य उपाय** – कुछ मान्यताओं के अनुसार, आटे से बरगद का पेड़ बनाकर भी पूजा की जा सकती है। पूजा के बाद इस आटे को गाय या अन्य जानवरों को खिला दें या फिर किसी पवित्र नदी में प्रवाहित कर दें।

## इस दिन दान करने का है विशेष महत्व

वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं और बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं।

### इन खास चीजों का करें ये दान

**वस्त्र** – वट सावित्री व्रत पर वस्त्रों का दान करना बहुत फलदायी माना जाता है। ऐसे में आप इस दिन किसी जरूरतमंद महिला को वस्त्रों का दान कर सकती हैं। माना जाता है कि इससे पति की आयु लंबी होती है और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**ऋतु फल** – इस दिन ऋतु फल का दान करना भी बहुत लाभकारी माना जाता है। ऐसे में आप सुहागिन महिलाओं या किसी जरूरतमंद को ऋतु फल का दान कर सकती हैं। ऐसा करने से वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है।

**शृंगार की सामग्री** – वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं का त्योहार है, इसलिए इस दिन सौभाग्य से जुड़ी सामग्री जैसे – सिंदूर, कुमकुम, मेहंदी, चूड़ियां और बिंदी आदि का दान करना बहुत अच्छा माना जाता है। इससे अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

**चावल** – अनाज का दान हिंदू धर्म में हमेशा से ही पुण्यदायी माना गया है। ऐसे में आप वट सावित्री व्रत के दिन चावल या अन्य किसी अनाज का दान कर सकती हैं। इससे घर में अन्न-धन की कमी नहीं होगी और बरकत बनी रहेगी।

**घी और तेल** – घी और तेल का दान भी इस व्रत में शुभ माना जाता है। ऐसे में आप मंदिर या जरूरतमंदों को घी और तेल दान कर सकती हैं। इससे जीवन में शुभता का आगमन होता है।

**धन** – इस दिन धन का दान भी बहुत फलदायी माना जाता है। ऐसे में आप क्षमता के अनुसार ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को दक्षिणा दे सकती हैं। ऐसा करने से व्रत पूर्ण माना जाता है और आर्थिक मुश्किलें दूर होती हैं।

### दान करने का धार्मिक महत्व

वट सावित्री व्रत पर दान करने का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है। कहते हैं कि इस दिन किए गए दान से न केवल पुण्य फलों की प्राप्ति होती है, बल्कि इससे वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसलिए वट सावित्री व्रत पर अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान जरूर करें और अखंड सौभाग्य की प्रार्थना करें।

## व्रत पर क्या खाएं, क्या नहीं, जरूर जान लें ये नियम

वट सावित्री व्रत मुख्य तौर से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखा जाता है। साथ ही यह भी माान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन खासतौर से वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है।

### इन चीजों का कर सकते हैं सेवन

वट सावित्री व्रत में मुख्य तौर से सिंघाड़े के आटे से बने पकवान और गुड़ व आटे से बने पकवान खाए जाते हैं। इसके साथ ही इस व्रत में चना, पूरी और पूए का भोग लगाकर भी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। कई जगहों पर इस व्रत में मीठी पुड़िया और मुरब्बा खाने का भी प्रचलन है।

इस दिन पर कुछ महिलाएं इस दिन सिर्फ फलाहार करके व्रत का पालन करती हैं। ऐसे में आप इस व्रत के दिन मौसमी फल जैसे आम, लीची, तजबूज, खरबूजा आदि का सेवन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप नारियल पानी भी पी सकते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

### भूल से भी न खाएं ये चीजें

वट सावित्री व्रत के दिन व्रती के साथ-साथ परिवार के अन्य लोगों को भी वट सावित्री व्रत के दिन मांस-मदिरा के सेवन से दूरी बनानी चाहिए। साथ ही इस दिन चावल, दाल और प्याज, लहसुन से बनी चीजों का सेवन करने की भी मनाही होती है। इसके साथ ही इस बात का खासतौर से ध्यान रखें कि व्रत में सामान्य नमक का इस्तेमाल न करें, वरना आपका व्रत खंडित हो सकता है।

### करें इन मंत्रों का जप

वट सावित्री व्रत की पूजा के दौरान इस व्रत का जप जरूर करें। ऐसा करने से आपको अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिल सकता है।

अवैधव्यं च सौभाग्यं देहि त्वं मम सुव्रते।
पुत्रान् पौत्रांश्च सौख्यं च गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तुते।।
यथा शाखाप्रशाखाभिर्वृद्धोऽसि त्वं महीतले।
तथा पुत्रैश्च पौत्रैश्च सम्पन्नं कुरु मा सदा।।



शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

संपादकीय

# कोरोना संग जीना

**दुनिया** मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी है। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था।

आप का नजरिया

# गर्म सिंदूर वाला लहू

**पहलगाम** नरसंहार को एक माह बीत चुका है। उन मासूम, बेगुनाह लोगों के हत्यारे और बहन-बेटियों का सिंदूर उजाडऩे वाले पापी कहां हैं, यह सहज सवाल हमारे भीतर भी खदबदा रहा है। हम देश की सेना और सुरक्षा बलों के साहस, पराक्रम और जांच पर रत्ती भर भी सवाल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने 3000 संदिग्धों या आतंकियों के 'जयचंदों' से पूछताछ कर सुराग टटोलने की कोशिशें की हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। बीते 10-12 दिनों में कुछ आतंकियों और घुसपैठियों को ढेर भी किया गया है। यह आलेख लिखने तक जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना और सुरक्षा बलों ने कुछ आतंकियों की घेराबंदी की थी और मुठभेड़ जारी थी। खुफिया लीड थी कि जैश-ए-मुहम्मद के 3-4 आतंकी उस इलाके के जंगलों में छिपे हैं। दरअसल पहलगाम नरसंहार आज भी एक जिंदा और प्रासंगिक मुद्दा है। उसी के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में लोगों को संबोधित करते हुए जो रौद्र रूप दिखाया है, वह अभूतपूर्व है और उसमें पहलगाम में सिंदूर मिटाने, उजाडऩे की चिंता और आक्रोश भी निहित है। प्रधानमंत्री इसे गुस्सा या आक्रोश ही नहीं मानते, बल्कि समर्थ भारत का रौद्र रूप और न्याय का नया स्वरूप मानते हैं और यही 'ऑपरेशन सिंदूर' है। प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा कि उनकी रगों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।...जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है।...जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसके क्या नतीजे होते हैं, यह दुश्मन ने देख लिया है।' प्रधानमंत्री मोदी के ये शब्द अभिधात्मक नहीं हैं, बल्कि सिंदूर के प्रतीक के तौर पर लाक्षणिक हैं। प्रधानमंत्री अब भी पहलगाम और सिंदूर की त्रासदियों से जुड़े हैं। यह राजनीति नहीं है। कोई भी चुनाव सामने नहीं है। बिहार और राजस्थान के बीच व्यापक दूरियां हैं। बीकानेर के एयरबेस से कुछ ही दूरी पर, सीमापार, पाकिस्तान का रहीम यार एयरबेस है, जो ध्वस्त होने के बाद आईसीयू में पड़ा है। न जाने अब वह कब खुलेगा। प्रधानमंत्री ने देश को बताया है कि सिंदूर उजाडऩे का बदला लिया जा चुका है, प्रण पूरा किया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अब कोई आतंकी हमला भारत पर किया जाएगा, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। हम आतंक और उसके सरपरस्तों को अलग-अलग नहीं समझेंगे, लिहाजा करारा जवाब पाकिस्तान, उसकी फौज और अर्थव्यवस्था को भी झेलना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को यहां तक चेतावनी दी है कि उसे पाई-पाई को मोहताज कर दिया जाएगा। विडंबना यह है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस प्रधानमंत्री के संबोधन और सरोकारों को 'फिल्मी डॉयलॉग' करार दे रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री खोखले भाषण देना बंद करें। कैमरे के सामने ही आपका लहू गर्म क्यों होने लगता है? कांग्रेस लगातार सवाल दाग रही है कि जब हालिया संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान का बहुत कुछ तबाह कर दिया था, तो अचानक युद्धविराम क्यों किया गया? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में युद्धविराम क्यों किया गया? आखिर हम पीओके तक पहुंच कर उसे वापस लेने में नाकाम क्यों रहे? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब विदेश मंत्रालय और हमारे डीजीएमओ दे चुके हैं। दरअसल आज के संदर्भ में 1971 का भारत-पाक युद्ध और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी प्रासंगिक हैं। 1972 में 'शिमला समझौते' के बाद तत्कालीन सैन्य फील्ड मार्शल जनरल सैम मॉनकशॉ ने इंदिरा गांधी के सामने जो टिप्पणी की थी, हम उसे लिख नहीं सकते।

## घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

ललित गर्ग

**भारतीय** बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना



समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा।

चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है।

देश दुनिया से

# स्वार्थसिद्धि के हिसाब से कार्रवाई करते हैं दल

**राजनीतिक** दल सत्ता की सुविधा के हिसाब से सारी कार्रवाई तय करते हैं। कहने को कानून की पालना और समानता की दलील देने वाले नेता मौका पडऩे पर स्पष्ट भेदभाव बरतने में कसर बाकी नहीं रखते। विपक्ष बेशक कितना ही शोर-शराबा क्यों न मचाए, सत्ताधारी दलों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बेशक फर्क बिल्कुल पानी की तरह साफ हो, पूरा देश उनकी सच्चाई को जानता हो, यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत भी कह दे, तब भी राजनीतिक दल बेशर्मी की चादर ओढ़े रहते हैं। इसे मौजूदा तीन ज्वलंत उदाहरणों से समझा जा सकता है कि राजनीतिक दल निहित स्वार्थों के चलते एक जैसे मामले में किस तरह दोहरी नीति अपनाते हैं। पहला मामला है मध्यप्रदेश के भाजपा नेता और मंत्री विजय शाह का। इंदौर जिले के महू के रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय सेना की पहली महिला इंफेंट्री अधिकारी, कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया। वीडियो के वायरल होने के बाद न सिर्फ मध्य प्रदेश, बल्कि देशभर में शाह के खिलाफ लोगों ने विरोध व्यक्त किया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ इंदौर के मानपुर थाने में केस दर्ज हुआ। सुनवाई के दौरान कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एफआईआर की कॉपी रखी गई। एफआईआर देखकर जस्टिस अतुल श्रीधरण और अनुराधा शुक्ला हैरान रह गईं। दोनों ने देखा कि एफआईआर में अपराध का जिक्र ही नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एफआईआर को कमजोर और असंतोषजनक बताया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि केस को कमजोर करने के लिए राज्य सरकार ने घोर छल किया है। एफआईआर इस तरह से लिखी गई है कि आगे चलकर खारिज हो जाए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि छल को शुरू से ही रोकने की जरूरत है। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मंत्री शाह ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह को खरी-खोटी सुनाने में कसर बाकी नहीं रखी। इसी मामले में मंत्री विजय शाह के माफीनामे को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। साथ ही सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें माफी की जरूरत नहीं है, यह अवमानना नहीं है। हम इसे कानून के अनुसार संभाल सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुछ लोग तो इशारों से माफी मांगते हैं। कुछ घडियाली आंसू बहाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मंत्री के बयान से पूरा देश शर्मसार है और मंत्री को उचित माफी मांगकर या माफी के साथ खेद व्यक्त करके खुद को सही साबित करना चाहिए था। हम एक ऐसा देश हैं जो कानून के शासन का पालन करता है और यह उच्चतम से निम्नतम स्तर तक के लिए समान है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए एसआईटी बनाने का आदेश दिया। दूसरा मामला हरियाणा का है। सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गईं। एक प्राथमिकी हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया और दूसरी सोनीपत जिले के जठेरी गांव के सरपंच योगेश जठेरी ने कराई। प्रो. महमूदाबाद ने फेसबुक पर पोस्ट की थी, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद को वहां की सरकार से अलग करके नहीं देखा जा सकता। खुद इससे पीड़ित होने का नाटक कर पाकिस्तान इन कार्रवाइयों से बच नहीं सकता। उन्होंने सैन्य कार्रवाई को आतंकी ठिकानों तक सीमित रखने और नागरिक तथा सैनिक ठिकानों को उससे अलग रखने के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। पोस्ट के दूसरे हिस्से में युद्ध का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि युद्ध सबसे ज्यादा नुकसान गरीब लोगों को पहुंचाता है। वह मानते हैं कि ऐसे हालात में युद्ध को टाला नहीं जा सकता, लेकिन यह भी कहते हैं कि सैन्य कार्रवाई से कोई राजनीतिक समस्या हल नहीं होती। उनकी फेसबुक पोस्ट का तीसरा हिस्सा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसमें लिखा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सैन्य कार्रवाई की जानकारी देने की जिम्मेदारी सौंपना देखने में महत्वपूर्ण है, लेकिन इस भाव को जमीन पर वास्तविकता में बदलना चाहिए, वरना यह एक पाखंड बनकर रह जाएगा। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ करने वाले दक्षिणपंथियों को चुनौती दी है कि उन भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए भी आगे आएं जो मॉब लिंचिंग और बुलडोजर के मनमाने उपयोग के शिकार हैं। तीसरा उदाहरण राजस्थान का है। राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने 20 साल पुराने आपराधिक मामले में उनकी तीन साल की सजा को बरकरार रखते हुए निगरानी याचिका खारिज कर दी। वर्ष 2020 में झालावाड़ की निचली अदालत ने उन्हें सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें तुरंत निचली अदालत में सरेंडर करने को कहा है।

कुछ अलग

# खामोश, नेता जी ट्विटर पर हैं...

**नेताजी** ट्वीट कर रहे हैं। वह ट्विटर पर हैं। अभी उन्हें पब्लिक के बीच में आने की फुर्सत नहीं है। मीडिया के बीच में आने के लिए उन्होंने अभी तक समय नहीं निकाला है। महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने अभी मंथन नहीं किया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि नेताजी कुछ नहीं कर रहे और निठल्ले बैठे हैं। नेताजी ट्विटर पर हैं। ट्वीट कर रहे हैं। फेसबुक पर हैंअपनी गतिविधियां बताते रहते हैं। जनता को संबोधित करते रहते हैं। संदेश देते रहते हैं। पब्लिक उनसे मिलने के लिए बेचैन रहती है। फाइलों के ढेर उनकी टेबल पर लग जाते हैं। नेताजी के पास पब्लिक की समस्याएं सुनने की फुर्सत नहीं है। नेताजी सिर्फ अपनी बात कहते हैं- वह भी ट्विटर पर आकर, फेसबुक पर आकर, टीवी पर आकर! नेताजी इसी तरह आते रहते हैं, उपदेश देते रहते हैं, गरजते रहते हैं। विरोधियों को ललकारते रहते हैं, फटकारते रहते हैं। किसी न किसी के सिर पर दोष मढ़ते रहते हैं। उन्हें लगता है कि जो कुछ गलत आज तक होता आया है वो विरोधियों ने किया है और जो भी ठीक हो रहा है, उसका श्रेय केवल उन्हें ही मिलना चाहिए। नेताजी देश-विदेश जाते रहते हैं। घूमते फिरते रहते हैं। घुमंतू नेता हैं। विमान में यात्राएं करते हैं। ट्विटर, व्हाट्सएप्प और फेसबुक पर यात्राएं करते हैं। यात्राओं के बीच ही चिंतन और मनन करते हैं। कभी गंभीर हो जाते हैं, कभी आक्रामक हो जाते हैं। उनके समर्थक उनकी इस अदा पर बलिहारी हैं। समर्थकों को लगता है कि कलियुग में वह भगवान का अवतार लेकर आए हैं, सुधार करके जाएंगे। समर्थक उनकी महानता के किस्से आपस में शेयर करते रहते हैं, और नेताजी अपने विचार ट्विटर पर शेयर करते रहते हैं। देश चल रहा है। ट्विटर चल रहा है। नेताजी का संदेश चल रहा है। पब्लिक टुकुर-टुकुर देख रही है, आने वाले अच्छे दिनों की उम्मीद में। नेताजी जनता की उम्मीद के नायक हैं। नेताजी जब ट्वीट करते हैं, तो खबरें बनती हैं। हर लाइक और रीट्वीट को वह जनादेश समझते हैं। नेताजी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करते, क्योंकि सवालों से खतरा होता है। वे कैमरे में देखते हैं, लेकिन जनता की आंखों में नहीं। कभी-कभी उनकी भाषा में कवित्व झलकता है- 'सब चंगा सी, सब चंगा होवेगा।' नेताजी के पीछे पूरा आईटी सेल है, जो ट्रेंड बनाता है, ट्रेंड मिटाता है। पार्टी मीटिंग अब जूम पर होती है और आंदोलन ईवेंट मैनेजमेंट से। जनता की समस्याओं पर फुर्सत नहीं, क्योंकि कैमरा एंगल सेट करना भी एक काम है। नेताजी के हर दौरे में फ्लाइट से ज़्यादा फोटो शूट ज़रूरी होता है। हर नारे में उनका नाम होता है, और हर योजना में उनका चेहरा।

दृष्टि कोण

# लाहुल में बांध, जरा संभल कर

**लाहुल** हिमाचल प्रदेश के जिला लाहुल-स्पीति का पश्चिमी भाग है। जिला को कुंजुम दर्रा दो भागों में बांटता है। पूर्वी ओर स्पीति क्षेत्र पड़ता है जिसका पनढल सतलुज की ओर है, जबकि लाहुल का पनढल उसकी विपरीत दिशा में जम्मू कश्मीर की ओर है। चंद्रभागा इस घाटी के जलागम की निकास प्रणाली है। चंद्रभागा का उद्गम बड़ा शिन्ग्री हिमनद से होता है, जहां इसे चंद्रा नदी ही कहते हैं। नीचे तांदी में जब चंद्रा नदी के साथ भागा नदी का सम्मिलन हो जाता है, तो इसका नाम चंद्रभागा हो जाता है, और जम्मू कश्मीर में प्रवेश करने पर इसे चिनाब कहा जाता है। लाहुल से पश्चिम की ओर चंद्रभागा के निचले हिस्से में जिला चंबा का पांगी क्षेत्र पड़ता है। 1966 में राज्य पुनर्गठन से पहले लाहुल घाटी की उदयपुर तक की पंचायतें जिला चंबा का हिस्सा होती थीं, क्योंकि ये अंग्रेजी शासन काल में चंबा स्टेट का हिस्सा थीं। जब हिमाचल का गठन हुआ तो चंबा स्टेट पूरी की पूरी हिमाचल में मिल गई, किन्तु बाकी का लाहुल पंजाब का हिस्सा रहा। तब उदयपुर के नीचे के लाहुल को छोटा लाहुल या चंबा-लाहुल कहा जाता था और बाकी के लाहुल को ब्रिटिश लाहुल या बड़ा लाहुल कहा जाता था। लाहुल की भूगर्भीय स्थिति बड़ी ही नाजुक है। यह ट्रांस हिमालय में गिना जा सकता है। इसकी ढलानें बहुत ही कच्ची हैं और थोड़ी भी बारिश में बह जाने वाली हैं। वैसे तो इस भौगोलिक परिस्थिति में बारिश बहुत ही कम होती है। वर्ष भर में केवल 6.7 इंच बारिश होती है, वह भी ज्यादातर बर्फ के रूप में। यहां का जलवायु शीत मरुस्थलीय है, किन्तु मिट्टी बहुत उपजाऊ है और विशेषकर बेमौसमी उपज सब्जी, आलू और मटर आदि के लिए बहुत उपयोगी है। यहां का आलू पूरे देश में प्रसिद्ध है और बंगाल तक बीज का आलू यहां से निर्यात होता है। पिछले कुछ वर्षों से मटर की खेती काफी बढ़ी है और यहां की गोभी भी अब अपनी पहचान बना चुकी है। जलवायु परिवर्तन के दौर में तापमान में वृद्धि के चलते यहां भी अब सेब की बागबानी होने लगी है, जबकि पहले यहां का जलवायु सेब के लिए ज्यादा ठंडा था। यह क्षेत्र भूकम्पीय दृष्टि से जोन 5 में पड़ता है, जो अति संवेदनशील श्रेणी में आता है। यह घाटी ग्लेशियरों से भरपूर है। बड़ा शिन्ग्री, छोटा शिन्ग्री और घेपनघाट प्रमुख ग्लेशियर हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि के चलते इन हिमनदों के पिघलने की गति बढ़ती जा रही है। हिमनदों के टूट कर संकरी घाटियों में गिरने के कारण झीलें बन जाती हैं। उनमें पानी जमा होता रहता है।



जब पानी उन कच्चे मलबे के बांधों की ताकत से ज्यादा हो जाता है तो ये झीलें टूट जाती हैं और आकस्मिक बाढ़ों का कारण बनती हैं। 90 के दशक में पारछू नदी में तिब्बत में हिमनद झील के टूटने से आई बाढ़ ने हिमाचल में अप्रत्याशित बाढ़ की स्थिति बना दी थी और भारी नुकसान झेलना पड़ा था। पिछले दो वर्षों में भी हिमाचल में हिमनद पिघलने से बनी झीलों के टूटने के कारण आई बाढ़ों से भारी जन-धन की हानि हुई है, जिससे अभी तक भी प्रदेश उबर नहीं पाया है। गत दिनों राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र हैदराबाद ने हिमालय में 28043 हिमनद झीलों के होने की बात कही है। इनमें से बहुत सी झीलें हिमनद पिघलने की गति तेज होने के कारण आकार में बढ़ती जा रही हैं, जो कभी भी फूट कर निचले क्षेत्रों में भारी बाढ़ का कारण बन सकती हैं। लाहुल के घेपन घाट हिमनद से बनी झील विशेषकर खतरनाक मानी जा रही है। एक अमरीकी अध्ययन संस्थान ने बताया है कि यह झील जो 14000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है, पिछले वर्षों में आकार में बहुत बड़ी हो गई है। 1989 में यह 36.49 हेक्टेयर में फैली थी और अब 2023 में इसका आकार बढ़ कर 101.30 हेक्टेयर हो गया है। बड़ा शिन्ग्री हिमनद में भी ऐसी कई झीलें हैं जो आने वाले समय में खतरनाक सिद्ध हो सकती हैं। बड़ा शिन्ग्री हिमनद गंगोत्री हिमनद के बाद हिमालय का दूसरा सबसे बड़ा हिमनद है। इस संवेदनशील क्षेत्र में कई जल विद्युत परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। यह घाटी आज तक जलविद्युत के लिए दोहन से बची हुई थी, किन्तु अब इसी पर दृष्टि गड़ चुकी है। हाल ही में हिमाचल ने तेलंगाना से दो परियोजनाओं के लिए निर्माण समझौते किए हैं। कुछ निर्माणाधीन हैं। यानी लाहुल से पांगी घाटी तक परियोजनाओं का जाल बिछने वाला है।

# पहलगाम को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

## दीपेन्द्र हुड्डा और सचिन पायलट ने उठाए सवाल



**चंडीगढ़, 25 मई (एजेंसियां)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित जय हिन्' सभा में पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रम पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया गया। कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं के बयानों पर तीखे सवाल उठाए। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के बयानों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने पहलगाम में आतंकियों ने जिनके सुहाग उजाड़ दिये उनके सम्मान को अपने शब्दों से उजाड़ने का काम किया है। उन्होंने महिला आयोग से सवाल किया कि इन बयानों का अब तक संज्ञान क्यों नहीं लिया गया। हुड्डा ने जोर देकर कहा कि जिन बहन-बेटियों का सिंदूर उजड़ा है, वे हमारी बहन-बेटियां हैं और पूरा देश उनके साथ एकजुट है।

उन्होंने भाजपा पर 'दल देश से पहले' की विचारधारा अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा की वीरांगना हिमांशी नरवाल और कर्नल सोफिया कुरैशी को ट्रोल करना, तथा भाजपा के उपमुख्यमंत्री का सेना को 'बीजेपी नेता के चरणों में नतमस्तक' कहना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान एकजुटता को तोड़ने और दुश्मन का मनोबल बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सचिन पायलट ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की एकजुटता का आह्वान करते हुए सरकार से तुरंत संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की, ताकि संसद से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का एक मजबूत संदेश जाए। पायलट ने अमेरिकी राष्ट्रपति के उन बयानों पर भी आश्चर्य व्यक्त किया, जिसमें उन्होंने 8 बार कहा कि भारत को व्यापार के डर या लोभ या दबाव दिखाकर युद्धविराम कराया गया। उन्होंने सरकार से इस 'विवशता' का कारण बताने को कहा और सवाल किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति या विदेश मंत्री ने कहीं भी आतंकवाद शब्द का जिक्र क्यों नहीं किया।पायलट ने भाजपा नेताओं द्वारा सेना और शहीदों के खिलाफ 'अमर्यादित भाषा' के प्रयोग पर शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी पर सवाल उठाया और कहा कि भाजपा को दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। दीपेन्द्र हुड्डा ने पाकिस्तान को आईएमएफ से 1 अरब से अधिक का ऋण मिलने पर भी सवाल उठाया, यह पूछते हुए कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को दुनिया इनाम नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को राजनीति से ऊपर मानती है और दुश्मन के खिलाफ एकजुटता से खड़ी रहेगी।

सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, सांसद जय प्रकाश, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने देश के सशस्त्र बलों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव भी पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस ने विधायक अशोक अरोड़ा के साथ हुई घटना पर भी कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार को कानूनी कार्रवाई के लिए 3 दिन का समय दिया और चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर वे आगे की रणनीति तय करेंगे।

## कांग्रेस पार्टी में सवाल उठाने वाले लोग मंदबुद्धि, देश को सेना पर गर्व : ढांडा

**रोहतक, 25 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा सरकार में मंत्री महिपाल ढांडा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत पूरी कांग्रेस पार्टी को मंदबुद्धि करार दिया है। रोहतक में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आज पूरे देश को अपनी सेना पर गर्व है। सेना ने जिस तरह से वीरता का परिचय दिया, देशभर में उनके सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। लेकिन, राहुल गांधी और कांग्रेस इस वक्त भी राजनीति करने में लगी है। इसलिए, यह मंदबुद्धि वाले लोग हैं। जिनके बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।



हाल ही में राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान को लेकर उनपर आरोप लगाए थे। हालांकि, विदेश मंत्रालय की ओर से राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया था। पहलगाम पीड़ितों पर भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के विवादित बयान पर जब मंत्री महिपाल ढांडा से सवाल किया गया तो वह सवाल को टालते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत बयान हैं, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा। क्योंकि, यह पार्टी का बयान नहीं है। यह उनकी निजी राय है। अब उन्होंने ऐसा क्यों बोला है, इस बारे में तो वह ही स्पष्टीकरण दे सकते हैं।भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि पहलगाम में अपना सिंदूर खोने वाली महिलाओं-बेटियों में वीरांगनाओं सा जज्बा नहीं था। अगर उनमें जज्बा होता तो वे लड़तीं। अगर वे लड़तीं तो पहलगाम में इतने लोग नहीं मरते। साथ ही तीनों आतंकवादी भी मारे जाते। मन की बात कार्यक्रम को लेकर मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री की 122वीं मन की बात का सम्मान करता हूं।

## विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा संगठन : बंडारू दत्तात्रेय

**चंडीगढ़, 25 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को पानीपत के समालखा में आयोजित विद्या भारती के प्रांतीय आचार्य सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने मूल्य आधारित और समावेशी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जो उद्योग की उभरती जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप हो। दत्तात्रेय ने शिक्षकों, अकादमिक नेताओं और विद्वानों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रटने और अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यह छात्रों में नैतिक मूल्य, आलोचनात्मक सोच और नवाचार की भावना विकसित करे। उन्होंने समावेशी, सुलभ और सामाजिक-आर्थिक विविधता के अनुकूल शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और वैश्विक कार्यबल की मांगों के अनुरूप कौशल से लैस करना होगा। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों का करुणा और ज्ञान के साथ मार्गदर्शन करने का आह्वान किया। दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा सरकार अनेक पहल कर रही है। उन्होंने स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार, डिजिटल लर्निंग टूल्स के एकीकरण, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

राज्यपाल ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा संगठन है, जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों का बीज बो रहा है। संस्थान द्वारा संचालित लगभग 25000 शिक्षण संस्थानों में 1.50 लाख आचार्यों द्वारा लगभग 32 लाख से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने विद्या भारती के शैक्षिक सुधारों और शिक्षक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रांतीय आचार्य सम्मेलन जैसे मंच राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो शैक्षणिक नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर, एंटी करप्शन ब्यूरो के निदेशक व संस्थान के पूर्व छात्र शक्ति पाठक एवं विद्या भारती के महामंत्री देशराज शर्मा ने भी सम्मेलन में अपने विचार रखें।

## पहलगाम हमले पर विवादित बयान देने वाले सांसद जांगड़ा को हटाए भाजपा : चौटाला

**चंडीगढ़, 25 मई (एजेंसियां)।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नियुक्तियों में हो रही गड़बड़ के मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। पत्रकारों से रूबरू होते हुए दिग्विजय ने कहा कि सीडीएलयू का कार्यभार संभाल रहे वाइस चांसलर प्रो. नरसीराम बिश्नोई यूनिवर्सिटी में अपनी मनमर्जी के तहत पुराने कर्मचारियों को हटाकर अपने करीबियों को एडजस्ट करने में लगे हुए, जो कि सरासर गलत है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि सीडीएलयू में हॉस्टल वार्डन के तौर पर कार्य करने वाली दो महिला कर्मचारियों को बिना किसी वजह के हटा दिया गया, जबकि सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के मुताबिक किसी स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने तक उन्हें नहीं हटाया जा सकता। दिग्विजय ने कहा कि सीडीएलयू की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला द्वारा युवाओं को शिक्षा क्षेत्र में सही दिशा तय करने के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन मौजूदा वाइस चांसलर अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रहे है और वे इसके खिलाफ बहुत ही जल्द हरियाणा के महामहिम राज्यपाल मिलकर



यहां कार्यभार संभाल रहे वाइस चांसलर को तत्काल उनके पद से हटाने की मांग करेंगे। साथ ही उनके गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर पद से भी हटाने की मांग भी करेंगे।

सीडीएलयू से संबंधित एक और गंभीर मुद्दे पर दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने यहां के स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल का नाम पंजाब के पूर्व सीएम स्व. प्रकाश सिंह बादल के नाम पर घोषित किया था, मगर मौजूदा वाइस चांसलर ने यह नाम वीर सावरकर के नाम पर कर दिया। दिग्विजय ने कहा कि उन्हें वीर सावरकर के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस क्षेत्र में किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले प्रकाश सिंह बादल के योगदान को किसी भी प्रकार से कम नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन वीर सावरकर का नाम सीडीएलयू में किसी अन्य भवन का कर दें, लेकिन पहले से ही घोषित स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल का नाम सरदार प्रकाश सिंह बादल के नाम पर ही रहना चाहिए। दिग्विजय ने कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री हरियाणा को विशेष तौर पर दखल देना चाहिए और यदि इस दिशा में सरकार उदासीन रहती है तो जेजेपी सड़क पर उतरकर सरकार को यह करने पर विवश करेगी।

## गोसेवा के साथ परिंदों की सेवा का भी दिया गया संदेश

### टोंक में वैश्य महासम्मेलन का 35वां मासिक सेवा आयोजन



**टोंक, 25 मई (एजेंसियां)।** टोंक में शनिवार को सेवा, श्रद्धा और संस्कार का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से आयोजित 35वीं मासिक गोसेवा में जहां गायों की सेवा कर सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित किया गया, वहीं पेड़ों पर परिण्डे लगाकर पक्षियों की प्यास बुझाने का संदेश भी दिया गया।

चतुर्भुज तालाब के पास कामधेनु गोशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्य समाज के सदस्यों ने गुड़, खल, भूसा और हरा चारा खिलाकर गायों की सेवा की। इस दौरान गोशाला परिसर में परिंडे लगाए गए, जिनमें पानी भरकर आने-जाने वाले पक्षियों के लिए जीवनदायिनी राहत का प्रबंध किया गया। हर सनातनी का यह धर्म है कि वह अपनी सामर्थ्य अनुसार गोसेवा करे। गोमाता की सेवा सभी मनोरथों को पूर्ण करती है। इस आयोजन में महिला शक्ति की भागीदारी भी उत्साहजनक रही। महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब ने कहा कि जहां गोसेवा धर्म का हिस्सा है, वहीं परिंदों की सेवा प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व है। महिला शहर अध्यक्ष रेखा जैन ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत किया।

## 76 किलो से ज़्यादा हरा गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**दौसा, 25 मई (एजेंसियां)।** जिले के लवाण थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे के 136 हरे पौधे जब्त किए हैं, जिनका कुल वजन 76 किलो 970 ग्राम है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रामकंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं में बढ़ती नशे की लत को देखते हुए क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में पुलिस टीम जब बनियाना गांव में गश्त पर थी, तब सीताराम सैनी के एक खाली भूखंड में गांजे की खेती होने की जानकारी मिली।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर 136 हरे गांजे के पौधे बरामद किए, जिनका वजन लगभग 77 किलो के करीब था। मौके से आरोपी सीताराम सैनी पुत्र नाथूलाल सैनी, निवासी कोली मोहल्ला, बनियाना को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी के साथ हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह, पूनीलाल, उम्मेद सिंह, सुमेर सिंह, प्रसादी लाल और बृजमोहन शामिल रहे।

## कोरोना से फिलहाल चिंतित होने की जरूरत नहीं : खींवसर

**जयपुर, 25 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने शनिवार को कहा कि कोरोना से परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सब कुछ नियंत्रण में है।




देशभर में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। प्रत्येक राज्य का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। लेकिन, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री कोरोना की वजह से फिलहाल चिंतित नहीं हैं। गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा, देश में 140 करोड़ की जनसंख्या है। इसमें अबतक 246 लोग संक्रमित हुए हैं। कोरोना का जो नया वेरिएंट है वह उतना खतरनाक नहीं है। फिलहाल कोरोना चिंता का विषय नहीं है। लेकिन, अभी से अलर्ट रहना हम सभी के लिए सही होगा।

कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुंबई, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या ने आम जनता में डर का माहौल बना दिया है।

सवाई मानसिंह अस्पताल में एक गर्भवती महिला को गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ाने को लेकर हाई पावर कमेटी बनाई गई है जो तथ्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह तय करेगी कि किस स्टाफ की गलती थी जिसकी वजह से यह घटना हुई। इस मुद्दे पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जांच की जा रही है। जो भी जिम्मेदार होगा उसे सजा दी जाएगी।हनुमान बेनीवाल सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा रद्द करने को लेकर रविवार को बड़ी रैली करने वाले हैं। इस पर गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा, हनुमान बेनीवाल दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं कमेटी का सदस्य हूं, हम पूरी जांच कर रहे हैं, कोर्ट ने एक डेट दी है।

## जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**जयपुर, 25 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई और त्वरित समाधान के लिए जयपुर जिले में नियमित जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कालवाड़ तहसील की बेगस ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर की अपील पर 128 लोगों ने गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने की सहमति दी एवं 30 से अधिक लोगों ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना का लाभ लेने का संकल्प लिया।

रात्रि चौपाल कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उनकी परिवेदनाएं सुनीं। रात्रि चौपाल में प्रमुख रूप से पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा, पेंशन, पट्टे, राजस्व रिकॉर्ड शुद्धि, अतिक्रमण, श्मशान एवं खेल मैदान हेतु भूमि आवंटन से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से अधिकतर परिवादों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,ली,लू,ले,लो,अ**
अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को ख़ुशनुमा बना देगा। एक बेहतरीन शाम के लिए दोस्त घर आ सकते हैं। आपकी थकी और उदास ज़िन्दगी आपके जीवन-साथी को तनाव दे सकती है। आप क़ामयाबी ज़रूर हासिल करेंगे – बस एक-एक करके महत्वपूर्ण क़दम उठाने की ज़रूरत है। जीवन की आपा-धापी के बीच आज आप अपने बच्चों के लिए वक्त निकालेंगे। उनके साथ वक्त गुज़ार के आपको महसूस हो सकता है कि आपने जीवन के कई जरूरी पल गवां दिए हैं। जीवनसाथी के ख़राब स्वास्थ्य की वजह से आपका कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**
सफलता हासिल करने के लिए समय के साथ अपने विचारों में बदलाव लाएँ। समय और धन की क़द्र आप को करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक्त परेशानियों भरा रह सकता है। अपने परिवार के साथ रूखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है। किसी भी ख़र्चीले काम या योजना में हाथ डालने से पहले ठीक तरह से सोच-विचार कर लें। देर शाम तक आपको कहीं दूर से कोई अच्छी ख़बर सुनने को मिल सकती है। यह आपके पूरे वैवाहिक जीवन के सबसे ज़्यादा स्नेहपूर्ण दिनों में से एक हो सकता है।

**मिथुन – क,कि,कु,घ,ङ,छ,के,को,ह**
जिन लोगों ने अपना पैसा सट्टेबाज़ी में लगा रखा था आज उन्हें नुक़सान होने की संभावना है। सट्टेबाज़ी से दूर रहने की आपको सलाह दी जाती है। परिवार और बच्चों के साथ बिताया समय आपको फिर ऊर्जा से लबरेज़ कर देगा। शाम ढलते-ढलते कोई आकस्मिक घटना आपके दिलोदिमाग पर छा सकता है। भागीदार आपकी योजनाओं और व्यावसायिक ख़यालों के प्रति उत्साही होंगे। तनाव से भरा दिन, जब नज़दीकी लोगों से कई मतभेद उभर सकते हैं। आज के दिन आपके और आपके जीवनसाथी के लिए गहरी आत्मीयतापूर्ण बातें का सही समय है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**
आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। किसी पुराने दोस्त से अचानक मुलाक़ात संभव है, जिसके चलते पुरानी ख़ुशनुमा यादें फिर तरोताज़ा होंगी। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी खास से होने की संभावना है लेकिन बात को आगे बढ़ाने से पहले यह जरूर जान लें कि कहीं वो शख़्स किसी के साथ रिश्ते में न हो। आज के दिन कुछ भी करने के लिए अपने साथी पर दबाव न डालें, अन्यथा आपके दिलों में दूरियां आ सकती हैं।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**
आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आज आपको भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की ज़रूरत है। आप अपनी परेशानियों को भूलकर परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अगर आपका साथी अपना वादा न निभाए तो बुरा महसूस न करें– आपको बैठकर बातचीत के ज़रिए मामला सुलझाने की ज़रूरत है। बिना किसी को अवगत कराए ही आज आपके घर में किसी दूर के रिश्तेदार की एंट्री हो सकती है जिसके कारण आपका समय ख़राब हो सकता है जीवनसाथी आपका रिश्ता मज़बूत होगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**
अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। आज इस राशि के कुछ बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। आपके बच्चे के पुरस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए ख़ुशनुमा एहसास रहेगा। यह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके ज़रिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे। खाली वक़्त में कोई पुस्तक पढ़ सकते हैं। हालांकि आपके घर के बाकी सदस्य आपकी एकाग्रता को भंग कर सकते हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**
आज के दिन धन हानि होने की संभावना है इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में जितना आप सतर्क रहेंगे उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा। अपने आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे कार्यक्षेत्र के नज़रिए से आज का दिन आपके लिए अच्छा है। इसका भरपूर फ़ायदा उठाएँ। इस राशि के छात्र-छात्राएं आज अपने कीमती समय का दुरुपयोग कर सकते हैं। असुरक्षा की वजह से आप वैवाहिक जीवन में ख़ुद को घुटा हुआ अनुभव कर सकते हैं। इसलिए आपको ज़रूरत है तो जीवनसाथी के साथ बातचीत करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**
आज घर की छोटी-छोटी चीज़ों पर आज आपका बहुत धन खर्च हो सकता है जिसकी वजह से आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं। प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौक़ा साबित होंगी। आपको पता लग सकता है कि आपके बॉस आपसे इतने रूखेपन से क्यों बात करते हैं। वजह जानकर आपको वाक़ई तसल्ली होगी। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**
आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खासा धन खर्च हो सकता है। कुल मिलाकर फ़ायदेमंद दिन है। लेकिन आप समझते थे जिसपर आप आँखें बंद करके यक़ीन कर सकते हैं, वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपकी क़ामयाबी में महिलाएँ अहम किरदार अदा करेंगी, चाहे आप किसी भी क्षेत्र में क्यों न हों। अगर आप ख़रीदारी पर जाएँ तो ज़रूरत से ज़्यादा ढीले हाथ करने से बचें। अपने जीवनसाथी से बात करें और कुछ मस्तीभरी योजना बनाएँ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**
सेहत बढ़िया रहेगी। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को ज़िंदगी में जगह भी दे सकते हैं। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी ख़बर आपके पूरे परिवार के लिए ख़ुशी के लम्हे लाएगी। आज आपके प्रिय को आपके अस्थिर रवैये के चलते आपसे तालमेल बिठाने में काफ़ी दिक़्क़त का सामना करना पड़ेगा। यात्रा आपके लिए आनन्ददायक और बहुत फ़ायदेमंद होगी। जीवनसाथी से बिना पूछे योजना बनाएंगे, तो उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**
प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। उधार मांगने वाले लोगों को नज़रअन्दाज़ करें। अचानक आयी ज़िम्मेदारी आपकी दिन की योजनाओं में बाधा डाल सकती है। आप पाएंगे कि आप दूसरों के लिए ज़्यादा और ख़ुद के लिए कम कर पा रहे। प्रेम-जीवन में आशा की नयी किरण आयेगी। साझेदारी में किए गए काम आख़िरकार फ़ायदेमंद साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से काफ़ी विरोध का सामना करना पड़ सकता है। आज आप अपने जीवनसाथी से काफ़ी आत्मीय बातचीत कर सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**
जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। अगर आप अपनी घरेलू ज़िम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज़ हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। आपके प्रेमी या प्रेमिका आज बहुत गुस्से में नज़र आ सकते हैं इसकी वजह उनके घर की स्थिति होगी। अगर वो गुस्से में हैं तो उन्हें शांत करने की कोशिश करें। तरोताज़गी और मनोरंजन के लिए बढ़िया दिन, लेकिन अगर आप काम कर रहे हैं तो व्यावसायिक लेन-देन में सावधानी की ज़रूरत है। अगर आप अपने घर से बाहर रहकर पढ़ाई या नौकरी करते हैं तो आज के दिन आप खाली समय में अपने घर वालों से बात कर सकते हैं। घर की किसी ख़बर को सुनकर आप भावुक भी हो सकते हैं।

## आज का पंचांग

दिनांक : 26 मई 2025 , सोमवार
विक्रम संवत : 2082
मास : ज्येष्ठ ,कृष्ण पक्ष
तिथि : चतुर्दशी दोपहर 12:14 तक
नक्षत्र : भरणी प्रातः 08:24 तक
योग : सौभाग्य प्रातः 11:05 तक
करण : वणिज सायं 03:54 तक
चन्द्रराशि : मेष दोपहर 01:41 तक
सूर्योदय : 05:41 , सूर्यास्त 06:44 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:52 , सूर्यास्त 06:41 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:44 , सूर्यास्त 06:34 ( तिरुपति )

**शुभ चौघड़िया**
अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– पितृकार्य–सोमवती अमावस्या, वट सावित्री व्रत , शनि जयंती

✻ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ✻

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में बड़ी धूम से निकली तिरंगा यात्रा

# काशी ने दी ऑपरेशन सिंदूर को सलामी

## बनारस की गलियों में गूंजा जय हिंद, जय भारत का नारा







**वाराणसी, 25 मई (एजेंसियां)।** वाराणसी में बड़ी धूम के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर हुए इस आयोजन में जनता ने भारतीय सैनिकों के प्रति अपना आभार जताया।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों, महिलाओं और साधु-संन्यासियों के साथ यह यात्रा कई इलाकों में पहुंची तो लोग जय हिंद, जय भारत के नारे लगाने लगे।

जनपद स्तर पर विशाल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गेट नंबर 2 से शुरू होकर गेट नंबर 3 से निकलकर सरदार पटेल चौराहा, मलदहिया, लहुराबीर होते हुए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान पर पहुंची। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तिरंगा लहराया और तिरंगा यात्रा प्रारंभ कराई। वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद्र श्रीवास्तव ने टीम के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत किया और पूरी यात्रा में शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान लोग अपनी-अपनी छतों से इस विहंगम नजारे की तस्वीरें ले रहे थे और वीडियो बना रहे थे। बहुतेरे बच्चे तिरंगा यात्रा को सलामी देते दिखे।

तिरंगा यात्रा में शामिल लोग जहां एक ओर हाथों में तिरंगा लहरा रहे थे वहीं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं 250-250 मीटर लंबे तिरंगे को हाथों में लिए भारत माता की जय जयकार लगाते चल रहे थे। यात्रा में डिप्टी सीएम भी साथ में चल रहे थे। यात्रा मलदहिया चौराहे पर पहुंची तो उन्होंने यहां स्थित भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा व लहुराबीर स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर भारत की एकता और अखंडता का संकल्प दिलाया और चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यह संकल्प लिया गया है कि भारत एक है, भारत श्रेष्ठ है, भारत विजेता है और उन्होंने भारतीय सेना को बधाई दी।

तिरंगा यात्रा के प्रति काशीवासियों में जबरदस्त उत्साह दिखा। विद्यालय के छात्र, छात्राएं, महिलाएं, एनसीसी के कैडेट, पूर्व सैनिक, सामाजिक संस्थाओं के लोग, विभिन्न व्यापार मंडल के साथ ही खाद्य व्यापार मंडल के लोग, काशी में रहने वाले विभिन्न भाषा-भाषी समाज के लोग अपनी परंपरागत वेषभूषा में तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम, का गगनभेदी उद्घोष कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में सबसे आगे महिलाएं, महिला स्वयंसेवी संगठन, विभिन्न धार्मिक आध्यात्मिक समूहों के लोग, अल्पसंख्यक समूह के लोग, डॉक्टर, अधिवक्ता, सीए, शिक्षक आदि समूह के लोग थे। इसके बाद आईटीआई एवं उच्च शिक्षा संघ के छात्र एवं स्टाफ तत्पश्चात एनसीसी, भारत स्काउट गाइड व एनएसएस के छात्र थे। उसके पीछे एनडीआरएफ, 39 जीटीसी, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस बैंड, पैरामिलिट्री फोर्स के एक एक बैंड एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक भी थे।

इसके बाद शहर के विभिन्न एसोसिएशन लायंस क्लब, सिविल डिफेंस, रेड क्रॉस नव युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, पूर्व सैनिक, विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, आईआईएमए के सदस्य थे। इसके पीछे सफाई मित्र, कोटेदार एवं सिविल डिफेंस के लोग थे। इसके पीछे जिले की सभी आठों विधानसभाओं के उत्तरी, दक्षिणी, केंट, सेवापुरी, रोहनिया, शिवपुर, अजगरा व रोहनिया विधानसभा के सम्मानित नागरिक चल रहे थे। कार्यक्रम में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वाइस चांसलर आनंद कुमार त्यागी, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल, मेयर अशोक तिवारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, विधायक नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक अवधेश सिंह, विधायक टी राम, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, एमएलसी अश्वनी त्यागी, पूर्व विधायक जगदीश पटेल, एमएलसी धर्मेंद्र राय, पूर्व मेयर राम गोपाल मोहले, मृदुला जायसवाल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर मौजूद थे।

इस दौरान सुसज्जित मंच का निर्माण किया गया, जहां शहनाई वादक द्वारा शहनाई से देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी और पदाधिकारियों ने गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया।

# उत्तर प्रदेश में खत्म होगी जाम की समस्या

## 6124 करोड़ से बनेंगे 62 रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर

लखनऊ, 25 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के लिए रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर का निर्माण जारी है। सीएम योगी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 62 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिससे प्रदेश के यातायात में अप्रत्याशित सुधार आएगा। इसपर 6,124 करोड़ रुपए नए निर्माण पर खर्च होंगे।

लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिन्हित किए गए हैं। इनमें 6,124 करोड़ रुपए नए निर्माण पर खर्च होंगे। लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए यह काम प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे जिनमें आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई मानकों को आधार बनाया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार सरकार का यह कदम न केवल उत्तम कनेक्टिविटी तैयार करेगा बल्कि यातायात प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिन 62 बाईपास और रिंग रोड का निर्माण किया जाना है उनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्ययोजना के अनुसार, एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर परिषदों व पालिकाओं द्वारा प्रस्ताव दिए जाने पर आबादी व प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा किया जाएगा। हालांकि जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजर रहे हैं, ऐसी नगर पालिकाओं व परिषदों को शामिल नहीं किया जाएगा। इन क्षेत्रों में रिंग रोड और बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

# सोना तस्करी करने वाला अंतरराष्ट्रीय गिरोह पकड़ाया

## चार तस्करों के पेट से निकली सोने का 27 कैप्सूल

**मुरादाबाद, 25 मई (एजेंसियां)।** सऊदी अरब से लौटे चार लोगों के पेट से सोने के 27 कैप्सूल बरामद होने के बाद सोने की तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।

बरामद किए गए प्रत्येक कैप्सूल का वजन करीब 35 ग्राम है। इस प्रकार अब तक करीब एक किलो सोना बरामद किया गया है। चारों तस्करों को जिला अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच भर्ती कराया गया है, जहां उनके पेट से सोना निकालने की प्रक्रिया जारी है। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं।

शुरुआत उस वक्त हुई जब सऊदी से लौटे छह लोगों को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर पुराने टोल प्लाजा के पास बदमाशों ने अगवा कर लिया। बदमाशों को सूचना मिली थी कि इन लोगों के पेट में सोना है। अपहरण की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए सभी छह लोगों को छुड़ा लिया गया। छानबीन में पता चला कि सभी रामपुर जिले के टांडा बादली निवासी हैं। इनमें शाने आलम, मुतल्लवी, मोहम्मद नावेद, जाहिद अली, अजहरुद्दीन और जुल्फेकार शामिल हैं। ये सभी सऊदी अरब में काम करते हैं और शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रामपुर लौट रहे थे। पुलिस को सूचना थी कि इन लोगों के पेट में सोना है, इसलिए शनिवार को सभी का पहले सीएचसी मूंढापांडे में अल्ट्रासाउंड कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने कुछ भी होने से इन्कार कर दिया। जब पुलिस ने उन्हें जिला अस्प-ताल रेफर करने को कहा, तो डॉक्टर आनाकानी करने लगे, जिससे शक और गहरा गया।

इसके बाद पुलिस ने सभी छह लोगों को निजी लैब में ले जाकर अल्ट्रासाउंड कराया। जहां शाने आलम, मुतल्लवी, अजहरुद्दीन और जुल्फेकार के पेट में सोने की पुष्टि हुई। वहीं मोहम्मद नावेद और जाहिद अली के पेट में कुछ नहीं मिला। बाद में जिला अस्पताल की लैब में दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया गया, जिसमें भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। अब तक मेडिकल टीम ने चारों के पेट से 27 सोने के कैप्सूल निकाल लिए हैं और डॉक्टरों का कहना है कि कुछ कैप्सूल अभी और बाकी हैं।

चारों को विशेष दवाइयां और भोजन दिया जा रहा है, ताकि कैप्सूल बाहर निकाले जा सकें। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मामला कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है और उनके सहयोग से आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बदमाशों के नेटवर्क को भी ट्रेस किया जा रहा है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन लोगों ने सऊदी से सोना कैसे लाया और किन लोगों के संपर्क में रहकर तस्करी की योजना बनाई। इस पूरे घटनाक्रम से सुरक्षा एजेंसियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। कस्टम विभाग अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

मूंढपांडे पुलिस की जांच पड़ताल में सामना आया है कि सऊदी अरब से लौट रहे लोगों की बदमाशों से मुखबीरी रामपुर टांडा के ही कुछ लोगों ने की थी। पुलिस उन सभी की तलाश में जुट गई है। इनमें तस्करों के कुछ करीबी भी शामिल हैं। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है।

उनके जरिए बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। सोना तस्करों को पुलिस जब अस्पताल लेकर पहुंची थी तब उनके परिजन भी पहुंच गए थे। जैसे ही पेट में सोना होने की पुष्टि हुई तो सभी परिजन भाग निकले।

# इलाहाबाद विवि में प्रवेश के लिए 26 विदेशी छात्रों ने दिखाई रुचि

**प्रयागराज, 25 मई (एजेंसियां)।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब जल्द ही विदेशी छात्रों के प्रवेश के लिए आ-वेदन शुरू होंगे। इस बार 26 विदेशी छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए रुचि दिखाई है।

इलाहाबाद विवि समेत देश के सभी विश्वविद्यालयों में भारत सरकार के स्टडी इंडियन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश लिए जाते हैं। पिछले साल केवल सात विदेशी छात्रों ने इविवि में प्रवेश के लिए रुचि दिखाई थी और बाद में इनमें से केवल तीन छात्रों ने ही विश्वविद्यालय में प्रवेश लिए था। लेकिन, इस बार स्थिति काफी बेहतर है। भारत सरकार के स्टडी इंडियन पोर्टल पर 26 विदेशी छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने की इच्छा जताई है। इनमें बांग्लादेश, इंडोनेशिया व नेपाल के छात्र हैं। बांग्लादेश से हिंदू छात्रों के आवेदन ही आए हैं। इन छात्रों को 12 अंकों वाला एक यूनिक आईडी नंबर जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से इनका वीजा बनेगा और इसी के जरिये उनके आवेदन को आगे बढ़ाया जाएगा।

इलाहाबाद विवि में इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर प्रो. विष्णु प्रभाकर का कहना है कि स्टडी इंडिया पोर्टल पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए पिछले साल के मुकाबले इस बार चार गुना अभ्यर्थियों ने रुचि दिखाई है। नोटिफिकेशन जारी होते ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विदेशी छात्र अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के माध्यम से आवेदन करेंगे। देश के किसी भी विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के प्रवेश में संस्थान की नैक ग्रेडिंग व एनआईआरएफ रैंकिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मानकों के अनुसार विदेशी छात्र नैक ग्रेड ए-प्लस वाले संस्थानों या उन संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं, जिनकी एनआईआरएफ रैंक 100 के भीतर है। इसके अलावा उन संस्थानों में भी प्रवेश ले सकते हैं, जो इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस की श्रेणी में आते हैं। नैक ग्रेड व एनआईआरएफ रैंक के मामले में इविवि निर्धारित मानक से पीछे है, लेकिन इविवि की गिनती इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस की श्रेणी में होती है। ऐसे में विदेशी छात्र इलाहाबाद विवि में प्रवेश ले सकते हैं।

इलाहाबाद विवि एवं संघटक महाविद्यालयों में परास्नातक (पीजी) प्रवेश के लिए आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। 55 विषयों में पीजी की कुल 7,231 सीटों पर दाखिले होने हैं और प्रवेश परीक्षा के लिए 32,867 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा 10, 11, 12 और 13 जून को प्रस्तावित है। इलाहाबाद विवि प्रशासन एक सप्ताह के अंदर प्रवेश परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी करने की तैयारी में है।

### बिजली को प्राइवेट करने पर योगी सरकार आमादा

# यूपी में 29 मई से बिजली कर्मियों की हड़ताल

**लखनऊ, 25 मई (एजेंसियां)।** निजीकरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश के लाखों बिजली कर्मचारी 29 मई से हड़ताल पर चले जाएंगे। बिजली विभाग से जुड़े संगठनों ने साफ किया है कि हड़ताल के दौरान कौन-कौन से काम नहीं होंगे।

हड़ताल के मद्देनजर ग्राहकों से कहा गया है कि बिजली कनेक्शन लेने वाले लोग कनेक्शन का बकाया बिल 29 मई से पहले जमा करा दें।

दरअसल, दो कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल की बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की चल रही कार्रवाई के विरोध में लखनऊ समेत प्रदेशभर में कर्मचारी और अभियंता 29 मई से कार्यालय आएंगे, लेकिन काम नहीं करेंगे।

इनकी ओर से बेमियादी कार्य बहिष्कार शुरू करने का नोटिस जारी किया गया है, जिससे बिजली महकमे में हड़कंप मचा है।

इससे राजधानी के 14 लाख उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। उपकेंद्र, उपखंड, खंड के कर्मचारी एवं अभियंता काम करना बंद कर देंगे तो हड़ताल (कार्य बहिष्कार) होने तक न तो बिजली कनेक्शन पाएंगे और न ही कटी बिजली चालू हो सकेगी।

जेई संगठन ट्रांस एवं सिस गोमती इकाई के अध्यक्ष क्रमश: चंदशेखर और अरविंद कुमार और विद्युत तकनीकी कर्मचारी एकता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष वीके सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि बेमियादी कार्य बहिष्कार आंदोलन के दौरान नियमित कर्मचारी, अभियंता प्रमुख रूप से चार कामों का बहिष्कार करेंगे।

यह चार काम उपभोक्ता एवं विभाग की लिहाजा से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं।

### हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# ईडब्लूएस वर्ग की महिलाओं के लिए 20% आरक्षण दे सरकार

**प्रयागराज, 25 मई (एजेंसियां)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक (सिविल पुलिस)/प्लाटून कमांडर पीएसी भर्ती-2021 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के पदों में महिलाओं को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देते हुए नई मेरिट सूची बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही रिक्त पदों पर उनकी नियुक्ति किए जाने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार भविष्य में ईडब्लूएस वर्ग में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण सुनिश्चित करे। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने नेहा शर्मा और 53 अन्य की याचिका पर दिया।



गौतम बुद्ध नगर की नेहा शर्मा और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि पुलिस उपनिरीक्षक (सिविल पुलिस)/प्लाटून कमांडर पीएसी भर्ती-2021 में कुल लगभग 9027 पद थे। ईडब्लूएस के लिए 10 प्रतिशत 952 पद थे। महिलाओं के लिए ईडब्लूएस की 902 पद में 20 प्रतिशत लगभग 181 पद पर महिलाओं की नियुक्ति की जानी चाहिए थी। लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। ईडब्लूएस में महिलाओं को मात्र 34 सीटें ही मिलीं। राज्य ने दलील दी कि सामान्य और ईडब्लूएस की श्रेणियों को जोड़कर कुल 903 सीटें महिलाओं को दी गईं।

कोर्ट ने इसे गलत ठहराते हुए कहा कि ईडब्लूएस की सीटों में महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण अलग से लागू होना चाहिए। राज्य व अन्य प्रतिवादियों को अलग मेरिट सूची बनाते हुए रिक्त पदों पर मेरिट के अनुसार नियुक्ति देने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि चयनित उम्मीदारों को हटाया नहीं जाएगा। वहीं, ईडब्लूएस श्रेणी के पूर्व सैनिकों की याचिका को रिक्त पदों का डेटा न होने के कारण खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। इसके तहत जनरल, ओबीसी, एसी/एसटी और ईडब्लूएस श्रेणी में जितने पद होंगे उन पदों में से 20 प्रतिशत महिलाएं नियुक्ति की जाएंगी।



# प्लेऑफ से पहले आरसीबी में जोश हेजलवुड की हुई वापसी

नई दिल्ली,25 मई (एजेंसियां)।

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। सिर्फ कुछ लीग मुकाबले बाकी हैं, उसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे और फिर 3 जून को फाइनल खेला जाएगा। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है।**

टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टीम से जुड़ गए हैं। आरसीबी को अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मंगलवार अर्थात 27 मई को खेलना है। इसके बाद प्लेऑफ मुकाबले शुरु हो जाएंगे। ऐसे में आरसीबी के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि उनकी टीम का प्रमुख तेज तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड वापस आ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के आगमन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, वो आ गया। स्वागत है जोश रेजिनाल्ड हेजलवुड!

दरअसल, जोश हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में अपना आखिरी मैच 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था। इसके बाद तीन मई को वह कंधे की चोट के चलते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। फिर भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते 9 मई को आईपीएल एक हफ्ते के लिए सस्पेंड हो गया था। तब हेजलवुड अपने घर लौट गए थे। बाद में 17 मई को फिर से सीजन की शुरुआत हुई। ऐसे में अब हेजलवुड एक बार फिर अपनी टीम के साथ जुड़ गए हैं। हेजलवुड के आने से टीम को मजबूती मिलेगी।

34 साल के जोश हेजलवुड ने अब तक आईपीएल 2025 में कुल 10 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 8.44 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 18 विकेट झटके हैं।

हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से लॉर्ड्स में खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं। इस सब के बावजूद जोश हेजलवुड आरसीबी के साथ जुड़े हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीकांत मलयेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में हारे




**क्वालालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के श्रीकांत को यहां हुए मलयेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत को आधे घंटे से अधिक समय तक चले पुरुष एकल खिताबी मुकाबले में चीन के ली शी फेंग ने सीधे गेम में 11-21, 9-21 से हरा दिया। इससे श्रीकांत के पास आया खिताब जीतने का अवसर निकल गया। श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करते हुए छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के फाइनल में प्रवेश किया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफायर से लेकर फाइनल तक अच्छा प्रदर्शन किया था पर फाइनल में वह चीनी खिलाड़ी के सामने टिक नहीं पाये। श्रीकांत ने इससे पहले सेमीफाइनल में विश्व के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को 21-18, 24-22 से हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ जीत हासिल की थी। इसके अलावा क्वार्टर फाइनल में पोपोव को 24-22, 17-21, 22-20 से पराजित किया जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल में गुयेन को 23-21, 21-17 से हराया था।

### इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को एक पारी और 45 रनों से हराया



**नॉटिंघम।** स्पिनर शोएब बशीर की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए चार दिवसीय मैच को एक पारी और 45 रनों से जीत लिया। 22 साल बाद दोनो टीमों के बीच हुआ ये मुकाबला तीन दिनों में ही समाप्त हो गया। इंग्लैंड की ओर से बशीर ने 9 विकेट लेकर जिम्बाब्वे को कोई अवसर नहीं दिया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक क्रॉली 124, बेन डकेट 140 और ओली पोप 171 के शतकों की सहायता से 6 विकेट पर 565 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसके बाद जिम्बाब्वे ने 265 रन बनाए। उसके सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 97 गेंदों में 139 रन बनाये। बेनेट ने अपनी पारी में 26 चौके लगाये पर अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिलने से टीम की बल्लेबाजी ढह गयी। फॉलो-ऑन खेलते हुए विलियम्स 50 और सिकंदर रजा 44 की पारियों से जिम्बाब्वे ने 255 रन बनाये। जिससे टीम दूसरी पारी में भी 255 रनों पर ही सिमट गयी। बशीर ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इस मैच में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। जि ाब्वे के बल्लेबाजों ने अपनी ओर से काफी प्रयास किया पर वे इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये।

### प्रीति जिंटा ने तीसरे अंपायर के फैसले को गलत बताया



**मुम्बई।** पंजाब किंग्स की सहमालिक प्रीति जिंटा ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ हुए मैच में अपनी टीम की हार के बाद अंपायर के एक फैसले की कड़ी आलोचना की है। प्रीति ने सोशल मीडिया पर तीसरे अम्पायर की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उसने गलत फैसला दिया। इस मैच के 15वें ओवर की अंतिम गेंद पंजाब के शशांक सिंह ने हवा में उछाल दी तो लगा कि छक्का हो गया पर पर तीसरे अम्पायर ने नहीं दिया। तीसरे अंपायर ने इस मामले की जांच के बाद कि गेंद रोकते समय फील्डर करुण नायर का पैर बॉउन्ड्री पर नहीं था। इसलिए एक रन ही मिलेगा। प्रीति ने कहा कि करुण के अनुसार भी वह छक्का ही था। इसके बाद प्रीति ने सोशल मीडिया में कहा, इतने हाई प्रोफाइल टूर्नामेंट में, जब तीसरे अम्पायर के पास कई तरह की तकनीकें मौजूद है तो ऐसी स्थिति में गलतियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस मैच में हार से पंजाब किंग्स की प्लेऑफ में शीर्ष दो में रहने की संभावनाओं को झटका लगा है।

# हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रन से हराया

## मलिंगा-हर्ष और उनादकट को तीन-तीन विकेट मिले



**नई दिल्ली,25 मई (एजेंसियां)।** आईपीएल 2025 के 68वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से बुरी तरह हरा दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने बोर्ड पर 278 रन का बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगाया। जवाब में केकेआर की टीम 168 रन ही बना पाई। इसी के साथ जहां एक तरह सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने अपने सीजन का अंत जीत के साथ किया, वहीं केकेआर की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि इस मैच से आईपीएल के प्लेऑफ और टॉप 4 पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम की बल्लेबाजी इस मुकाबले में एकदम नहीं चल पाई। टीम का स्कोर 10 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 168 रन हो पाया। केकेआर के लिए सुनील नरेन ने 16 गेंद पर 31 रन की पारी खेली। वहीं मनीष पांडे ने 37 और 34 रन हर्षित राणा ने बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा, हर्ष दुबे और जयदेव उनादकट ने 3-3 विकेट हासिल किए।हेनरिक क्लासेन के तूफानी शतक और उनकी दो अर्धशतकीय साझेदारियों से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन बनाए जो आईपीएल इतिहास का तीसरा सर्वश्रेष्ठ और मौजूदा सत्र का दूसरा सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर है। आईपीएल के इतिहास के चार सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर अब सनराइजर्स के नाम हैं। टीम ने 15 अप्रैल 2024 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। पैट कमिंस की टीम ने मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 मार्च को छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया था।

क्लासेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 39 गेंद में 9 छक्कों और 7 चौकों से नाबाद 105 रन बनाने के अलावा हेड (76 रन, 40 गेंद, छह छक्के, छह चौके) और इशान किशन (29) के साथ क्रमश: दूसरे और तीसरे विकेट के लिए समान 83 रन की साझेदारी भी की। हेड ने इससे पहले अभिषेक शर्मा (32) के साथ पहले विकेट के लिए भी 92 रन जोड़े। नाइट राइडर्स की ओर सुनील नारायण सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 42 रन देकर दो विकेट चटकाए। नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने अनुशासनहीनता दिखाते हुए 14 वाइड और एक नोबॉल फेंकी। वरुण चक्रवर्ती ने तीन ओवर में 54 जबकि एनरिच नोर्किया ने चार ओवर में 60 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिली।

पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद अभिषेक और हेड ने पावरप्ले में 79 रन जोड़कर सनराइजर्स को तूफानी शुरुआत दिलाई। हेड ने दूसरे ओवर में एनरिच नोर्किया पर छक्का जबकि अभिषेक ने दो चौके जड़े। हेड ने अगले ओवर में वैभव अरोड़ा पर दो छक्कों और एक चौके से 19 रन जुटाए। हेड ने हर्षित राणा का स्वागत तीन चौकों के साथ किया और चौथे ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया।अभिषेक ने नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर सुनील नारायण पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर डीप मिडविकेट पर रिंकू सिंह को कैच दे बैठे। उन्होंने 16 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के मारे। हेड ने आठवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती पर छक्के के साथ 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। क्लासेन ने चक्रवर्ती पर छक्के और नारायण पर चौके से शुरुआत की और बीच के ओवरों में रन गति कम नहीं होने दी।

# मॉर्गन और नासिर बोले, शुभमन को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी देना सही फैसला



लंदन,25 मई (एजेंसियां)।

**इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों इयोन मॉर्गन और नासिर हुसैन ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी देना एक सही फैसला है। मॉर्गन के अनुसार शुभमन में नेतृत्व के स्वाभाविक गुण हैं और वह किसी भी फैसले पर सवाल उठाने में नहीं डरते हैं।**

मॉर्गन ने कहा कि उन्होंने साल 2020 और 2021 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शुभमन के साथ खेला है। तभी उन्होंने पाया था कि शुभमन में कप्तानी के गुण हैं। भारतीय टीम को अगले माह शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारतीय टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास ले लिया था। मॉर्गन का मानना है कि भारतीय टेस्ट टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शीर्ष क्रम में तीन में बल्लेबाजों शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल होंगे के अलावा भी भारतीय टीम के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं नासिर हुसैन ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भी भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत है। उन्होंने कहा कि इस टीम में प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर मिला है। साथ ही कहा कि शुभमन को कप्तानी इसलिए दी गयी है क्योंकि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पूर्व कप्तान ने शुभमन की प्रशंसा की पर साथ ही कहा है कि घरेलू धरती पर उन्होंने काफी रन बनाये हैं पर अब तक विदेशी धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। आईपीएल में उनकी कप्तानी अच्छी रही है। उन्होंने आठ साल के बाद टीम में करुण नायर की वापसी को भी अहम बताया है। साथ ही कहा कि भारतीय टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी हैं पर इसके बाद भी उसे कमजोर नहीं माना जा सकता है।

## विराट और अनुष्का ने रामलला के दर्शन किये



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली संन्यास के बाद से ही धर्म कर्म में लगे हुए हैं। विराट ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ ही अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किये हैं। विराट और अनुष्का ने हनुमान गढ़ी मंदिर में भी पूजा अर्चन की। इसके बाद दोनो ही बेहद खुश दिखे। पुजारी ने उन्हें फूल माला पहनाकर टीका लगाया। दोनों ने मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना की। हनुमान गढ़ी मंदिर के दर्शन के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें अनुष्का और विराट मंदिर में प्रार्थना करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके पहले ये दोनो वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रयम भी पहुंचे थे। विराट ने कुछ समय पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद दोनों वृंदावन पहुंचे थे। इस दौरान दोनो को भगवान के नाम जप करते हुए देखा गया था। इस जोड़े ने प्रेमानंद महाराज से कई सवाल भी किये थे जिसके जवाब भी इन्हें मिले थे। विराट और अनुष्का की शादी साल 2017 में हुई थी और इनके दो बच्चे हैं।

# कुश मैनी फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने

मोनाको,25 मई (एजेंसियां)।

**भारतीय रेसर कुश मैनी ने मोनाको ग्रां प्री के फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीतकर एक रिकार्ड बनाया है। यह पहली बार है जब कोई भारतीय रेसर फॉर्मूला 2 में पोल पोजिशन पर उतरने के साथ ही ट्रॉफी जीतने में सफल हुआ है। भारतीय रेसर मैनी सर्किट डी मोनाको में हुई इस रेस में शुरुआत से ही बढ़त बनाये रहे। वह मोनाको में रेस जीतने वाले पहले भारतीय चालक हैं। वहीं गैब्रिएल मिनी दूसरे स्थान पर रहे। कुश ने डैम्स लुकास ऑयल टीम की ओर से उतरते हुए यह जीत दर्ज की। मैनी अल्पाइन अकादमी की ओर से में डीएएमएस के लिए एफआईए फॉर्मूला 2 चैंपियनशिप में भाग लेते हैं।**




वह अल्पाइन के लिए फॉर्मूला वन में और महिंद्रा के लिए फॉर्मूला ई में रिजर्व चालक के रूप में रहते हैं। कुश की मैनी को इस उपलब्धि पर महिंद्रा एंड महिंद के प्रमुख आनंद महिंद्रा ने बधाई दी है।

जीत से उत्साहित मैनी ने इसे किसी सपने के सच होने जैस बताया। मैनी ने मोंटे कार्लो के सर्किट डी मोनाको में फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस में पोल पोजीशन से शुरुआत करते हुए अंत तक अपनी बढ़त बनाए रखी। मैनी कहा कि यह उनके लिए किसी सपने के सच होने की तरह है।

इस जीत से भारत में मोटरस्पोर्ट्स के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी, बल्कि उम्मीद है कि भविष्य में और भी भारतीय चालक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल करेंगे।

फॉर्मूला 2 (एफ2) ग्रां प्री मोटरस्पोर्ट की दुनिया में वह प्लैटफॉर्म है, जहां भविष्य के फॉर्मूला 1 (एफ1) चैंपियन तैयार होते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली एक रेसिंग प्रतियोगिता है, जो फॉर्मूला 1 से नीचे है।

फेडरेशन इंटरनैशनल द ऑटोमोबाइल (एफआईए) द्वारा आयोजित इस सीरीज का लक्ष्य युवा चालकों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

# चेन्नई ने गुजरात को 83 रन से पीटा

अहमदाबाद,25 मई (एजेंसियां)।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपकर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले के बाद इस टूर्नामेंट से अपने संन्यास को लेकर रुख स्पष्ट किया है। धोनी स्पष्ट रूप से कहा कि वह थोड़ा समय लेंगे और अगले कुछ महीने बाद यह फैसला लेंगे कि वह आईपीएल के अगले सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं। सीएसके ने गुजरात को हराकर आईपीएल 2025 सीजन का अंत जीत के साथ किया है।



धोनी के आईपीएल से संन्यास को लेकर कई बार चर्चा हो चुकी है, लेकिन माही ने कहा कि इस बारे में फैसला लेने के लिए उनके पास अभी काफी समय है। धोनी सीएसके के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में चेन्नई की कमान संभाल रहे थे। धोनी की अगुआई में सीएसके का प्रदर्शन इस सीजन अच्छा नहीं रहा और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत सकी। सीएसके का इस सीजन यह आखिरी मैच था और सभी की नजरें धोनी पर टिकी थी कि वह अपने भविष्य को लेकर क्या घोषणा करते हैं। मैच के बाद कमेंटेटर हर्षा भोगले ने धोनी से इसी बारे में पूछा जिस पर माही ने कहा कि इस बारे में फैसला लेने की अभी कोई जल्दी नहीं है। धोनी ने कहा कि हर साल उन्हें अपने शरीर को फिट रखने के लिए 50 प्रतिशत अधिक प्रयास करना पड़ता है जिससे वह आईपीएल में खेल सकें।धोनी ने कहा कि वह अब अपने घर वापस जाएंगे और बाइक चलाने का आनंद लेंगे इसके बाद आईपीएल को लेकर कोई फैसला करेंगे। हालांकि, धोनी ने इस बारे में कुछ भी नहीं बताया कि वह आईपीएल में अब नहीं खेलेंगे या अगले सीजन फिर वापसी करेंगे। धोनी ने कहा, यह निर्भर करता है। मैं भी यही कहूंगा। मेरे पास निर्णय लेने के लिए चार-पांच महीने हैं। क्या करना है, यह तय करने की कोई जल्दी नहीं है। हर साल शरीर को फिट रखने के लिए 50% ज्यादा प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने कहा, अगर क्रिकेटर प्रदर्शन के आधार पर रिटायर होने लगें, तो उनमें से बहुत कम 22 साल की उम्र में रिटायर होंगे। यह देखना जरूरी है कि आपमें कितनी भूख और फिटनेस है और आप टीम में कितना योगदान दे सकते हैं, क्या टीम को आपकी जरूरत है। मेरे पास काफी समय है। मैं रांची वापस जाऊंगा, बहुत दिनों से घर नहीं गया हूं। कुछ बाइक राइड का मजा लूंगा और फिर कुछ महीने बाद निर्णय लूंगा।

# ड्रोन के जरिए पहुंचाई जाएगी दुर्गम इलाकों में मछली : केंद्र

**नई दिल्ली , 25 मई (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि दुर्गम इलाकों में एग्रीगेटर से वितरण बिंदु तक मछली ले जाने का काम बहुत जल्द ड्रोन के माध्यम से होता नजर आएगा। मछली पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव (मत्स्य पालन) डॉ. अभिलक्ष लिखी के अनुसार, जीवित मछली परिवहन के लिए वर्तमान में ड्रोन तकनीक पर एक पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य 70 किलोग्राम पेलोड ड्रोन विकसित करना है, जो दुर्गम इलाकों में जीवित मछली ले जाने में सक्षम हो।एक कार्यक्रम में, डॉ. लिखी ने राज्यों से इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थागत तालमेल के जरिए मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगी प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया।मछुआरों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने



के लिए सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया गया, जिसमें रिसोर्स मैपिंग, बायोमेट्रिक पहचान और चेहरे की पहचान जैसे पहलू शामिल हैं।ग्रीन और ब्लू सस्टेनेबिलिटी सिद्धांतों से जुड़ी स्मार्ट, इंटीग्रेटेड मछली पकड़ने के बंदरगाहों और मॉडर्न फिश मार्केट के विकास को भविष्य की प्रमुख प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया।उन्होंने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) और सपोर्टिव सब्सिडी स्ट्रक्चर के माध्यम से ड्रोन पहल को मजबूत करने का भी आह्वान किया।आईसीएआर संस्थानों के समर्थन से एडवांस मत्स्य पालन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, प्रॉसेसिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर विशेष रूप से क्लस्टर डेवलपमेंट और एक संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम के जरिए मजबूत फोकस को प्रोत्साहित किया गया।मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए अमृत सरोवर का लाभ उठाने पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें राज्यों से सक्रिय समर्थन मांगा गया।विशेषज्ञों ने सजावटी मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और समुद्री शैवाल की खेती और कृत्रिम चट्टानों के विकास का भी आह्वान किया, जिससे इन उभरते क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिले।सजावटी मत्स्य पालन का मतलब आकर्षक और रंगीन मछलियों को पालने से है, जो अक्सर एक्वेरियम जैसे छोटे जलीय वातावरण में रखी जाती हैं।मत्स्य पालन विभाग के संयुक्त सचिव (अंतरदेशीय) सागर मेहरा ने अंतरदेशीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अंतरदेशीय मत्स्य पालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत की डिफेंस कंपनी को इजराइल से मिला 17.52 मिलियन डॉलर का ऑर्डर



**नई दिल्ली।** भारत की देशी कंपनियों ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को धूल चटाई है। इस ऑपरेशन के बाद भारतीय हथियारों की मान्यता ने दुनिया में चर्चे बना दिए हैं। इस उत्कृष्ट अदम्य तकनीक का उद्यम एक और उच्चाधिकारी के साथ साबित हुआ है, जब इजराइल की एक कंपनी ने भारतीय कंपनी नाइब लिमिटेड के साथ एक 17.52 मिलियन डॉलर (करीब 150 करोड़ रुपये) का ऑर्डर किया है। यहां इस ऑर्डर के माध्यम से भारत की तकनीकी क्षमता और बढ़ेगी और देश को विश्वभर में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। भारत की तकनीकी क्षमता और बढ़ेगी, देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी इजराइल की यह कंपनी टेक्नोलॉजी के मामले में बहुत आगे है। इस ऑर्डर में यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर बनाने और सप्लाई करने हैं। ये लॉन्चर 300 किलोमीटर तक मार कर सकते हैं। यह बहुत ही आधुनिक तकनीक है। भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है कि यह तकनीक विदेश के लिए बनाई जा रही है। कंपनी का कहना है कि इस कॉन्ट्रैक्ट से आत्मनिर्भर भारत के सपने को और मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा ।

### भारत में जल्द लॉन्च होगा एक्स-एडीवी 750 स्कूटर, होंडा ने जारी किया टीजर



**नई दिल्ली।** होंडा बाइक एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्स-एडीवी 750 एडवेंचर स्कूटर का आधिकारिक टीजर जारी कर भारत में स्कूटर सेगमेंट में हलचल मचा दी है। कंपनी ने यह टीजर रेबेल 500 क्रूजर की लॉन्चिंग के एक दिन बाद रिलीज किया। सोशल मीडिया पर इस टीजर को गेम चेंजर टैगलाइन के साथ साझा किया गया है, जिससे इसके जल्द लॉन्च होने के संकेत मिलते हैं। ग्लोबल मार्केट में एक्स-एडीवी 750 को एक प्रीमियम मैक्सी-स्कूटर के तौर पर जाना जाता है, जो एडवेंचर टूरिंग क्षमताओं को शहरी सुविधाओं के साथ जोड़ता है। यह स्कूटर 745 सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन से लैस है, जो 58 बीएचपी की पावर और 69 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 6-स्पीड डुअल क्लच ट्रांसमिशन दिया गया है, जो इसे भारत में मौजूद स्कूटरों से अलग बनाता है। मजबूत अंडरपिनिंग के तहत इसमें फ्रंट में 17 इंच और रियर में 15 इंच के वायर-स्पोक व्हील्स, डुअल फ्रंट डिस्क ब्रेक और लॉन्ग ट्रैवल सस्पेंशन मिलता है, जो हल्के ऑफ-रोड और टूरिंग के लिए उपयुक्त है। इसमें फुल एलईडी लाइटिंग, एडजस्टेबल विंडस्क्रीन, बड़ा डिजिटल डिस्प्ले और मल्टीपल राइडिंग मोड्स मिलते हैं।

### केंद्र सरकार ने पेंशन योजना में किया बदलाव, केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा नया विकल्प




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2025 कोअपने कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) नाम से एक नई पेंशन योजना शुरू की थी। इस योजना में कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन का वादा किया गया है। यूपीएस ने एनपीएस से अलग होने का विकल्प दिया है। एनपीएस में पेंशन की राशि निश्चित नहीं होती थी, जबकि यूपीएस ने कर्मचारियों को ज्यादा निश्चितता प्रदान की है। यूपीएस में सरकारी कर्मचारियों को उनकी अंतिम 12 महीनों की औसत बेसिक सैलरी का 50 फीसदी मासिक पेंशन के रूप में मिलेगा। इसके लिए कर्मचारियों को कम से कम 25 साल की नौकरी पूरी करनी होगी। यूपीएस योजना में शामिल होने के लिए कर्मचारियों को 30 जून तक अप्लाई करना होगा। फॉर्म ए2 और फॉर्म ए1 भरकर योग्य कर्मचारियों को यूपीएस के लिए अप्लाई करना होगा। आखिरी तारीख निकल जाने पर अतिरिक्त समय दिया जा सकता है। वापस एनपीएस में जाने का विकल्प उपलब्ध नहीं है। यूपीएस योजना के लिए योग्य कर्मचारीः वर्तमान कर्मचारी एनपीएस के तहत आने वाले, 10 साल सेवा पूरी करने वाले रिटायर हुए कर्मचारी, अंतिम निर्णय देने वाले विधवा जीवन साथी और 56(जे) नियमों के तहत राज्य से रिटायर हुए कर्मचारी।

# गूगल सर्च के लिए यूजर्स को मिलेगा नया एआई मोड




**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।**

गूगल सर्च के लिए यूजर्स को अब नया एआई मोड ऑफर किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नया फीचर यूजर्स को जेमिनी एआई से पावर्ड चैटबॉट जैसा रिस्पॉन्स देगा। गूगल ने इस फीचर को डिवेलपर कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया। इस फीचर के आने से यूजर्स को सर्च पेज पर चैट-बेस्ड इंटरफेस में टॉगल करने का ऑप्शन मिल गया है। यह गूगल के इन्फर्मेशन ऑफर करने के तरीके में बदलाव है। इससे पता चलेगा कि कंपनी ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल को एआई की दुनिया में कड़ी टक्कर देने के मूड में है।

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि यह ज्यादा अडवांस्ड रीजनिंग के साथ सर्च का पूरी तरह से रीइमैजिनेशन है। उन्होंने कहा कि हम अब एआई प्लेटफॉर्म शिफ्ट के एक नए फेज में एंटर कर रहे हैं जहां दशकों की रिसर्च अब वास्तविकता बन रही है। गूगल का यह ऐक्शन चैटजीपीटी जैसे जनरेटिव एआई टूल के लिए एक रिएक्टिव रिस्पॉन्स है, जो सवालों का नैचरल लैंग्वेज में उत्तर देते हैं और अलग-अलग वेब पेजों पर क्लिक करने की जरूरत को कम करते हैं। इस बदलाव ने पहले ही बहुत नुकसान पहुंचाया है। ऐपल के एक एग्जिक्यूटिव ने हाल में कहा था कि सफारी ब्राउजर में गूगल सर्च ट्रैफिक 20 सालों में पहली बार कम हुआ है। गूगल के ऐड-बेस्ड बिजनेस मॉडल के लिए यह एक झटका है। एआई मोड अब मेन गूगल सर्च इंटरफेस के अंदर एक टैब के तौर पर उपलब्ध हो गया है। यह यूजर्स को चैटजीपीटी जैसा चैटबॉट अनुभव करता है। यह फीचर गूगल के मेन एआई मॉडल जेमिनी से पावर्ड है। गूगल के मुताबिक नया यूजर इंटरफेस बेहतर रीजनिंग और कॉन्टेक्स्ट-बेस्ड सवालों को सपोर्ट करता है। फीचर्स के अगले सेट में यूजर्स को अपनी खुद के फोटो को अपलोड करने और शॉपिंग के दौरान आउटफिट्स को वर्चुअली ट्राई करने का ऑप्शन मिलेगा। गूगल के सर्च प्रोडक्ट के वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि कंपनी इस बात पर भी विचार कर रही है कि ऐड्स को एआई मोड में कैसे इंटीग्रेट किया जाए। उन्होंने कहा कि हम इसे उस कॉन्टेंट का हिस्सा मानते हैं जिसे लोग वाकई में पसंद करते हैं। गूगल ओपनएआई की बराबरी करने की कोशिश कर रहा है, जिसने 2022 में अपना चैटजीपीटी लॉन्च किया था और यह कुछ ही समय में पॉप्युलर एआई प्रोडक्ट बन गया। हाल के महीनों में जेमिनी ने भी उपयोगकर्ताओं को अपनी तरफ खींचा है, लेकिन यह अभी भी यूजर अडॉप्शन में चैटजीपीटी से पीछे है। गूगल माइक्रोसॉफ्ट से भी पीछे है, जिसने ओपनएआई पर अरबों खर्च किए और अपने मॉडल को बिंग और ऑफिस ऑफरिंग में डाला। पिचाई ने कहा कि गूगल को उम्मीद है कि वह इस साल ऐपल के साथ एग्रीमेंट फाइनल कर लेगा, ताकि सीरी के जरिए जेमिनी को उपलब्ध कराया जा सके। बता दें गूगल का नया फीचर अभी अमेरिकी यूजर्स के लिए उपलब्ध है।

# भारतीय फार्मा इंडस्ट्री की पहुंच अमेरिका और यूरोप में



**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)।**

भारतीय फार्मा इंडस्ट्री ने विश्वास जताया है, जब तकनीकी उन्नति और डीलों में जागरूकता के साथ वह अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के माहौल में भी दिखाई दे रही है। भारतीय दवा कंपनियां दिखा रही हैं तेजी से विकास की राह पर हैं। निवेशकों के संकेतों के अनुसार सुवेन फार्मास्युटिकल्स के एग्जीक्यूटिव ने अप्रैल माह में एक बड़ी डील के लिए विदेशी कंपनी के अधिकारियों से संचार किया था। इसके साथ ही अनेक भारतीय कंपनियां नई तकनीकों को अपना रही हैं, जिससे उन्हें अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में मजबूती मिल सके। इसी बीच अमेरिकी कंपनीयां भारत के सीडीएमओ के प्रति रुचि जता रही हैं जिसका संकेत है विदेशी निवेशकों का भारत की फार्मा इंडस्ट्री में विश्वास। यह कदम भारत को अपनी निर्भरता को घटाने और वैश्विक स्तर पर पहुंचने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

### वोक्सव्गन गोल्फ जीटीआई का भारतीय बाजार में फिर दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में एक बार फिर धूम मचाने को तैयार है वोक्सव्गन गोल्फ जीटीआई कार की लॉन्चिंग सोमवार को होने वाली है। इस नई वर्शन में गोल्फ जीटीआई में बहुत सारे तकनीकी फीचर्स दिए जा रहे हैं जैसे 12.9 इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम, सात स्पीकर ऑडियो सिस्टम, पैनोरमिक सनरूफ, और बहुत कुछ। गोल्फ जीटीआई में सात एयरबैग, ईबीडी, लेन असिस्ट, और एबीएस जैसे सुरक्षा फीचर्स भी दिए जा रहे हैं, जो इस कार को एक सुरक्षित विकल्प बना रहे हैं। गोल्फ में दो लीटर की क्षमता वाला टीएसआई इंजन होगा, जो इसे 0 से 100 किलोमीटर की गति प्राप्त करने में केवल 5.9 सेकंड लगाएगा। संभावित एक्स-शोरूम मूल्य के अनुसार गोल्फ जीटीआई के लिए आपको 50 से 60 लाख रुपये के बीच में खरीदना पड़ सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### जो घटना के ...

आवासीय परिसर के बगल में लकड़ी का डिपो होने और अग्नि सुरक्षा उपायों की कमी ने मासूमों की जान ले ली। 10 मार्च 2023 को सिकंदराबाद के स्वप्नलोक कॉम्प्लेक्स की पांचवीं मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग में छह श्रमिकों की मौत हो गई। खराब पड़ी आपातकालीन सीढ़ियों और एक्सपायर हो चुके अग्निशामक यंत्रों के कारण कई लोगों की जान चली गई। 19 जनवरी 2023 को सिकंदराबाद के डेक्कन स्पोर्ट्स मॉल में लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए। शवों को निकालने में ही कई दिन लग गए। 12 सितंबर 2022 को सिकंदराबाद के रूबी होटल में लगी आग में आठ लोगों की मौत हो गई थी। आग तहखाने में स्थित इलेक्ट्रिक वाहन शोरूम से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे सीढ़ियों में फंसे लोगों का दम घुट गया। 23 मार्च 2022 को सिकंदराबाद के बोइगुडा में एक गोदाम में लगी आग में ग्यारह लोग जलकर मर गए। यह घटना शॉर्ट सर्किट, अग्निशमन उपकरणों की कमी और भागने के रास्तों के अभाव के कारण हुई। क्या इन घटनाओं के बाद प्रशासन ने कोई सीख ली थी? अगर सीख ली होती तो गुलजार हाउस जैसी घटना नहीं हुई होती।

### आतंकवाद खत्म...

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान भाजपा नेताओं को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने पार्टी के नेताओं को नसीहत देते हुए बेवजह की बयानबाजी से बचने को कहा। प्रधानमंत्री जाति गणना पर चर्चा करते हुए कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। जातिगत जनगणना पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते लेकिन वंचित, पीड़ित, शोषित और दलित जो लोग छूट गए हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं। यह समाज की आवश्यकता है। जातिगत जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समाज की आवश्यकता है। जाति जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बात की। उस चर्चा में छत्तीसगढ़ के सीएम ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई और कामयाबियों का ब्यौरा दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि 25-26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर एनडीए इसका पर्दाफाश करेगा और जनता को उन लोगों के बारे में बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी। कई मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों की प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

### चार दशक ...

उस आतंकी हमले में लोगों से उनकी धार्मिक पहचान पूछकर 26 लोगों की हत्या की गई थी। जब ये संधि की गई थी, तो उसकी प्रस्तावना में ये स्पष्ट किया गया था कि ये सद्भावना और मैत्री की भावना से की गई है। लेकिन, पाकिस्तान ने कभी इसका सम्मान नहीं किया।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान को पूरी तरह से बेनकाब करते हुए भारत ने बताया कि कैसे बीते करीब 40 साल में ही पाकिस्तान ने आतंकी हमलों के जरिए 20,000 से अधिक भारतीयों की हत्या की है। बावजूद इसके हर बार भारत ने धैर्य और उदारता दिखाई। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि बीते 2 साल में हमने कई बार पाकिस्तान से इस संधि में संशोधन करने के लिए चर्चा करने के लिए कहा, लेकिन हर बार इस्लामाबाद ने इससे इंकार किया।पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से कई मुद्दों पर लगाए गए निराधार और बेतुके आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने साफ कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं पर दशकों तक पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित आतंकवादी हमलों को झेला है। ऐसे में नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना पाकिस्तान के लिए पाखंड है। उन्होंने कहा, सबसे पहले भारत ने अपनी सीमाओं पर दशकों तक पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमलों का सामना किया। इसमें मुंबई शहर पर हुए 26/11 के भयानक हमले से लेकर अप्रैल 2025 में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की बर्बर हत्या जैसे आतंकी हमले शामिल हैं। पाकिस्तानी आतंकवाद के शिकार मुख्य रूप से नागरिक रहे हैं, क्योंकि इसका उद्देश्य हमारी समृद्धि, हमारी प्रगति और हमारे मनोबल पर हमला करना रहा है। ऐसे देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय का अपमान है।हरीश ने पाकिस्तान की हरकतों की आलोचना करते हुए कहा, पाकिस्तान ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए बार-बार नागरिकों को मोहरा बनाया है। जब उस पर पलटवार होता है तो इन्हीं नागरिकों को कवच की तरह इस्तेमाल करता है। एक राष्ट्र जो आतंकवादियों और नागरिकों के बीच कोई अंतर नहीं करता, उसके पास नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर भारतीय सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक हताहत हुए। उन्होंने कहा, इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की, जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा, गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट के साथ-साथ चिकित्सा सुविधाओं सहित पूजा स्थलों को जानबूझकर निशाना बनाया गया। इस तरह के व्यवहार के बाद इस संस्था में उपदेश देना घोर पाखंड है।राजदूत ने आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता और इसे प्रायोजित करने वालों और इसका बचाव करने वालों को बाहर निकालने के लिए एक साथ आना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद का समर्थन पूरी तरह और भरोसेमंद तरीके से नहीं रोकता, तब तक सिंधु जल संधि निलंबन में ही रहेगी। न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद की बैठक में सशस्त्र संघर्षों में जल की रक्षा और नागरिक जीवन की सुरक्षा विषय पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वथानेनी हरीश ने पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं का करारा जवाब दिया।उन्होंने कहा, भारत ने यह निर्णय लिया है कि जब तक पाकिस्तान, जो वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है, आतंकवाद को समर्थन देना पूरी तरह और विश्वसनीय रूप से बंद नहीं करता, तब तक यह संधि प्रभाव में नहीं लाई जाएगी। यह स्पष्ट है कि संधि का लगातार उल्लंघन पाकिस्तान ही करता रहा है। राजदूत हरीश ने यह भी कहा कि भारत ने बीते वर्षों में असाधारण धैर्य और सद्भावना दिखाई, लेकिन पाकिस्तान की प्रायोजित आतंकवाद की नीति ने भारतीय नागरिकों की जान, धार्मिक सौहार्द और आर्थिक तरक्की को बंधक बना दिया है। पी हरीश ने यह भी खुलासा किया कि पिछले दो वर्षों में भारत ने कई बार पाकिस्तान से संधि में आवश्यक बदलावों पर चर्चा की पेशकश की, लेकिन हर बार इस्लामाबाद ने टालमटोल और रुकावट की नीति अपनाई। पाकिस्तान की अड़ियल सोच भारत को उसके वैध जल अधिकारों का पूरा उपयोग करने से रोक रही है। इस सप्ताह की शुरुआत में विदेश मंत्रालय ने एक संसदीय समिति को सिंधु बेसिन में बदलते हालात की जानकारी दी थी। मंत्रालय ने आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों की जरूरत, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने जैसे कारणों का हवाला देते हुए संधि की शर्तों पर पुनर्विचार को जरूरी बताया।विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी अपने ब्रीफिंग में कहा था कि 1960 में हुई यह संधि मैत्री और सद्भाव की भावना के तहत की गई थी, लेकिन पाकिस्तान ने वर्षों से इन सिद्धांतों को ताक पर रखा है। संयुक्त राष्ट्र में उसी दिन एक और बहस के दौरान जब पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मुद्दा उठाया और भारत-पाक के बीच हालिया तनाव का जिक्र किया, तो राजदूत हरीश ने पाकिस्तान की कथनी और करनी पर सवाल उठाए। उन्होंने दो टूक कहा कि जो देश आतंकवादियों और नागरिकों के बीच फर्क नहीं करता, उसे नागरिकों की सुरक्षा पर बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। हरीश ने बताया कि भारत ने दशकों से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमलों का सामना किया है, और अब समय आ गया है कि पाकिस्तान जिम्मेदारी ले और अपने व्यवहार में बदलाव लाए।

### इजराइल से ...

मेक इन इंडिया पहल को मजबूती मिलेगी। इस ऑर्डर के मिलने से कंपनी का कारोबार विदेशों में तेजी से फैलने वाला है। नाइब भारतीय रक्षा कंपनी है। यह रक्षा क्षेत्र में काम करती है और अत्याधुनिक रक्षा उपकरण बनाती है। इसके साथ ही ये कंपनी नई चीजों को बनाने के साथ ही आत्मनिर्भर बनने और विदेशी कंपनियों के साथ मिलकर काम करने पर फोकस कर रही है।

### भारत दुनिया की...

भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ने एक तेज कदम बढ़ाया है, एक बड़ी छलांग लगाई है! इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 26 मई, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन मार्ग शाखा की वार्षिक साधारण सभा और चुनाव सम्पन्न

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन मार्ग शाखा की वार्षिक साधारण सभा और चुनाव संपन्न हुए ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शाखा के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक बैठक बंजारा हिल्स, रोड नम्बर 12 पर स्थित आला लिबर्टी होटल में आयोजित की गई । सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा करने के पाश्चात् पिछले दिनों चारमीनार स्थित गुलजार हारण के पास भीषण अग्निकांड में मोदी परिवार के 17 सदस्यों की असामयिक मृत्यु पर उनकी आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात् सभा का शुभारंभ अध्यक्ष मुन्नालाल अग्रवाल के स्वागत संबोधन के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों, परामर्शदाताओं, कार्यकारिणी सदस्यों का आभार जताया। जिनके सहयोग से दो वर्षों में शाखा द्वारा विभिन्न उपलब्धि प्राप्त की गई। मानद मंत्री सुभाष कुमार अग्रवाल ने वर्ष 2023-25 की शाखा की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शाखा द्वारा निम्न कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया-

1- एक वर्ष शाखा की सावन की सैर रघुनाथ मल जी नरेंद्र कुमार जी के फ़ार्म हाउस, पलमाकूल, शमशाबाद पर तथा दूसरे वर्ष स्वर्ण मंदिर भोंगीर के समीप आयोजित की गई

2- महाराजा अग्रसेन जी की जयंती दो वर्ष अग्रसेन चौक पर अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलन के साथ मनाई गई।

3- अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति द्वारा जयंती के अवसर पर रथ यात्रा आयोजित की गई दोनों वर्ष रथयात्रा में अग्रसेन चौक पर पूजा अर्चना की गई

4- अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा देश भर ने महालक्ष्मी जी की रथयात्रा का आयोजन किया गया जिसकी पूजा तथा पदाधिकारियों का सम्मान बंजारा हिल्स स्थित फार्च्यून वन में किया गया

5- दो वर्ष शाखा द्वारा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट प्रसाद गोल्डन टेम्पल में किया गया

6- दो वर्ष होलिका दहन कार्यक्रम शाखा द्वारा जगन्नाथ मंदिर में किया गया जिसमे अल्पाहार तथा ठंडाई की व्यवस्था की गई प्रति वर्ष 500 से अधिक व्यक्तियों ने इसका लाभ प्राप्त किया

7- दो वर्ष केंद्रीय समिति द्वारा मृगशिरा के अवसर पर मछली प्रसाद का आयोजन प्रदर्शनी मैदान में किया गया तथा अग्रसेन जयंती का आयोजन क्लासिक 3 में किया गया दोनों अवसर पर शाखा द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया

8- अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट द्वारा उप्पल में आत्म गौरव भवन के निर्माण हेतु 51 लाख की धनराशि शाखा द्वारा प्रदान की गई

9- शाखा द्वारा जगतगुरु श्री राम भद्र चारी जी का सम्मान नेकलेस रोड पर स्थित भवन में किया गया

10- दो वर्षों में विधान सभा तथा लोक सभा के चुनाव में वोट देने हेतु सभी नगर वासियों का आह्वान शाखा द्वारा किया, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस को अग्रसेन चौक में झंडा फहराया गया तथा महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया

11- एक वर्ष नवरात्रि के अवसर पर गोल्डन टेम्पल में डांडिया तथा अन्य मनोरंजन के कार्यक्रम रखे गए

12- शाखा द्वारा सदस्यों हेतु श्रीनगर का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया

13- अग्रसेन भवन के नव निर्वाचित ट्रस्टीयों का सम्मान तथा नवनिर्वाचित अग्रवाल समाज के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों का सम्मान शाखा द्वारा किया गया

14- शाखा के कार्यक्रम में खर्च अधिक होने के कारण पदाधिकारियों, परामर्श दाताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों से अलग अलग 21,000/- का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ जिसके करण मैं सभी का आभार प्रकट करता हूँ ।

उपरोक्त सभी कार्यक्रम को सुचारू रूप से निर्वाह करने हेतु मेरी क्षमता अनुसार मैंने कार्य किया किसी भी कार्यक्रम में मेरे द्वारा किसी भी सदस्य को आघात पहुँचा हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूँ आप सभी ने मुझे सहयोग प्रदान किया जिसके लिए आप सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ ।

शाखा का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल ने प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

शाखा के पदाधिकारियों, केंद्रीय समिति सदस्य के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी सुरेश कुमार अग्रवाल तथा अपीलीट अधिकारी मुकुंदलाल अग्रवाल को मंच पर आमंत्रित किया गया जिन्होंने बताया कि चुनाव हेतु 6 पद पर 6 ही नामांकन आए हैं जिनमें मुन्नालाल अग्रवाल को अध्यक्ष, महेश कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष, सुभाष कुमार अग्रवाल को मानद मंत्री, अजय कुमार दोचानिया सह मंत्री, ताराचंद बंसल को कोषाध्यक्ष तथा राजेन्द्र कुमार अग्रवाल को केन्द्रीय समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया ।

सुरेश कुमार अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, मुरलीधर सोंथालिया, विजय कुमार अग्रवाल, प्रवीण कुमार गुप्ता, संदीप अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, सुशील कुमार केडिया, उमेश कुमार मीडिया, सी.ए. रविंद्र कुमार अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। सभी नव निर्वाचित सदस्यों का सम्मान किया गया । सभा में अध्यक्ष मुन्नालाल अग्रवाल, मानद मंत्री सुभाष कुमार अग्रवाल, सह मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, परामर्श दाता सुरेश कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, बिशंभर लाल केडिया, मांसाराम अग्रवाल, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकुंद लाल अग्रवाल द्वारा किया गया।








सनतनगर में मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड के अवसर पर उप-स्थित मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री किशन रेड्डी, महाकाली अध्यक्ष भरत गोंड, पूर्व विधायक शाशीघर रेड्डी, श्याम सुंदर गोंड, भाजपा नेता सपना गुप्ता, दयानंद डिवीजन अध्यक्ष नरेश, लक्ष्मी, रवि, चारी व अन्य उपस्थितद थे।



एडीडी अकादमी, टॉप नॉच इंटरनेशनल प्री-स्कूल का उद्घाटन चूड़ी बाजार में करते हुए भाजपा नेता मुकेश कुमार सोनी, डॉक्टर करतार सिंह, रामा राव, स्कूल के डायरेक्टर अंजलि दुबे, मैनेजर प्रीति दुबे, बब्बू और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $30^0$
न्यूनतम : $24^0$

# हिंदू उत्सव समिति भाग्यनगर विगत नौ वर्षों से करती आ रही है जनसेवा



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पिछने नौ वर्षों से हिंदू उत्सव समिति भाग्यनगर द्वारा ग्रीष्म ऋतु में राहगीरों में ठंडी छांछ वितरित करती आ रही है। इस वर्ष 2025 ग्रीष्म में 11 (ग्याराह) रविवार लगातार दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक हाईकोर्ट पोस्ट ऑफिस के सामने लगभग 75000 हज़ार मसाला ठंडी छाँछ, एक हज़ार पतंजलि गुलाब शरबत (दसवें रविवार को) एवं समापन ग्यारवें रविवार को तीन क्विंटल तरबूज़ का भी वितरण समिति के सभी सदस्यों ने उत्साह से किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में किरण तायल ने सभी सहयोगियों, सेवा साथियों, ट्राफिक पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों का उक्त सेवा में भरपूर सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# दो नई गाड़ियों का परिचालन होगा प्रारंभ

**नई दिल्ली/हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन का फैसला लिया गया है जिसमें एक वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा भी शामिल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दाहोद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन दोनों एक्सप्रेस गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गाड़ी संख्या 26901 साबरमती वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जाएगा। गुरुवार को इस ट्रेन का परिचालन नहीं होगा। प्रतिदिन यह गाड़ी सुबह 05.25 बजे साबरमती स्टेशन से खुलेगी और चांदलोडिया, विरमगाम, राजकोट, जूनागढ़ होते हुए दोपहर 12:25 पर वेरावल स्टेशन पहुंचेगी।



श्याम मन्दिर काचीगुड़ा में जारी श्री शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए पूज्य गिरि बापू महाराज। इस अवसर पर सूर्यकांत स्वामी, ललिता देवी, नवदीप उमा देवी, शिवदीप, रानी देवी, आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय एवं सैकड़ो भक्तजन उपस्थित थे।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत रविवार को द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्प-हार सेवा की गई। इस अवसर पर भीषण अग्नि दुर्घटना में अग्रवाल समाज की आरुषि जैन के असामयिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राधे राधे ग्रुप के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

## आज का अल्पाहार

राधे राधे ग्रुप
हैदराबाद



श्रीमती लीलादेवी पीपाड़ा
(धर्मपत्नी - स्व. श्री रिखबचन्दजी पीपाड़ा)
छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर
सुरेन्द्रकुमार, संदीपकुमार, गौरव, वैभव, आयुष एवं पीपाड़ा परिवार
MOHAN'S MOTORS | PRESTIGE AUTO
वितरण स्थल : मेट्रो पिल्लर नं. A-1265, पब्लिक गार्डन रोड
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
MAHESH AGARWAL 98490 98502

# अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की इस सत्र की विदाई आयोजित

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की वर्ष 2023-25 (दो वर्ष) के कार्यकाल की अंतिम 72वीं बैठक समाज कार्यालय में आयोजित की गई ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज द्वारा स्थापित सभी कमिटियों का कार्यकाल दो वर्ष का होता है लेकिन सभी कमिटियों के मुकाबले इस कमिटी की सर्वाधिक बैठकें हुई है जो लगातार हर रविवार को होती थी । इन दो वर्षों में कमिटी के पास जो बालक बालिकाओं के विवाह हेतु बायोडेटा आते थे उनमें से 201 रिश्ते नक्की हुए जो अग्रवाल समाज में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है ।

वर्तमान समय में रिश्ते इतनी आसानी से होना एक असंभव सी बात है लेकिन कमिटी के सदस्यों के परिश्रम स्वरूप हमने इस लक्ष्य को प्राप्त किया है मैं हमारी कमिटी के सभी सदस्यों को अभूतपूर्व



सफलता हेतु बधाई देता हूँ । इस सत्र में हमने पूरे बायोडेटा को कम्प्यूटराइज्ड किया जिसमे शीतल अग्रवाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा कमिटी उनका धन्यवाद करती है । अग्रवाल समाज की लगभग 100 शाखा से ऊपर है लेकिन कमिटी को केंद्रीय समिति सदस्यों, शाखा पदाधिकारियों, शाखा सदस्यों की ओर से उनके ख़ुद के परिवारों के बायोडेटा बहुत कम संख्या में प्राप्त हुए जो एक चिंता का विषय है जिसे आगामी कमिटी को देखना पड़ेगा तथा उसमें सुधार करना पड़ेगा । समाज में हर श्रेणी के बायोडेटा उपलब्ध है जिसमे डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सी.ए., उद्योगपति, व्यावसायिक, नौकरी पेशा वालो के बायोडेटा के अतिरिक्त लंदन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे विदेशों में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं के बायोडेटा भी उपलब्ध है ।

जिनके विवाह किसी कारण से विच्छेद हुए उन डिवोर्स लोगों के भी बायोडेटा उपलब्ध है । कमिटी की बैठक निरंतर प्रति रविवार को होती थी उसके अतिरिक्त भी चेयरमैन के घर रोजाना कोई ना कोई अग्रबंधु बायोडेटा लाते थे तथा संबंध की चर्चा करते थे एवं रिश्ते नक्की होते थे ।

कमिटी के अन्य सदस्य भी रविवार के अतिरिक्त अन्य दिन में भी बायोडेटा का आदान प्रदान करते थे । कमिटी उन सभी अभिभावकों का आभार प्रकट करती है जिन्होंने समाज द्वारा स्थापित इस कमिटी को सेवा प्रदान करने का अवसर दिया तथा अपने बालकों एवं बालिकाओं के रिश्ते नक्की करवाए ।

कमिटी आगामी अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमिटी को अग्रिम बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ प्रस्तुत करती है । बैठक में चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, संयोजक रमेश कुमार तुलसियान, वाईस चेयरमैन दीनबंधु अग्रवाल, सतीश कुमार अग्रवाल, गोविंद राम अग्रवाल, सुनील कुमार मित्तल, अशोक कुमार दादरीवाला, एक्यूपंक्चर के डॉक्टर बालकृष्ण सुरेखा उपस्थित थे । चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

## अग्रवाल समाज, बंजारा सेंट्रल शाखा की वार्षिक साधारण सभा व चुनाव सम्पन्न



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, बंजारा सेंट्रल शाखा की वार्षिक साधारण सभा व चुनाव का आयोजन रविवार 25 मई को बंजारा हिल्स स्थित अला लिबर्टी होटल में किया गया।शाखा के केंद्रीय समिति सदस्य सुनील अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि सभा का शुभारंभ महाराज श्री अग्रसेन की पूजा - अर्चना के साथ हुआ। उपाध्यक्ष जयदीप गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। शाखा के सहमंत्री राजेश अग्रवाल की असमयिक मृत्यू एवं पुराने शहर के मोदी परिवार के 17 सदस्यों की अत्यंत दुःखद हादसे में हुई मृत्यु पर सभा में दो मिनिट का मौन रखकर श्रध्दांजलि दी गई। शाखा मानद मंत्री मनीष अग्रवाल द्वारा शाखा की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी सभा को दी, जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया। शाखा के कोषाध्यक्ष सीए अरविंद अग्रवाल द्वारा सभा में विगत वर्ष की आय एवं व्यय का विस्तृत लेखाजोखा प्रस्तुत किया। जिसे सभा में स्वीकृत किया गया। सभा में सुदर्शन दारुका, सुभाष केडिया आदि सदस्यों ने अपने विचार रखे। धन्यवाद प्रस्ताव द्वारा सभा का समापन किया गया।शाखा द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी विनोद टिकमाणी ने शाखा की वर्ष 2025-27 के लिए निर्विरोध चुनी गई कार्यकारिणी की घोषणा सभा में की। जिसके अंतर्गत शाखाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए अरविंद अग्रवाल, मानद मंत्री मनीष कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जयदीप गुप्ता, सहमंत्री अश्विन अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य नवल किशोर अग्रवाल एवं रमेश कुमार अग्रवाल मनोनीत किए गए। परामर्शदाता के रूप में विनोद टिकमाणी एवं सुदर्शन दारुका नामित किए गए। कार्यकारिणी समिति सदस्यों के रूप में सुभाष केडिया, रवि अग्रवाल, घनश्यामदास अग्रवाल, विनय गुप्ता, वेदप्रकाश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, गोपालदास अग्रवाल, आशुतोष नरेडी, सुभाष बहेरिया, अनिल झुनझुनवाला एवं महेश अग्रवाल चुने गए।



सिखवाल ब्राह्मण समाज हैदराबाद के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को दोपहर में फिलखाना स्थित संतोषी माता मंदिर के पास राहगीरों में शीतल नींबू पानी वितरित किया गया।

## अग्रवाल समाज कोत्तापेट शाखा की साधारण सभा एवं चुनाव सम्पन्न

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज कोत्तापेट शाखा की वार्षिक साधारण सभा और 2025-27 के द्विवार्षिक चुनाव मलकपेट स्थित श्री भाग्यलक्ष्मी ढाबा में संपन्न हुए ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में मानद मंत्री सीए राजगोपाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी की पुष्प-अर्पण के साथ पूजा अर्चना की गई । अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया । कुछ दिन पहले हुई अग्नि दुर्घटना में मोदी परिवार के 17 सदस्य एवं शाखा के सदस्य दीपक कुमार अग्रवाल के पिछले वर्ष निधन पर शोक व्यक्त करते 2 मिनट का मौन मौन रखकर प्रार्थना की गई ।

शाखा सचिव सीए राजगोपाल अग्रवाल ने कोत्तापेट शाखा द्वारा पिछले 2 वर्षों में किए गए 15+ कार्यक्रमों का ब्योरा सभा में रखा - जिसमें हर दिल में राम, डांडिया, सावन की सैर, जरूरतमंदों के लिए सामग्री वितरण, स्वतंत्रता दिवस समारोह, अग्र रथ यात्रा का स्वागत, सर्दी में कंबल वितरण, होलिका दहन समारोह, इत्यादि शामिल हैं । इन सभी कार्यक्रमों को चित्रित करने हेतु एक रजिस्टर बनाया गया है जिसमें सभी कार्यक्रमों की



जानकारी, तस्वीरें एवं यादें जोड़ दी गई हैं । शाखा द्वारा इतने सारे कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक करने पर सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ आगे भी ऐसे आयोजन करने के लिए सभी पदाधिकारियों को प्रोत्साहन दिया।

उसके उपरांत कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने 31-मार्च-2025 तक का लेखा जोखा और इसकी विस्तृत जानकारी सभा को दी और सभा ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया । वर्तमान केंद्रीय समिति सदस्य अशोक जिंदल ने सभा को संबोधित करते हुए आने वाले समय में भी शाखा द्वारा कई कार्यों को करने के लिए सभी से तन-मन-धन से शामिल होने के लिए अनुरोध किया ।इसके बाद चुनाव अधिकारी श्री मनीष अग्रवाल ने शाखा के द्विवार्षिक चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया की 2025-27 के पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हुआ । नए पदाधिकारियों के नाम :अध्यक्ष अशोक जिंदल, उपाध्यक्ष अरुण गोयल, मानद मंत्री सीए राजगोपाल अग्रवाल, सह-मंत्री सीए प्रणय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य महेंद्र अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मनीष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सीए दिनेश अग्रवाल, दिनेश पोद्दार, संदीप अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, कविता अग्रवाल । श्री विनोद कुमारजी अग्रवाल एवं श्री सुरेशजी रूपचंदका को शाखा के सलाहकार के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया ।अंत में शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन, जिसके बाद उपस्थित सभी सदस्य एवं परिजन द्वारा स्वरुचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## अग्रवाल समाज रेनबो विस्टा के चुनाव सम्पन्न




**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज रेनबो विस्टा की साधारण सभा एवं चुनाव का आयोजन आज लैलेक हाल रेनबो विस्टा में किया गया।

आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा की गई तत्पश्चात पहलगाम में 26 सैलानियों की हत्या और हैदराबाद में मोदी परिवार के 17 लोगों के निधन पर 2 मिनट का मौन किया गया। उसके बाद शाखा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं मंत्री दीपक गोयल ने शाखा की 2 साल की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। उसके बाद केन्द्रिया समिती सदस्य विनोद अग्रवाल ने 2024- 25 के आय एवं व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जिसे सभा मे सर्वसम्मति से पास किया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी विपिन सिंघानिया एवं नवीन अग्रवाल ने 2025-27 की निर्विरोध चुने गए पदाधिकारीयो के नाम की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष दीपक गोयल, उपाध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, मानद मंत्री पवन सिंघल, सह मंत्री आकाश तालुका एवं कोषाध्यक्ष के रूप में तुषार गुप्ता एवं केंद्रीय शाखा सदस्य के रूप में विनोद अग्रवाल को चुना गया। सलाहकार के रूप में विपिन सिंघानिया एवं राजेश कुमार अग्रवाल को चुना गया। कार्य समिति सदस्यों के रूप में राहुल सिंघल, सुनील अग्रवाल, रोहित जाजोदिया, विकास सिंगला, पूनम अग्रवाल, पिंकी सिंघानिया, किरण गोयल, कविता गुप्ता को चुना गया। चुनाव के बाद नीरजा तालुका ने सभी सदस्यों को तंबोला खिलाया जिसमें आकर्षक इनाम रखे गए थे। इस अवसर पर अरुण केडिया, सौरभ गरोदिया, हर्ष पोद्दार एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रणव भक्त समाज का शताब्दी समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर के हैदरगुड़ा की पौराणिक धार्मिक संस्था प्रणव भक्त समाज की सेवा के 100 साल पूर्ण होने पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। रविवार शाम को पांचोत्तर, पूर्णाहुति, गणपति साहित्य रुद्रहोमम और महात्माओं के दिव्य प्रवचनों के साथ उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव में विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आध्यात्मिक कार्यक्रम व भजन प्रस्तुत किए। दैनिक अन्नदान में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। अंतिम दिन रविवार को श्रीश्रीश्री परिशुद्धानंदगिरि स्वामी, शंकरानंदगिरि स्वामी और वीरानंद ब्रह्मचारी के दिव्य प्रवचनों ने भक्तों का मनोरंजन किया।

प्रणवभक्त समाज के अध्यक्ष मोंद्रा नरसिम्हा,अशोक भोजपुरी, बारला मल्लारेड्डी, कोंडामेडी हरिनाथ, एन.बी. हरिनाथ, मुख्य सलाहकार नरगुडेम मल्लारेड्डी, कोलन नुबाश रेड्डी, मदन रामेश्वर राव, मेंद्रा कोमुरैय्या और अन्य को रंगारेड्डी जिला भाजपा अध्यक्ष राज भूपाल गौड़ और अन्य ने सम्मानित किया। उन्होंने शताब्दी समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए सोसायटी के आयोजकों को बधाई दी।

## अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव सम्पन्न



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव शिवरामपल्ली स्तिथ श्री राधे ढाबा पर सम्पन्न हुए।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शाखा के मानद मंत्री ने बताया कि बैठक में सर्व प्रथम महाराजा श्री अग्रसेन जी पूजा अर्चना की गयी तत्-पश्चात शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया। मंत्री ने वर्ष 2023-25 के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। केंद्रीय समिति सदस्य राजेश जैलिया ने सभी का धन्यवाद् किया। इसके बाद अध्यक्ष ने चुनाव अधिकारी सुभाष अग्रवाल को चुनाव प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किया।

सुभाष अग्रवाल जी सभी की सहमति से चुनाव कराये। जिसमे नवनिर्वाचित 2025-27 के पद के लिए अध्यक्ष- अनिल गोयल, उपाध्यक्ष ललित मांदेवाले, मानद मंत्री अनिल बंसल, सह मंत्री सुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य राकेश कुमार जालान, श्याम सुंदर अग्रवाल को चुना गया। परामर्शदाता समिति में सुभाष अग्रवाल एवं राजेश जैलिया को नियुक्त किया गया।

शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं चुनाव अधिकारी का सम्मान किया गया। मंच संचालन संदेश अग्रवाल ने किया। राकेश कुमार जालान ने सभी सदस्यों का धन्यवाद् किया और सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सभा में श्याम सुंदर अग्रवाल, अनिल गोयल, अनिल बंसल, बजरंग अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पंकज पालीवाल, सुशील अग्रवाल, ललित मंडेवाले, संदेश अग्रवाल, राकेश कुमार जालान, अनिल रुंगटा, प्रमोद मोर, अनुज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा की साधारण सभा एवं चुनाव सम्पन्न



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा का गठन पिछले वर्ष 2024 में किया गया था और इसकी पहली साधारण सभा माई होम भोजा, हाइटेक्स सिटी, हैदराबाद में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम महाराज अग्रेसन जी की पूजा-अर्चना की गई तत्पश्चात पिछले वर्ष प्रधान मंडल ने अपने द्वारा किए गए कार्यों और कार्यक्रमों का विवरण दिया, साथ ही सदस्यों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम करने के लिए सुझाव दिए हैं, दान कार्य, सदस्यों के बीच संबंध और अग्रवाल समाज की बेहतरी के लिए एबीसी भाग्यनगर शाखा में नए सदस्यों को जोड़ने के बारे में बताया गया।

शाखा सदस्यों की उपस्थिति में वर्ष 2025-27 के लिए एबीसी भाग्यनगर शाखा के लिए नए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष - मेघा अग्रवाल ,उपाध्यक्ष-अजय गुप्ता, सचिव - अनिल अग्रवाल , संयुक्त सचिव - यश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष - रितुल अग्रवाल, के.एस. सदस्य - प्रवीण अग्रवाल चुने गये।बैठक में एबीसी भाग्यनगर के संस्थापक उदय गुप्ता, मेघा अग्रवाल, अजय गुप्ता, अनिल अग्रवाल, यश अग्रवाल, रितुल अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अश्विन गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, एजीएम में अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, सारिका गुप्ता, स्मृति अग्रवाल और कई अन्य लोग शामिल हुए।

## अग्रवाल समाज गच्चीबावली शाखा की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव सम्पन्न

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज गच्ची बावली शाखा की साधारण वार्षिक सभा शुभम ब्लूम ,सुदर्शन नगर ,श्री लिंगमपल्ली हाल में संपन्न हुई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई ,शाखा अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश अग्रवाल ने सभी आए हुए सदस्यों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम का संचालन किया, मानद मंत्री के पी अग्रवाल ने गुलजार हाउस में भीषण अग्नि दुर्घटना में मोदी परिवार के 17 लोगों की असमय दुखद निधन



से सारा समाज शोक संतृप्त है, इसके लिए दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिवार को इस गहन दुख सहने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें अपने रीति रिवाज एवं परंपराओं से त्योहार मनाने के बारे में सदस्यों को अवगत कराया एवं समय-समय पर निर्धन परिवारों, जरूरतमंदों एवं अनाथालय की सेवा के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही केंद्रीय समिति द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने वार्षिक कोष संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की।चुनाव अधिकारी शंकर लाल अग्रवाल ने चुने गए पदाधिकारी की रिपोर्ट प्रस्तुत की।जिसमें अध्यक्ष के पी अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, मानद मंत्री प्रकाश अग्रवाल, सह मंत्री वरुण अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल एवं केंद्रीय समिति सदस्य एडवोकेट सुरेश अग्रवाल और संतोष टाटिया चुने गए।चुने गए पदाधिकारियों का अभिनंदन महाराजा अग्रसेन के पट्टे से किया गया। पुरानी टीम को उनके सराहनीय कार्यों के लिए उपहार देकर सम्मानित किया।

# मिस इंग्लैंड मिल्ला मैगी के आरोपों की गहन जांच की मांग



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने रविवार को कहा कि मिस इंग्लैंड मिल्ला मैगी की ओर से अपनी तेलंगाना यात्रा के दौरान लगाये गये उत्पीड़न के आरोपों की निष्पक्ष और गहन जांच की जानी चाहिए।

श्री रामाराव ने यहां एक बयान में कहा कि तेलंगाना की धरती पर इस तरह के कृत्य अस्वीकार्य हैं, जहां महिलाओं का सम्मान करने और उनका आदर करने की समृद्ध परंपरा है। उन्होंने तेलंगाना के लोगों की ओर से मिल्ला मैगी से दिल से माफी मांगते हुए कहा, एक बेटी के पिता के रूप में मैं ईमानदारी से उम्मीद करता हूं कि किसी भी महिला को इस तरह के आघात से गुजरना न पड़े। उन्होंने जोर दिया कि यह घटना तेलंगाना के नागरिकों द्वारा स्थापति मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने रानी रुद्रमा देवी और चित्याला ऐलम्मा जैसी महान महिला हस्तियों से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने की तेलंगाना की पुरानी परंपरा पर प्रकाश डाला।

## ईडी की चार्जशीट के बाद नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पर केटीआर ने तेलंगाना के सीएम की आलोचना की

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) ने रविवार 25 मई को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए तेलंगाना के सीएम ए रेवंत रेड्डी की आलोचना की।वरिष्ठ बीआरएस नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा, नीति आयोग की पिछली बैठक का तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने बहिष्कार किया था।

लेकिन कल, उन्होंने न केवल इसमें भाग लिया, बल्कि पीएम के साथ बातचीत भी की।तेलंगाना के पूर्व आईटी मंत्री ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय के आरोपपत्र में नाम आने के बाद सीएम रेवंत ने बैठक में भाग लिया।तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर केटीआर की तीखी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर अपने नवीनतम आरोपपत्र में रेड्डी और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम लिया है।हालांकि दोनों नेताओं को आरोपी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है, लेकिन उनके नाम का उल्लेख होने से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है, विशेष रूप से तेलंगाना में, जहां विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ तीखे हमले शुरू कर दिए हैं।ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को यंग इंडियन लिमिटेड के लिए बड़ी मात्रा में दान जुटाने का निर्देश दिया गया था। यंग इंडियन लिमिटेड नेशनल हेराल्ड जांच का केंद्र है और इसका नियंत्रण सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास है।एजेंसी का दावा है कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान रेवंत रेड्डी ने कई कांग्रेस नेताओं और व्यावसायिक हस्तियों को यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को बड़ी रकम दान करने का निर्देश दिया था, और कभी-कभी अप्रत्यक्ष चेतावनी भी दी थी कि ऐसा न करने पर उनके राजनीतिक या व्यावसायिक हितों को नुकसान हो सकता है।ईडी ने विशिष्ट उदाहरणों का हवाला दिया, जिसमें कांग्रेस नेता अरविंद विश्वनाथ सिंह चौहान का एक बयान भी शामिल है, जिन्होंने दावा किया था कि उन्होंने कथित तौर पर रेवंत रेड्डी के दबाव में यंग इंडियन को बैंक हस्तांतरण के माध्यम से 30 लाख रुपये और नकद में 20 लाख रुपये दान दिए थे।एजेंसी ने आगे कहा कि 2018-19 और 2019-20 के बीच, यंग इंडियन को क्रमशः 6.90 करोड़ रुपये और 5.05 करोड़ रुपये का दान मिला, इन निधियों के कुछ हिस्सों का इस्तेमाल कथित तौर पर आयकर अपील के लिए कानूनी फीस का भुगतान करने के लिए किया गया।एक दर्जन से अधिक संस्थाओं पर यह भी आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर रेवंत रेड्डी सहित कांग्रेस नेताओं के इशारे पर विज्ञापनों के लिए एजेएल को 6.8 करोड़ रुपये का भुगतान किया। कर्नाटक में डी.के. शिवकुमार ने नेशनल हेराल्ड को 25 लाख रुपये का दान देने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि यह योगदान खुले तौर पर दिया गया था तथा उन्होंने और उनके भाई ने भी अपने ट्रस्ट के माध्यम से दान दिया था।

ईडी के आरोपपत्र में कर्नाटक और पंजाब के कांग्रेस नेताओं से संबंधित समान दान पैटर्न का उल्लेख है।

# लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से बाहर किया



**पटना, 25 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है।

श्री यादव ने एक महिला के साथ श्री तेजप्रताप यादव का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर पोस्ट करके अपने बड़े पुत्र को पार्टी और परिवार से निष्कासित किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

राजद प्रमुख ने आगे लिखा,अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।

गौरतलब है कि श्री तेजप्रताप यादव के फेसबुक अकाउंट से एक लड़की के साथ तस्वीर शनिवार को पोस्ट करते हुए लिखा गया था, 'मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते है और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहें हैं। मैं बहुत दिनों से आपलोगों से यह बात कहना चाहता था पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं.... इसलिए आज इस पोस्ट के माध्यम से अपने दिल की बात आप सब के बीच रख रहा हूं। आशा करता हूं आपलोग मेरी बातों को समझेंगे।

कुछ देर बाद इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। पोस्ट के करीब पांच घंटे बाद श्री तेजप्रताप ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट कर जानकारी दी कि उनका अकाउंट हैक कर लिए गया है और ये फर्जी पोस्ट है और फोटो एडिट किया गया है। हालांकि, उनके इस दावे के बाद छह फोटो और दो वीडियो वायरल हो गए। इसमें उनकी शादी से लेकर करवा चौथ मनाने तक के दावे किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि श्री तेजप्रताप यादव शादीशुदा हैं। उनकी शादी मई 2018 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा राय की पौत्री और पूर्व मंत्री चंद्रिका राय की पुत्री ऐश्वर्या राय से हुई है। उनके तलाक का मामला अदालत में चल रहा है।

# बंदलागुडा में तेज रफ्तार बस ने दुकान को टक्कर मारी, दुकान मालिक की मौत



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद के बंदलागुडा में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ , जब एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर एक दुकान से जा टकराई , जिससे दुकान मालिक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा बंदलागुडा पुलिस स्टेशन के सामने हुआ , जिससे इलाके में दहशत फैल गई।मृतक की पहचान दुकान के मालिक हसन के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब बस दुकान से टकराई तो वह दुकान के अंदर था। उसे गंभीर चोटें आईं और चिकित्सा सहायता पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि दुर्घटना के समय बस चालक शराब के नशे में था । लापरवाही से गाड़ी चलाने और नशे में धुत होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा और इलाके में यातायात कानूनों के प्रवर्तन को लेकर गंभीर चिंताएँ पैदा हो गई हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण दुकान विधायक जाफर हुसैन मेराज के आवास के बगल में स्थित थी । स्थानीय लोगों ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि इस तरह की भयावह घटना इतने हाई-प्रोफाइल क्षेत्र में हुई और वे ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बेहतर सड़क सुरक्षा प्रवर्तन की मांग कर रहे हैं।

बंदलागुडा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के सही कारण और क्रम का पता लगाने के लिए आस-पास के स्थानों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा औपचारिकताएं पूरी करने तथा कानूनी कार्रवाई शुरू करने तक आगे की जानकारी का इंतजार है ।

## हैदराबाद मेट्रो फेज-2 पार्ट-बी का अनावरण: तेलंगाना ने मेडचल, शमीरपेट और फ्यूचर सिटी कॉरिडोर के लिए डीपीआर प्रस्तुत की



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद मेट्रो विस्तार के दूसरे चरण के भाग-बी के तहत प्रस्तावित नॉर्थ सिटी और फ्यूचर सिटी मेट्रो कॉरिडोर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तेलंगाना राज्य सरकार को सौंप दी गई है। हैदराबाद एयरपोर्ट मेट्रो रेल लिमिटेड (एचएएमएल) ने छह महीने के व्यापक क्षेत्र अध्ययन के बाद रिपोर्ट तैयार की है।भाग-बी के अंतर्गत प्रस्तावित गलियारे निम्नलिखित हैं: जेबीएस मेट्रो स्टेशन से मेडचल - 24.5 किमी (पूरी तरह से एलिवेटेड), जेबीएस मेट्रो स्टेशन से शमीरपेट - 22 किमी (20.35 किमी एलिवेटेड, 1.65 किमी अंडरग्राउंड) और शमशाबाद एयरपोर्ट से फ्यूचर सिटी (स्किल यूनिवर्सिटी) - 39.6 किमी (1.5 किमी भूमिगत, 21 किमी एलिवेटेड, 17 किमी एट-ग्रेड)।तीनों गलियारों की संयुक्त लंबाई 86.1 किमी है और इसकी अनुमानित परियोजना लागत 19,579 करोड़ रुपये है , यानी औसतन 227.39 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर ।

# हरीश राव ने गोदावरी का पानी आंध्र प्रदेश की ओर मोड़ने की साजिश का आरोप लगाया



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने रविवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को बनकाचरला परियोजना के माध्यम से गोदावरी नदी के 200 टीएमसी पानी को आंध्र प्रदेश में मोड़ने की खतरनाक साजिश रचने में मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर योजना को बिना रोक-टोक आगे बढ़ाया गया तो तेलंगाना को भारी नुकसान होगा।

उन्होंने मांग की कि रेवंत रेड्डी सरकार तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाए, बनकाचार्ला परियोजना के खिलाफ सर्वसम्मति से विधानसभा में प्रस्ताव पारित करे और मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाए। बीआरएस केंद्र के दोहरे रवैये को उजागर करने के लिए दिल्ली में सीडब्ल्यूसी कार्यालय पर धरना देगी। उन्होंने चेतावनी दी, हम दान नहीं मांग रहे हैं, बल्कि न्याय की मांग कर रहे हैं। अगर कार्रवाई नहीं की गई तो हम दिल्ली और लोगों के बीच लड़ाई लड़ेंगे।तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए हरीश राव ने कहा कि आंध्र प्रदेश केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) या शीर्ष परिषद जैसी केंद्रीय एजेंसियों से एक भी अनुमति लिए बिना बनकाचरला परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है, जो स्थापित नियमों और आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि नायडू आवश्यक अनुमति के बिना बनकाचरला परियोजना का निर्माण करने के लिए केंद्र में अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और तेलंगाना में कांग्रेस सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।उन्होंने रेवंत रेड्डी की इस बात के लिए आलोचना की कि वे चुप रहे, जबकि उन्होंने पहले दावा किया था कि वे तेलंगाना की सिंचाई जरूरतों के प्रति केंद्र की उदासीनता के कारण नीति आयोग की बैठकों का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा, इसके बजाय, वे शनिवार को बैठक में चुपचाप बैठे रहे, जबकि यहां पानी की बड़ी चोरी हो रही है।

पूर्व सिंचाई मंत्री ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और बंदी संजय की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया और पूछा कि उन्होंने प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठकों में तेलंगाना की चिंताओं को क्यों नहीं उठाया। उन्होंने पूछा, क्या यह आपकी जिम्मेदारी नहीं है कि आप एक अवैध परियोजना को रोकें जो राज्य के जल अधिकारों को खतरे में डालती है?

वरिष्ठ बीआरएस विधायक ने बताया कि नायडू, जो अब भाजपा के साथ गठबंधन कर रहे हैं, ने पहले बीआरएस शासन के दौरान कालेश्वरम और 20 अन्य परियोजनाओं को बाधित करने के लिए पत्र लिखा था, जिसमें केंद्र से झूठे आरोपों के साथ पलामुरु-रंगारेड्डी, डिंडी और भक्त रामदासु जैसी तेलंगाना परियोजनाओं को रद्द करने के लिए कहा गया था। जबकि तत्कालीन के चंद्रशेखर राव सरकार ने उनके आरोपों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया और साबित किया कि वे नई परियोजनाएं नहीं थीं, नायडू अब बनकाचार्ला परियोजना को आगे बढ़ा रहे हैं और साथ ही आंध्र प्रदेश में नई परियोजनाओं के लिए बिना किसी मंजूरी के धन प्राप्त कर रहे हैं।

# मिस वर्ल्ड 2025: चार महाद्वीपों की शीर्ष मॉडल विजेता हैदराबाद में चमकेंगी



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

प्रतिष्ठित 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल में शानदार ट्राइडेंट हैदराबाद में एक शानदार टॉप मॉडल प्रतियोगिता हुई , जहां चार महाद्वीपीय विजेताओं को ताज पहनाया गया और मिस वर्ल्ड 2025 ग्रैंड फिनाले में क्वार्टर फाइनलिस्ट के रूप में उनकी जगह सुनिश्चित की गई।टॉप मॉडल कार्यक्रम , जिसे मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के सबसे प्रतीक्षित फास्ट-ट्रैक खंडों में से एक माना जाता है, में 108 वैश्विक प्रतिनिधियों ने भाग लिया , जिनमें से प्रत्येक ने शैली, सुंदरता और कहानी कहने के माध्यम से अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।इस शाम की मेज़बानी प्यूर्टो रिको की मिस वर्ल्ड 2016 स्टेफ़नी डेल वैले ने की और इसमें अंतरराष्ट्रीय फैशन और सांस्कृतिक गौरव का संगम देखने को मिला। प्रतिनिधियों ने ऐसे डिज़ाइनर कपड़े पहने जो आधुनिक रुझानों को दर्शाते थे और साथ ही अपनी विरासत का सम्मान करते थे, जिससे परंपरा और नवीनता का एक अनूठा मिश्रण तैयार हुआ।इस शानदार रनवे प्रतियोगिता के अंत में, प्रत्येक महाद्वीपीय क्षेत्र से चार असाधारण प्रतिनिधियों को शीर्ष मॉडल विजेता घोषित किया गया। ये विजेता अब 31 मई को हैदराबाद के हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाले मिस वर्ल्ड 2025 ग्रैंड फिनाले के लिए आधिकारिक क्वार्टर फाइनलिस्ट के रूप में आगे बढ़ेंगे । मिस वर्ल्ड 2025 की शीर्ष मॉडल विजेता- यूरोप : जैस्मीन गेरहार्ट - आयरलैंड। अफ्रीका : सेल्मा कामन्या - नामीबिया। एशिया और ओशिनिया : नंदिनी गुप्ता - भारत और अमेरिका और कैरेबियन : ऑरेली जोआचिम - मार्टीनिक शामिल हैं।भारत की नंदिनी गुप्ता , जिन्होंने पहले फेमिना मिस इंडिया जीता था, वैश्विक मंच पर चमकीं, जब उन्हें एशिया और ओशिनिया के लिए शीर्ष मॉडल विजेता का ताज पहनाया गया । उनकी जीत ने उन्हें आगामी मिस वर्ल्ड 2025 के फाइनल में एक प्रतिष्ठित स्थान की गारंटी दी है, जिससे देश भर के प्रशंसकों में गर्व और उत्साह है।

31 मई को होने वाले मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं और अब सबका ध्यान हैदराबाद पर है, जो सौंदर्य, बुद्धिमत्ता और उद्देश्य के इस अंतरराष्ट्रीय उत्सव के लिए प्रमुख कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है।

# कांग्रेस सरकार ने मिस इंग्लैंड विवाद को कमतर आँका

## पीड़िता पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाने की कोशिश

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के गलत कारणों से सुर्खियों में आने के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मिली नकारात्मक प्रसिद्धि से आहत कांग्रेस सरकार ने रविवार को मिस इंग्लैंड मिला मैगी पर निशाना साधना शुरू कर दिया। सरकार ने उन पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया और यहां तक कहा कि हो सकता है कि कुछ बयान पैसे का लालच देकर दिए गए हों।16 मई को प्रतियोगिता से बाहर होने वाली मिल्ला मैगी ने ब्रिटिश टैब्लॉयड द सन को दिए एक साक्षात्कार में आरोप लगाया था कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम के वित्तीय प्रायोजन के लिए आभार जताने के लिए उन्हें कुछ पुरुषों के साथ घुलने-मिलने के लिए कहा गया था। उन्होंने यहां तक कहा था कि उन्हें वेश्या जैसा महसूस कराया गया।

इस प्रकरण के वैश्विक मंच पर तेलंगाना के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी बनने के बाद, राज्य सरकार, जिसने गंभीर आरोपों के बावजूद अभी तक कोई जांच समिति गठित नहीं की है, ने क्षति नियंत्रण के लिए विशेष मुख्य सचिव (पर्यटन) जयेश रंजन को नियुक्त किया। रंजन ने मैगी के आरोपों की निंदा करते हुए उन्हें निराधार बताया और दावा किया कि उन्होंने व्यक्तिगत जांच की थी और उनके आरोपों में कोई आधार नहीं पाया।

रंजन ने भी यही कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विस्तृत जांच की है और उनके आरोपों में कोई आधार नहीं पाया है।

सरकार ने एक डिनर का वीडियो भी जारी किया, जिसमें कहा गया कि यह एकमात्र डिनर था जिसमें मैगी ने भाग लिया था, और वीडियो में उनके आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है, मैगी को एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और उनके परिवार के साथ देखा गया है। एक स्थानीय समाचार चैनल से बात करते हुए, रंजन ने कहा कि मैगी ने चौमोहल्ला पैलेस में केवल एक डिनर कार्यक्रम में भाग लिया था और व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इंग्लैंड चली गई थी।

सरकार ने रंजन को 'द सन' पर निशाना साधने के लिए भी कहा, जिसमें कहा गया कि जिस टैबलॉयड से उन्होंने बात की, उसका इतिहास अच्छा है और वह आम तौर पर सनसनीखेज बातें नहीं फैलाता। हालांकि, उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा पैसे की पेशकश और दूसरों से इस तरह के बयान दिलवाने के कई उदाहरण हैं, उन्होंने दोहराया कि मिस इंग्लैंड के आरोपों में एक प्रतिशत भी सच्चाई नहीं है।

उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारियों ने ब्रिटेन के विभिन्न क्षेत्रों से आए अन्य प्रतियोगियों से भी बात की। रंजन ने टेलीविज़न पर दिए साक्षात्कार में कहा, मैंने स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के प्रतियोगियों से बात की और उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।

विशेष मुख्य सचिव ने कहा कि कुछ कार्यक्रम बचे हैं और 31 मई को ग्रैंड फिनाले होना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद वह विवाद से जुड़े सभी तथ्य साझा करेंगे। रंजन ने कहा, फिलहाल मैं अनावश्यक मुद्दों में अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता और विचलित नहीं होना चाहता।

ऐसी खबरें हैं कि कुछ वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारी कुछ प्रतियोगियों से बात कर रही हैं। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, और राज्य सरकार ने वैश्विक मंच पर तेलंगाना की छवि खराब करने वाले आरोपों के बावजूद अभी तक उचित आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# पारिवारिक अदालतें सुप्रीम कोर्ट का भी आदेश नहीं मान रहीं

**प्रयागराज, 25 मई (एजेंसियां)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तारीख पर तारीख में उलझी भरण-पोषण की कानूनी लड़ाई पर चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालतों की सुस्ती सुप्रीम आदेशों की अवहेलना है। अगर संविधान की शपथ लेकर बैठे न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानेंगे तो न्याय व्यवस्था कैसे बचेगी? इससे पीड़ित महिलाओं का गरिमामयी जीवन प्रभावित हो रहा है।इस तल्ख टिप्पणी संग न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने औरैया के याची पति की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। साथ ही मुख्य न्यायाधीश से पारिवारिक अदालतों की लेटलतीफी का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने कहा, यह समझ से परे है कि प्रशिक्षित न्यायिक अधिकारी सुप्रीम कोर्ट जैसे संवैधानिक न्यायालय के आदेशों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं।

न्यायिक निर्देश कोई सलाह नहीं, बल्कि बाध्यकारी आदेश होते हैं।इससे पहले कोर्ट ने प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों में लंबित मुकदमों की जानकारी तलब की थी। कोर्ट ने पाया कि प्रयागराज, आगरा और महराजगंज जैसे जिलों में 1,500 से 2,000 तक मुकदमे एक-एक जज के पास लंबित हैं। 23 मई 2024 तक 74 में से केवल 48 अदालतों ने अनुपालन रिपोर्ट सौंपी, जिसमें से कई ने सिर्फ औपचारिक हलफनामे पेश किए। सुनवाई को बार-बार टालना प्रक्रियात्मक कुप्रबंधन ही नहीं, बल्कि न्याय देने से इन्कार करने के बराबर है।

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से रजनीश बनाम नेहा के फैसलों का जिक्र कर कहा कि भरण-पोषण के मामले में पति-पत्नी की आय, संपत्ति और दायित्व का हलफनामा लेकर ही गुजारा-भत्ता तय किया जाना चाहिए।

लेकिन, प्रदेश की अदालतें न इस प्रक्रिया का पालन कर रही हैं और न ही जिम्मेदारी निभा रही हैं।

# सीताक्का ने पुष्करम दौरे के दौरान सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता की



**जयशंकर भूपालपल्ली, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री डी अनसूया सीताक्का ने रविवार को चल रहे सरस्वती पुष्करम में भाग लेने के दौरान मानवता का एक उल्लेखनीय कार्य किया।

भूपालपल्ली जिले के रेगोंडा मंडल के चेन्नापुरम गांव से गुजरते समय मंत्री ने एक सड़क दुर्घटना देखी और तुरंत अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपने कर्मचारियों को सतर्क किया और सुनिश्चित किया कि बच्चों सहित घायलों को एम्बुलेंस में अस्पताल पहुंचाया जाए।

मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से पीड़ितों को सांत्वना दी, उन्हें सांत्वना दी और उनसे दर्दनाक घटना का सामना करने के लिए मजबूत बने रहने का आग्रह किया। उनके करुणामयी इशारे की स्थानीय लोगों ने गहराई से सराहना की, जिन्होंने सार्वजनिक सेवा की भावना का उदाहरण पेश करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## टीजी ईसीईटी 2025 के नतीजे घोषित:

# 93.87% छात्र उत्तीर्ण, लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना इंजीनियरिंग कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2025 के नतीजे रविवार को घोषित किए गए, जिसमें 93.87% उत्तीर्णता प्रतिशत दर्ज किया गया । नतीजों की घोषणा टीजीसीएचई के अध्यक्ष प्रोफेसर वी. बालकिशन रेड्डी और उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एम. कुमार ने की , जो टीजी ईसीईटी के अध्यक्ष भी हैं।पंजीकृत 19,672 छात्रों में से 18,928 प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए और 17,768 छात्र उत्तीर्ण हुए । इस वर्ष लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया, उत्तीर्णता प्रतिशत 95.81% (7,093 लड़कियाँ) रहा, जबकि लड़कों का 92.71% (11,835) उत्तीर्ण हुआ।हालांकि शीर्ष रैंक पाने वाले कुछ छात्र आंध्र प्रदेश से हैं , लेकिन प्रोफेसर रेड्डी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा नीतियों के अनुसार, आंध्र प्रदेश के छात्र तेलंगाना के कॉलेजों में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे।टीजी ईसीईटी 2025 प्रवेश काउंसलिंग 15 जून से शुरू होने की उम्मीद है । योग्य उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे काउंसलिंग शेड्यूल, दस्तावेज़ सत्यापन और सीट आवंटन के बारे में अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट - https://ecet.tgche.ac.in - नियमित रूप से देखते रहें।

# राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने सरस्वती पुष्करालु में भाग लिया



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने अपनी पत्नी सुधा देव वर्मा के साथ रविवार को कालेश्वरम में पवित्र त्रिवेणी संगमम में सरस्वती पुष्करलु के पवित्र अनुष्ठान में भाग लिया।सदियों पुरानी परंपरा को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल और उनकी पत्नी ने दिव्य संगम और उसकी आध्यात्मिकता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए अनुष्ठानिक स्नान किया। अनुष्ठानिक विसर्जन के बाद, उन्होंने प्राचीन श्री कालेश्वर मुक्तेश्वर स्वामी मंदिर में प्रार्थना की और तेलंगाना के लोगों की भलाई और समृद्धि के लिए ईश्वरीय कृपा की प्रार्थना की। विद्वान मंदिर पुजारियों के मार्गदर्शन में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार समारोह आयोजित किए गए।इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने के शाश्वत महत्व पर जोर दिया तथा पुष्करालु में भाग लेने वाले सभी तीर्थयात्रियों को अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया।

# कोविड-19 को स्थानिक महामारी घोषित किया गया

## *वायरस अब मौसमी फ्लू की तरह है : विशेषज्ञ*

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि कोविड-19 न केवल तेलंगाना में बल्कि पूरे देश में स्थानिक बन गया है। अपनी स्थानिकता के परिणामस्वरूप, वायरस विभिन्न रूपों में प्रसारित होता रहता है और जब भी आदर्श परिस्थितियाँ सामने आती हैं, संक्रमण का कारण बनता है। हालाँकि, इसका प्रभाव अब आम तौर पर प्रबंधनीय हो गया है, मौसमी बीमारियों जैसे कि फ्लू के समान, यहाँ के सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है।गांधी अस्पताल में क्रिटिकल केयर की प्रमुख डॉ. किरण मधाला कहती हैं, कोविड-19 प्रभावी रूप से एक स्थानिक चरण में परिवर्तित हो गया है, जैसा कि विभिन्न देशों में वेरिएंट के विकसित पैटर्न में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। जेएन.1वेरिएंट के



उभरने तक, वेरिएंट के प्रचलन में एक अपेक्षाकृत समान वैश्विक पैटर्न था। हालाँकि, जेएन.1 के बाद, यह प्रवृत्ति बदल गई है, और अब प्रत्येक देश अपने अलग-अलग विकासवादी प्रक्षेपवक्र प्रदर्शित कर रहा है।डॉ. किरण ने बताया कि यह विचलन पहले देखी गई वैश्विक एकरूपता से स्पष्ट रूप से अलग है, जो दर्शाता है कि कोविड-19 वेरिएंट का विकास भौगोलिक रूप से स्थानीयकृत हो गया है, जो एक स्थानिक संक्रमण की पहचान है।स्थानिक बीमारियाँ ऐसी होती हैं जो हर साल विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों में लगातार बढ़ती हैं, लेकिन उन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। हमें यह समझना चाहिए कि कोविड-19 अब एक मौसमी बीमारी है। पिछली कोविड लहरों के विपरीत, नए वेरिएंट हल्के सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण पैदा करते हैं, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होने की भी ज़रूरत नहीं होती। खाँसी शिष्टाचार जैसी बुनियादी सावधानियाँ ही पर्याप्त हैं, तेलंगाना के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रविंदर नायक सलाह देते हैं।वर्ष 2022-23 से ही वरिष्ठ वैज्ञानिक, शोधकर्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि कोविड-19 महामारी से स्थानिक बीमारी में तब्दील हो रहा है। वास्तव में, सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (सीसीएमबी) के पूर्व निदेशक और प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. सीएच मोहन राव ने वर्ष 2023 में ही स्पष्ट कर दिया था कि कोविड स्थानिक बीमारी की स्थिति में पहुंच चुका है।उन्होंने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि कोविड-19 स्थानिक अवस्था में पहुंच चुका है और यही कारण है कि जब भी कोई नया वैरिएंट सामने आता है, तो हम संक्रमण में छिटपुट वृद्धि का अनुभव कर रहे हैं। आबादी का एक हिस्सा हमेशा इससे संक्रमित होगा। यह बीमारी सर्दी, खांसी, बुखार आदि के रूप में हल्की असुविधा पैदा करेगी और यह हमारे जीवन का हिस्सा बन जाएगी।विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बहुत कम है और यह स्पष्ट रूप से मौसमी बीमारी की तरह व्यवहार कर रहा है।

# तेलंगाना में समय से पहले मानसून का स्वागत



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून तेलंगाना के दरवाज़े पर दस्तक दे रहा है, यह 01 जून को अपने सामान्य आगमन से पूरे आठ दिन पहले 24 मई को केरल पहुँच गया है। समय से पहले आगमन के कारण, आईएमडी-नई दिल्ली ने रविवार दोपहर को कहा कि मॉनसून पहले ही कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में पहुँच चुका है।वहीं, आईएमडी-हैदराबाद ने रविवार दोपहर को तेलंगाना के कई जिलों में अगले पांच दिनों यानी 30 मई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।इसमें पश्चिम-मध्य और पूर्व-मध्य अरब सागर, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, पूरे गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, पश्चिम-मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और मिजोरम के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने का भी उल्लेख किया गया है।अगले तीन दिनों में मध्य अरब सागर के कुछ भागों, महाराष्ट्र के कुछ भागों (मुंबई सहित), कर्नाटक (बेंगलुरू सहित), आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और अन्य राज्यों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। आईएमडी-हैदराबाद की प्रमुख डॉ. के नागरत्ना कहती हैं, केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगमन के साथ ही तेलंगाना में मौसम तेजी से बदल रहा है। गर्मियों के दौरान हाल तक जो तूफान काफी तीव्र थे, उनमें कमी आएगी।

आईएमडी-हैदराबाद का सामान्य पूर्वानुमान है कि राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी तथा अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 5 और 7 डिग्री सेल्सियस नीचे रहने की संभावना है।हैदराबाद के स्वतंत्र मौसम पूर्वानुमानकर्ता टी बालाजी ने प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 48 घंटों के भीतर तेलंगाना में प्रवेश कर जाएगा। उन्होंने कहा, हम 21 मई से ही बहुत बारिश देख रहे हैं।

# वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ हैदराबाद में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में विरोध प्रदर्शनों की एक बड़ी लहर चल पड़ी, सैकड़ों लोगों ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का विरोध करने के लिए विभिन्न प्रमुख स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाई। डरींशथरषिं के बैनर



तले आयोजित प्रदर्शनों में समुदाय के नेताओं, कार्यकर्ताओं और चिंतित नागरिकों की भागीदारी देखी गई।राजेंद्र नगर में पिलर नंबर 212 पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और वक्फ बचाओ, दस्तूर बचाओ और हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लगाए । ऐतिहासिक चारमीनार पर एक शक्तिशाली मानव श्रृंखला भी बनाई गई , जिसने पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया।प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि संशोधन विधेयक वक्फ संपत्तियों की पवित्रता और स्वायत्तता को खतरा पहुंचाता है, जो सामुदायिक कल्याण के लिए हैं।एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ओवैसी अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और बिल के खिलाफ विपक्ष को अपनी आवाज दी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बिल को असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण बताया और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने का आग्रह किया।विरोध प्रदर्शनों को स्थानीय प्रतिनिधियों से राजनीतिक समर्थन मिला, जिसमें मेहदीपट्टनम और नामपल्ली के विधायकों ने प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने प्रस्तावित संशोधनों की आलोचना करते हुए दावा किया कि वे अल्पसंख्यक अधिकारों और वक्फ स्वायत्तता का उल्लंघन करते हैं।प्रदर्शनकारी संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और वक्फ संस्थाओं की पवित्रता को बनाए रखने के साझा उद्देश्य के तहत एकजुट हुए। संदेश स्पष्ट था - वक्फ सुरक्षा को कम करने के किसी भी कदम का लोकतांत्रिक प्रतिरोध किया जाएगा।

आयोजकों ने संकेत दिया है कि अगर विधेयक वापस नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में और अधिक विरोध प्रदर्शन होंगे । मांग अभी भी कायम है: वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिया जाए।






## ऑनलाइन नौकरी घोटाले में महिला को 8 लाख से अधिक का नुकसान, 4 गिरफ्तार

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फर्जी वर्क-फ्रॉम-होम योजना के जरिए एक महिला से 8,75,148 रुपये की ठगी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों की पहचान मनोज दिवाकर, नागरी विजय, सनपति किशोर बाबू (सभी हैदराबाद के निवासी) और रंगा रेड्डी के थिरुनागरी संतोष कुमार के रूप में हुई है। कथित तौर पर उन्होंने पीड़ित के पैसे को लूटने के लिए कई बैंक खाते और भुगतान प्रणाली संचालित करके घोटाले को बढ़ावा दिया।पुलिस के अनुसार, पीड़िता से 2 जनवरी को टेलीग्राम के ज़रिए किसी व्यक्ति ने संपर्क किया जो खुद को एकोर एडवांटेज प्लस मार्केटिंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड का एचआर एग्जीक्यूटिव बताकर एक फ़र्ज़ी वेबसाइट का इस्तेमाल कर रहा था। शुरुआत में उसे ऑनलाइन होटल बुकिंग से जुड़े ट्रायल टास्क दिए गए और 17,000 से 18,000 रुपये प्रतिदिन की आय का वादा किया गया।

पीड़िता को छोटी रकम निवेश करने के लिए राजी किया गया और मामूली रिटर्न मिला, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद, उसे गोल्ड सूट बुकिंग और एनिवर्सरी ऑफर जैसे उच्च-मूल्य वाले कार्यों के कारण माइनस बैलेंस के बहाने बड़ी रकम जमा करने के लिए प्रेरित किया गया।अंततः, उन्होंने 15.82 लाख रुपये की कथित कमाई का दावा करने के लिए 7.91 लाख रुपये सुरक्षा जमा के रूप में हस्तांतरित कर दिए, जो कभी प्राप्त नहीं हुआ।शिकायत के आधार पर हैदराबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 4 मोबाइल फोन, 8 डेबिट कार्ड, 7 बैंक पासबुक और चेक बुक, 1 टैब और 1 स्वाइपिंग मशीन जब्त की।

## आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार, 26 मई के लिए तेलंगाना के आठ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। ताज़ा बुलेटिन के अनुसार, राज्य के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं।मौसम विभाग के अनुसार, आदिलाबाद, निर्मल, निजामाबाद, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, कामारेड्डी और महबूबनगर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। इसके अलावा, पूरे राज्य में अलग-अलग जगहों पर तेज और झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी दी गई है।प्रशासन ने संबंधित जिलों में सतर्कता बरतने और स्थानीय निवासियों को सावधानी अपनाने की सलाह दी है।

## सड़क हादसे में कांस्टेबल की मौत, तीन घायल

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के शमशाबाद में हैदराबाद-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक तेज रफ्तार लॉरी ने पुलिस के गश्ती वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये।घायलों में से एक की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब पुलिस टीम नियमित वाहन जांच कर रही थी। घायल कांस्टेबलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।


**शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं**

शुभ लाभ — R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ........................................
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .................... Drawn ....................
Name of the Executive........................................
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक **शुभ लाभ** वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए **8688868345** पर संपर्क करें। - प्रबंधक

**सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...**

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.